e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 353
गुरुवार
28.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
समय राजा से रंक बना सकता है या रंक से राजा बना सकता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### एक जनवरी से राजस्थान में 450 रुपये में मिलेगा घरेलू गैस सिलेंडर

**जयपुर :** राजस्थान में एक जनवरी से 450 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर मिलेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को टोंक जिले में यह घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार संकल्प पत्र में किए वादों को पूरा करेगी। बता दें कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा एक संकल्प पत्र लेकर आई थी, जिसमें 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था। इस वादे को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का एलान किया है।

### मुंबई में आरबीआई समेत 11 स्थलों को बम से उड़ाने की धमकी मामले में 3 आरोपित गिरफ्तार

**वडोदरा :** मुंबई में आरबीआई समेत 11 स्थलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले के 3 आरोपितों को वडोदरा से गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को इन्हें मुंबई क्राइम ब्रांच और महाराष्ट्र एटीएस ने गुजरात पुलिस के सहयोग से पकड़ा गया है।जानकारी के अनुसार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को मंगलवार को धमकी भरा ई-मेल मिला था। इसमें आरबीआई, एचडीएफसी समेत 11 स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। साथ ही आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से इस्तीफा देने की मांग की गई थी।इसके बाद मुंबई क्राइम ब्रांच, महाराष्ट्र एटीएस और गुजरात एटीएस ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस को वडोदरा के पादरा से एक संदिग्ध युवक की जानकारी मिली, बाद में पाणी गेट क्षेत्र से भी दो लोगों को पकड़ा गया।शुरुआती जानकारी के अनुसार मुंबई क्राइम ब्रांच खिलाफत इंडिया मूवमेंट के साथ जुड़े होने की आशंका में आदिल, अर्सील और वसीम नामक व्यक्ति को पकड़ा है। पूछताछ के लिए इन्हें मुंबई ले जाया गया है।

### ड्यूटीके दौरान हार्ट-अटैक से सब इंस्पेक्टर की मौत

**नवादा :** नवादा जिले के सिरदला थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर की बुधवार की शाम को ड्यूटी के दौरान ही अचानक मौत हो गई। सब इंस्पेक्टर की मौत की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में शोक है। सब इंस्पेक्टर प्रभु नारायण दास पिता स्व.भोला दास भागलपुर जिले के पिरपैती थाना क्षेत्र के मेल गांव के निवासी थे। सब इंस्पेक्टर की मौत की सूचना पर नवादा पुलिस कप्तान अंब्रिश राहुल ने दुख वक्त किया है। थानाध्यक्ष संजीत राम से घटना की जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार स्वर्गीय दास का काफी दिनों तक बीमार रहने के बाद इलाज करवा कर सिरदला थाने में ड्यूटी कर रहे थे । जो अचानक दोपहर को तबियत गड़बड़ाने के कारण सिरदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए गए थे। डॉक्टर ने नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया था, जहां हृदय गति रुकने के कारण मौत हो गई। स्व. स्व दास काफी मिलन सार वक्ती थे । वहीं सब इंस्पेक्टर की मौत के बाद पुलिस विभाग में सन्ना पसरा है ।

### भारतीय ओलंपिक संघ ने तीन सदस्यीय एडहॉक कमेटी का किया गठन

**नई दिल्ली :** भारतीय ओलंपिक संघ ने बुधवार को बड़ा फैसला लिया.आईओए ने तीन सदस्यीय एडहॉक कमेटी का गठन किया है. कमेटी का चेयरमैन भूपिंदर सिंह बाजवा को बनाया गया है. इसके अलावा सदस्य एमएम सौम्या और मंजुशा कुंवर होंगे. ये निर्णय ओलंपिक संघ संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित करने के तीन दिन बाद लिया गया है. दरअसल, केंद्रीय खेल मंत्रालय ने रविवार को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था. इसके पीछे मंत्रालय ने कहा था कि नवनिर्वाचित संस्था ने प्रक्रिया का पालन नहीं किया और पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की जल्दबाजी में घोषणा कर दी.

### केंद्रीय कैबिनेट : दीघा-सोनपुर 6 लेन पुल को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को बैठक हुई. बैठक में कई अहम फैसले लिए गए.बिहार के पटना के दीघा से सोनपुर के बीच गंगा नदी पर 6 लेन पुल के निर्माण को मंजूरी दी गयी है. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस बात की जानकारी दी.उन्होंने कहा कि गंगा पर 4.5 किलोमीटर लंबा पुल बनेगा.दीघा, पटना और गंगा नदी के दक्षिणी तट और सोनपुर सारण जिले में गंगा नदी के उत्तरी तट पर स्थित है. वर्तमान में ये केवल हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए रेल सह सड़क पुल से जुड़े हुए हैं.ऐसे में वर्तमान सड़क का उपयोग माल और वस्तुओं के परिवहन के लिए नहीं किया जा सकता है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

**लातेहार : मुख्यमंत्री ने 345 करोड़ रुपए की 130 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया**

# नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज का रद्द हुआ अधिसूचना : हेमंत

*** 215 करोड़ रुपए की परिसंपत्ति का वितरण हुआ, 900 एकड़ वन भूमि पट्टा का हुआ वितरण**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान को पूरा देश देख रहा है। इस अभियान का अनुसरण देश के अन्य राज्य कर रहें हैं। मैंने पूर्व में ही कहा था, जब यहां आदिवासी-मूलवासी की सरकार बनेगी तो यह सरकार गांव के लोगों के साथ संचालित होगी। यही वजह है कि आज गांव-गांव पदाधिकारी शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सुन रहें हैं और उसका समाधान भी कर रहें हैं। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री लातेहार जिला के लातेहार प्रखंड स्थित कुंदरी गांव में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा अब हर वर्ष आपके द्वार पर शिविर लगाकर आपकी समस्याओं का समाधान होगा।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, विधायक लातेहार बैजनाथ राम, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पुलिस उप महानिरीक्षक, पलामू प्रमंडल, उपायुक्त लातेहार, पुलिस अधीक्षक लातेहार, जिला के पदाधिकारीगण, ग्रामीण, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं शिविर में आए हजारों लाभुक उपस्थित थे।

### भूमि संबंधी त्रुटियों का समाधान होगा, स्थानीय को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि को लेकर त्रुटियां पूरे राज्य में है। इसका समाधान आने वाले दिनों में किया जाएगा। आपकी सरकार ने वर्षों से संघर्ष कर रहें नेतरहाट के लोगों की भूमि को वापस किया है। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की अधिसूचना रद्द की गई। राज्य में कई किसानों की भूमि वापस हुई है। भूमि की त्रुटियों को सुधारना आवश्यक है। विश्वास रखें आने वाले समय में इसका समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लातेहार में कार्य कर रही खनन कंपनियां यहां के स्थानीय युवाओं को भारी वाहन और खनन कार्य में उपयोग किए जाने वाले मशीनों के संचालन करने का प्रशिक्षण देंगी। इसके लिए जिला प्रशासन को खनन कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया है। ताकि यहां के स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके। राज्य सरकार ने राज्य में कार्य करने वाले उद्योग में स्थानीय लोगों के नियोजन हेतु 75 प्रतिशत आरक्षण संबंधी कानून भी बनाया है।



### हर वर्ग के लोगों को मिल रहा योजना का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा आयोजित शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याएं और तकलीफ सीधे मुझ तक आती है। सरकार ने हर वो योजना बनाने का कार्य किया है, जिससे राज्य मजबूत हो सके और यहां के गांव में निवास करने वाले लोग सशक्त हो सकें। हमारी सरकार हर वर्ग के लोगों को योजना का लाभ दे रही है, किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं। एक लम्बी लकीर खींचने का प्रयास किया जा रहा है।

### सरकार कर रही मदद, लाभ लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वरोजगार के लिए सरकार मदद कर रही है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत विभिन्न तरह के छोटे व्यापार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके जरिए युवा अपने पसंद का व्यापार कर सकते हैं। हजारों युवाओं ने इस योजना का लाभ लिया और स्वरोजगार की ओर अग्रसर हुए हैं।

### बेहतर शिक्षा के लिए सरकार कर रही प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास कर रही है। बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर बनें, इसके लिए उन्हें प्रतियोगिता-परीक्षा की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेस को करने के लिए गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके तहत उन्हें 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें कोई गारंटी नहीं देनी होगी। सरकार इसके लिए गारंटर बनेगी। झारखंड के 50 बच्चे विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप सरकार दे रही है।

## राहुल निकालेंगे भारत न्याय यात्रा 14 जनवरी को करेंगे आगाज



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब कांग्रेस भारत न्याय यात्रा निकालने जा रही है। यात्रा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जाएगी। राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से यह यात्रा शुरू करेंगे और 20 मार्च को मुंबई में यात्रा पूरी करेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह जानकारी दी। रमेश ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी को मणिपुर से 6,200 किलोमीटर की 'भारत न्याय यात्रा' शुरू की जाएगी। 14 राज्यों के 85 जिलों से होते हुए 20 मार्च को इस यात्रा का समापन मुंबई में होगा। पूर्व से पश्चिम तक निकाली जाने वाली यह 'भारत न्याय यात्रा' देश के लोगों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए होगी।

यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा कि 21 दिसंबर को कांग्रेस कार्यसमिति ने राय दी थी कि राहुल गांधी को पूर्व से पश्चिम तक यात्रा शुरू करनी चाहिए। राहुल गांधी भी कांग्रेस कार्य समिति की इच्छा पूरी करने के लिए सहमत हो गए हैं। इसलिए अखिल

**यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा कि 21 दिसंबर को कांग्रेस कार्यसमिति ने राय दी थी कि राहुल गांधी को पूर्व से पश्चिम तक यात्रा शुरू करनी चाहिए। राहुल गांधी भी कांग्रेस कार्य समिति की इच्छा पूरी करने के लिए सहमत हो गए हैं।**

भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 14 जनवरी से 20 मार्च तक मणिपुर से मुंबई तक भारत न्याय यात्रा आयोजित करने का निर्णय लिया है। 14 जनवरी को इंफाल से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भारत न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे।वेणुगोपाल ने कहा कि पहले चरण में राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्यों में लगभग 4,500 किलोमीटर की यात्रा की थी। इस बार वह 14 राज्यों को कवर करते हुए 6,200 किलोमीटर की यात्रा करेंगे।वेणुगोपाल ने कहा कि भारत न्याय यात्रा मणिपुर, नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगी।

## घाटशिलाः सड़क दुर्घटना में 3 की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**घाटशिला :** घाटशिला थाना अंतर्गत मनोहर कॉलोनी के समीप फोरलेन पर बुधवार की अहले सुबह एक बजे के लगभग एक खड़े हाइवा को बहरागोड़ा की ओर से आ रहे बालू लदे एक हाइवा ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मारी दी। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि खलासी को काफी चोटें आई है। घटना की सूचना मिलते घाटशिला पुलिस, घाटशिला जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह एवं झामुमो नेता जगदीश भगत घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली एवं अन्य लोगों की मदद से मृतकों एवं एक घायल को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया। मृतक सनोज कर्मकार, राजनगर बटुझोरा तथा घायल विकास कर्मकार राजनगर बटुझोरा का रहने वाला बताया जा रहा है। मृतक पवित्र कर्मकार उर्फ पिंटू घाटशिला थाना क्षेत्र के मनोहर कॉलोनी का रहने वाला था। एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना के संबंध में मनोहर कॉलोनी निवासी मृतक पवित्र कर्मकार के पिता शत्रुघ्न कर्मकार ने बताया कि उसका बेटा रात लगभग 1 बजे टाटा से कान्वाई लेकर आया था। इसके बाद उसके एक दोस्त ने उसे फोन करके बताया कि उसके घर के समीप उसकी एक हाईवा ट्रक खराब हो गई। इतने में वह टार्च लेकर मदद के लिए मुख्य सड़क पहुंचा। कार्य के दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रहा बालू लदा हाइवे बालू लदा खराब हाइवा को पीछे से टक्कर मार दी। इसी दौरान इकलौते पुत्र पवित्र कर्मकार उर्फ पिंटू एवं सनोज की मौत हो गई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा ने 50 दिन से पहले ही बनाया रिकॉर्ड : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की. इस मौके पर पीएम मोदी ने कॉन्फ्रेंस में जुड़े लोगों को संबोधित भी किया. इस कार्यक्रम में न केवल देश भर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी जुड़े. बल्कि केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय प्रतिनिधि भी शामिल हुए थे.बता दें, 15 नवंबर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत के बाद से लगातार पीएम मोदी लाभार्थियों से संवाद कर रहे हैं. यह योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के कार्यक्रम में लाभार्थियों और आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और देशवासियों को जोड़ने



का ये अभियान लगातार विस्तार ले रहा है, दूर-दूर के गांवों तक पहुंच रहा है. युवा हो, महिला हो या गांव के वरिष्ठ नागरिक हों, यह सब आज मोदी की गारंटी की गाड़ी का इंतजार करते हैं और इस गाड़ी के कार्यक्रम का इंतजाम भी करते हैं.पीएम ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अभी 50 दिन भी नहीं हुए हैं. लेकिन ये यात्रा अब तक लाखों गांवों में पहुंच चुकी है. ये अपने आप में एक बड़ा रिकॉर्ड है. उन्होंने आगे कहा जिस तरह से देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाएं आत्मविश्वास से अपनी बातें सामने रखते हैं उन्हें सुनकर मैं खुद विश्वास से भर जाता हूं. आज देश के कोटि-कोटि लाभार्थी सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने के माध्यम बन रहे हैं.

आयुष्मान भारत कार्ड का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी गाड़ी जहां भी जा रही है वहीं लोगों का विश्वास बढ़ रहा है. यात्रा शुरू होने के बाद 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं पहली बार देशव्यापी हेल्थ चेकअप हो रहा है. करीब 1.25 करोड़ लोगों का हेल्थ चेकअप हो चुका है. 70 लाख लोगों को टीबी से जुड़ी जांच पूरी हो चुकी है. जबकि 15 लाख लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच हुई है. पीएम ने कहा आजकल तो आयुष्मान भारत कार्ड के साथ-साथ आभा कार्ड भी तेजी से बनाए जा रहे हैं.

## लीज आवंटन मामला : सीएम के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को खान विभाग में मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा खुद एवं अपने रिश्तेदारों को माइनिंग लीज आवंटन करने से संबंधित आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका पर वर्चुअली फैसला सुनाया। साथ ही हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता सुनील महतो की जनहित याचिका खारिज कर दिया है। इससे पहले सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ को बताया था कि मुख्यमंत्री के माइनिंग लीज से संबंधित शिव शंकर शर्मा की दो जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। याचिकाकर्ता ने इस केस में आरोप लगाया है वह प्रेयर और आरोप शिव शंकर शर्मा के केस




में भी था। सुनील कुमार महतो की याचिका में कुछ नया नहीं है। मुख्यमंत्री और उनके रिश्तेदारों पर एक ही तरह के आरोप लगे हैं, जिसे सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुकी हैं। ऐसे में सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका को खारिज कर दिया जाना चाहिए।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार एवं विशाल कुमार ने कोर्ट में कहा था कि शिव शंकर शर्मा के मामले में केवल सीएम हेमंत सोरेन के माइंस लीज का मामला था लेकिन इस मामले में मुख्यमंत्री के माइनिंग लीज के अलावा उनकी पत्नी और साली को इंडस्ट्रियल एरिया में जमीन देने का भी है। कहा गया था कि सीएम हेमंत सोरेन ने खान विभाग के मंत्री पद पर रहते हुए संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है और स्वयं के लिए अनगड़ा में माइनिंग लीज आवंटित कर लिया है।

### मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर को केंद्र ने किया बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी):** केंद्र सरकार ने बुधवार को मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर-मसरत आलम गुट (एमएलजेके-एमए) पर बैन लगा दिया. सरकार ने ये कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून के तहत की है. संगठन पर आरोप है कि उसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में शामिल थे और आतंकी समूहों का समर्थन कर रहे थे. इस बात की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया के जरिए दी.

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन
आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## एनडीआरएफ को रानीताल डैम में नहीं मिला शव



**चैनपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत भड़गावा पंचायत के रानीताल डैम में 45 वर्षीय धर्मेंद्र कमलापुरी का मौत डैम में नहाने के दौरान सोमवार को हो गई थीं।जिसका शव का तलाश प्रसाशनो द्वारा स्थानीय मछवारो द्वारा कराया गया लेकिन शव मिलने का कोई संभावना प्रशासन को दिखाई नही दी।तो उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर चैनपुर सीओ संजय बाखला ने एनडीआरएफ टीम को फैक्स कर जानकारी दी जिस पर त्वरित करवाई करते हुए एनडीआरएफ की टीम अहले सुबह बुधवार को रानीताल डैम पहुंच गई। जहां एनडीआरएफ टीम ने बोट के सहारे और गोताखोरों ने छलांग लगाकर खोजने का काफी प्रयास किया।घटनास्थल पर सांसद बीडी राम,स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलू चंद्रवंशी ने एनडीआरएफ की टीम से शव खोजबीन का जानकारी लिया और इसी तरह लोगो का दिन भर आना जाना लगा रहा। चैनपुर पुलिस मौके पर पूरी तरह मुस्तैद रही।एनडीआरएफ टीम से जब शव की जानकारी लिया तो उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग सही मार्ग दर्शन नहीं दे पा रहे है।

## प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बंध्याकरण शिविर का किया निरीक्षण

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडलीय अस्पताल में मंगलवार को आयोजित बंध्याकरण शिविर में पहुंचकर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने निरीक्षण किया. उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोकुल प्रसाद से जानकारी लिया .उन्होंने सख्त निर्देश देते हुये कहा कि बंध्याकरण के लिये आये महिलाओं को किसी तरह की परेशानी नही होना चाहिये साथ ही सरकार के द्वारा जो मानक निर्धारित है,उसके अनुरूप उन्हें सभी तरह की सुबिधा मुहैया कराया जाना चाहिये.

## सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय युवक संडु की मौत

**केतार(गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर गांव के समीप मंगलवार की रात्रि में हुई सड़क दुर्घटना में ताली गांव निवासी 35 वर्षीय संडु साह पिता सोहर साह नामक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार युवक संडु साह अपना टेम्पु लेकर केतार अपने भाई को लेने आ रहा था। इसी क्रम में मुकुन्दपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन ने टेम्पु में टक्कर मार दिया।इस घटना में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी के बाद परिजनों ने शव को उठाकर अपने घर ले गये। बुधवार की सुबह स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पुलिस प्रशासन के पहल पर परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। पोस्टमार्टम के पश्चात शव पैतृक गांव ताली पहुंचा जहां शव देख परिजनों ने चीतकार मार कर रोने लगे साथ ही अंतिम संस्कार पास के ही पांडा नदी तट पर किया गया।

## विश्रामपुर में टीवीएस कंपनी ने लगाया लोन व एक्सचेंज मेला

**विश्रामपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के मोटरसाईकल निर्माण की अग्रणी कंपनी टीवीएस ने बुधवार को विश्रामपुर के डाकबंगला परिसर में लोन व एक्सचेंज मेला का आयोजन किया.जिसमे ग्राहकों को कई तरह के छूट की जानकारी दी गई.मेला व एक्सचेंज का संचालन इंद्राणी टीवीएस रेहला ने किया.इंद्राणी टीवीएस रेहला के प्रो.स्वयं चौबे आयुष ने बताया कि कंपनी का मोटरसाईकल लेने पर अभी ग्राहकों को दस हजार पांच सौ रुपए तक की बचत होगी.इसके अलावा पुरानी मोटरसाईकल बदलकर नया मोटरसाईकल लिया जा सकता है.फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है.मौके पर प्रशांत पांडेय,नवीन पांडेय,सद्दाम हुसैन,विकेश पांडेय,मुकुल पांडेय,अनीस गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे.



## मृतक के परिजन से मिले भाजपा नेता मुन्ना चंद्रवंशी

**विश्रामपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी बुधवार को विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों में जाकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात की.उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और संभव मदद का भरोसा दिलाया. यहां उल्लेखनीय है कि विश्रामपुर के गुरी गांव निवासी अंजनी मिश्रा की मौत मंगलवार को बिजली करंट की चपेट में आने से हो गयी थी.उनका दाह संस्कार बुधवार को गांव के शमशान घाट पर किया गया.जिसमे मुन्ना चंद्रवंशी भी शामिल हुए.स्वर्ग अंजनी मिश्रा भाजपा के सक्रिय सदस्य थे. वहीं झारहा गांव निवासी चंद्रिका राम की मौत हृदयगति रुक जाने से गयी थी.यहां भी मुन्ना चंद्रवंशी मृतक के दाह संस्कार में शामिल होकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया और परिवार वालो को सांत्वना दिया.इधर शंखा गांव निवासी बचनदेव साव की माता का भी निधन लंबी बीमारी के बाद हो गया था।



## डीसी के जनता दरबार में चमरू मिस्त्री को मिला ऑन स्पॉट बैशाखी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न स्थानों से आये फरियादियों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए.इस दौरान कई मामलों में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिये.वहीं कुछ मामलों में उन्होंने कई बीडीओ-सीओ को फोन कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदन पर अविलंब रूप से कार्रवाई करने की बात कही.छत्तरपुर से आये सहायक अध्यापक ने उपायुक्त को बताया कि वो राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अकाबासा में कार्यरत है लेकिन नंवबर 2022 से ही उनका मानदेय लंबित है.अतः उन्होंने उपायुक्त से 11 माह का बकाया राशि का भुगतान करवाने हेतु अनुरोध किया.इसी तरह पांकी से आये नंदलाल पाठक ने बताया कि कई बार आवेदन करने के बावजूद उनके जमीन का दाखिल-खारिज नहीं हो पाया है.अतः उन्होंने डीसी से दाखिल-खारिज कराने हेतु अनूरोध किया.उपरोक्त के अतिरिक्त जनता दरबार में राशन कार्ड में नाम जोड़वाने,जमीन संबंधी,वृद्धा पेंशन,प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया.इसी तरह सदर मेदिनीनगर के पोखराहा खुर्द से आये चमरू मिस्त्री ने उपायुक्त को बताया कि वो दिव्यांग है जिसके कारण चलने-फिरने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है.उन्होंने उपायुक्त से ट्राईसाईकिल की मांग की.इसपर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट चमरू मिस्त्री को बैशाखी सौंपते हुए निजी स्तर से आर्थिक मदद भी की.जनता दरबार में लेस्लीगंज के झरकटिया से आयी चांदनी देवी ने उपायुक्त को बताया कि उनका बेटा राजकीय मध्य विद्यालय झरकटिया के वर्ग छः में पढ़ाई करता है। लेकिन वह जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास कर चुका है। अब उसे जवाहर नवोदय विद्यालय में एडमिशन लेना है जिसके लिये विद्यालय से स्थानांतरण प्रमाण पत्र की आवश्यकता है.प्रधानाध्यापक द्वारा 25 नंवबर को व्हाट्स ऐप पर स्थानांतरण प्रमाण पत्र भेजा गया है लेकिन आज तक मूल प्रमाण पत्र की हार्ड कॉपी विद्यालय की ओर से उपलब्ध नहीं कराया गया है जबकि जवाहर नवोदय विद्यालय में बच्चे की एडमिशन हेतु मूल प्रमाण पत्र जमा करना है.अतः चांदनी देवी ने उपायुक्त से इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए अपने बेटे का मूल प्रमाण पत्र दिलवाने हेतु अनुरोध किया.इसपर डीसी रंजन ने चांदनी देवी को प्रधानाध्यापक के विरुद्ध जांच कराने हेतु आश्वस्त किया साथ ही जिला शिक्षा अधीक्षक को पूरे मामले को देखते हुए उक्त बच्चे का प्रमाण पत्र दिलवाने की बात कही।

## बीडीओ की अध्यक्षता में किसान मित्रों के साथ किया गया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** भारतीय लोक कल्याण संस्थान द्वारा संचालित एग्री क्लिनिक सेंटर में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता में किसान मित्रों की बैठक आयोजित किया गया. बैठक में केसीसी से सबंधित व विकसित भारत संकल्प यात्रा पर विस्तार से चर्चा किया गया.प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी किसान मित्रों को अधिक से अधिक किसानों से केसीसी के लिये आवेदन कराने का निर्देश दिया,जिससे किसानों को खेती करने में सुबिधा मिल सके.उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिये किसानों को जागरूक करें.यह कार्यक्रम आगामी 4 जनवरी से 10 जनवरी तक प्रखंड कार्यालय में आयोजित किया जायेगा. उन्होंने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का निर्देश दिया.बैठक में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञानचंद केशरी,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विजय यादव,एग्री क्लिनिक सेंटर के परियोजना समन्वयक सरोज सोनकर, क्षेत्र समन्वयक बालदेव खलखो,किसान मित्र सुदेश्वर विश्वकर्मा, उद्यान मित्र मुकेश शुक्ल,संजय सिंह, धर्मेन्द्र प्रताप देव,विपिन बिहारी सिंह,संजय पांडेय, अरुण चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## परसोडीह में शहिद नीलांबर पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का होगा आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड के ग्राम-पंचायत परसोडीह हाई स्कूल खेल मैदान में हर साल की भांति आगामी साल में भी शहिद नीलांबर पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 सीजन सातवां का सफल आयोजन को लेकर एक विशेष बैठक नागेंद्र ठाकुर के अध्यक्षता में उनके भंडार पर किया गया। जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि पूर्व के कमेटी ही विशेष जिम्मेदारी के साथ पुणः 2024 सीजन सातवां टूर्नामेंट का आयोजन करेगी। जिसका अध्यक्ष संजय वर्मा सचिव देव कुमार ठाकुर कोषाध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता उपाध्यक्ष लव कुमार वर्मा साथ ही संरक्षक मंडली डॉ0 एके मौर्य,श्री राम वर्मा,बचु बैठा,नागेंद्र ठाकुर,राजेश्वर साह,संरक्षक अजय वर्मा,धनेश्वर मेहता,बिंदेश्वरी प्रसाद गुप्ता,गया साह,चंददेव रजवार सहित अन्य का नाम शामिल है। साथ ही उक्त बैठक में सर्व समिति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 21 जनवरी 2024 दिन रविवार को उक्त टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान के द्वारा किया जाएगा। टूर्नामेंट विजेता को 25001 हजार रुपए कैश एवं कप और उपविजेता को 20001 एवं कप से सम्मानित किया जाएगा।

**क्या कहते हैं भूतपूर्व मुखिया**

उक्त आयोजन को लेकर पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान ने कहा कि मेरे द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट सातवां सीजन खिलाया जा रहा है। जबकि यह जंगली एवं गरीब गुरबा का क्षेत्र है। मेरा सोच यह सुदूरवर्ती इलाके के गरीब बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखरना है। मैं अपने जीवन काल में जब तक रहूंगा इस तरह का आयोजन हर साल करता रहूंगा और क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों का हौसला बुलंद करता रहूंगा।

## फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की हड़ताल का संघ करेगा समर्थन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हरिहरगंज :** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर संघ की हरिहरगंज प्रखंड इकाई की बैठक डाक बंगला परिसर में हुई।इसकी अध्यक्षता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विनय जायसवाल ने की। एक जनवरी से फेयर प्राइस शॉप एसोसिएशन के द्वारा हड़ताल का समर्थन डीलर संघ करेगा। प्रखंड सचिव अवधेश राम ने कहा कि हड़ताल के दौरान किसी भी डीलर के प्रतिष्ठान से उपभोक्ताओं को राशन व अन्य सामग्री नहीं मिलेगी। प्रखंड कोषाध्यक्ष कामता शर्मा ने संघ के सभी सदस्यों से अपने प्रतिष्ठान हड़ताल के दौरान सख्ती से बंद करने को कहा है। सरकार जब तक उनकी मांगों को नही मानती है, तब तक डीलर संघ हड़ताल पर रहेंगे। वहीं बैठक के बाद सभी पीडीएस दुकानदारों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रभारी बीडीओ यामुन रविदास को मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में नेट सर्वर को दुरुस्त करने, पूर्व से वर्तमान तक वितरित अनाजों के विरुद्ध निर्धारित कमीशन का भुगतान करने, झूठा आश्वासन व लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने, एनएफएसए में अग्रिम भुगतान का नियमन भुगतान होने के बावजूद राशि लेने के दौरान कमीशनखोरी बंद करने और घटिया ई-भार मापक यंत्र देकर इसकी मरम्मति के नाम पर नाजायज पैसा की वसूली डीलरों से बंद करने आदि मांग शामिल है। मौके पर अशोक यादव, धर्मेंद्र पटेल, मनोज शौंडिक, लक्ष्मण यादव, बीनू जायसवाल, सुनील जायसवाल, अनिल सिंह, अरविंद शर्मा, रामप्रवेश चौधरी, कपिलदेव सिंह, रामसुन्दर राम, संजय राम, जितेंद्र मेहता, अजय गुप्ता, इंद्रदेव राम, चंदन, श्यामलाल मेहता, पंकज सिंह सहित कई डीलर मौजूद थे।

## आयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को प्रखंड के सभी 20 रेभनु विलेज में वितरण किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** बुधवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल तथा भाजपा ने संयुक्त रूप से अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को प्रखंड के सभी 20 रेभनु विलेज में वितरण किया गया। इससे पूर्व खरौंधी देवी मंदिर के प्रांगण में बैठक किया गया। इसके पश्चात अक्षत कलश के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस देवी मंदिर से चलकर नावाडीह मोड़, नावाडीह मोड़ से चंदनी मोड़ तक गया। पुनः देवी मंदिर वापस आकर जुलूस समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल लोग जय श्री राम, हर हर महादेव, भारत माता की जय आदि नारे लगा रहे थे।विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास ने कहा अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान रामचंद्र का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित है। आयोजित कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा किया गया। इसके पश्चात अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को प्रखंड के सभी 20 गांव के विहिप, बजरंग दल तथा भाजपा कार्यकर्ताओं को अक्षत कलश दिया गया है। ये सभी कार्यकर्ता गांव के प्रत्येक घरों में जाकर उन्हें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण देंगे। इस दौरान विहिप के प्रखंड अध्यक्ष रामानंद मेहता, मंत्री योगेश कुमार मेहता, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, करिवाडीह मुखिया मंशा देवी, बीड़ीसी विकास कुमार सिंह, संध्याकर विश्वकर्मा, सुनील दुबे, सुनील कुमार रोशन, शंकर प्रसाद गुप्ता, धर्मेंद्र प्रसाद यादव, आदि थे ।

## समाजसेवी सुग्रीम साह के आकस्मिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की माहौल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ताली गांव निवासी 85 वर्षीय सुग्रीम साह सोमवार को शाम करीब 6 बजे इस दुनिया को अलविदा कर चल बसे। मृतक सुग्रीम साह गांव क्षेत्र एवं अपने समाज में अच्छा पकड़ रखने वाले मानिंद व्यक्ति थे उनके द्वारा अपने जीवन काल में समाज के प्रति अग्रणी भूमिका हर समय निभाया करते थे। वही उनकी मौत की खबर से पैतृक गांव ताली समेत पूरे प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई साथ ही उनके अंतिम दर्शन को लेकर क्षेत्र के लोगों का आवागमन मृत्यु के तुरंत बाद से ही शुरू हो गया। वही पंचायत के मुखिया मूंगा साह व बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम पुष्पांजलि अर्पित कर परिवार को ढांढस बंधाया। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने कहा की मृतक सुग्रीम साह समाज में एक प्रखर व्यक्ति हुआ करते थे। जो समाज के लिए अपूरणीय छती है। उनका कमी हम लोगों को हमेशा खेलेगी। उनका अंतिम शव यात्रा में शामिल जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, मुखिया मूंगा साह,बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम सहित सैकड़ो की संख्या में अर्थी को कंधा देते हुए पास के ही पंडा नदी तट पर ले जाया गया जहा मुक्ति धाम पर अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान, समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नागेंद्र ठाकुर, मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, ब्रह्मदेव कुमार गुप्ता, हरिदास साह,उजागिर साह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पुनीत कार्य है गरीबों में कंबल वितरित करना : बद्रीनारायण सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद(पलामू):** जिले में बढ़ रही ठंड को देखते हुए महुअरी पंचायत के पंसस बद्रीनारायण सिंह द्वारा पंचायत के प्रत्येक वार्ड में गरीब व जरूरतमंद असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। उन्होंने इस कड़कड़ाती ठंड में ग़रीबों, जरूरतमंदों में लगभग 100 की संख्या में कंबल वितरित कर ठंड से राहत दिलाने का कार्य किया है। इस दौरान कंबल लेने के लिए पंचायत के हरेक वार्ड से काफी संख्या में जरूरतमंद, बुजुर्ग व गरीब पहुंचे थे। ठंड में कंबल मिलते ही जरूरतमंदों के चेहरे खिल गए।कंबल वितरण के दौरान पंसस बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है, जब वह गरीब और असहायों की सेवा करे। सर्दी के इस मौसम में गरीबों को गर्म कपड़े वितरण करना सच्ची मानव सेवा है। यह कम्बल हर उस गरीब व बुजुर्गों के लिए जीवन दायिनी साबित होगा जिनके पास ठण्ड से बचने का और कोई उपाय नही है। इस गलन भरी ठंड में कंबल वितरण से बड़ा पुनीत कार्य कुछ नहीं हो सकता। समाजसेवी ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। इस पुनीत अवसर पर श्याम बिहारी सिंह अखिलेश सिंह लखन महतो शत्रुघ्न सिंह राम आशीष सिंह विनय कुमार सिंह राम जन्म मिस्त्री नंदलाल सिंह महेंद्र सिंह कृष्णा सिंह बैठा जमुना प्रसाद सिंह बैकुंठ सिंह अरुण अजय सोनू राजेश इत्यादि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## फुलकुमारी कुंवर की श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे शामिल हुए रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहाबाजार(पलामू):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र कौवल भीतिहारवा के बिंदेश्वर राम शिक्षक के सासु माँ की श्रद्धा कार्यक्रम मे रविदास विकास समिति के अध्यक्ष श्री राम गोविंद राम शिक्षक ,उपाध्यक्ष श्री गोपाल राम शिक्षक,सचिव कृष्णा कुमार रवि,पूर्व विधान सभा के अध्यक्ष रामबाबु , रामनाथ वर्मा ,गणेश कुमार ,समाज सेवी अजय कुमार, राम प्यारे सिंह,बीरेंद्र कुमार ने फूल कुमारी कुँवर के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस कार्यक्रम मे बौद्ध पद्धति से एक दिवसीय बौद्धाचार्य शिक्षक लल्लू राम ने कार्यक्रम संपन्न करायी गई ।इस मौके पर पूर्व मुखिया प्रत्याशी गिरजा राम,बिनोद यादव,प्रभात कुमार ,सुनील कुमार, अजय कुमार, उपेंद्र कुमार समेत जन प्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बंद मिला कोइन्दी तथा कोलझिकि ग्राम का आंगनबाड़ी केंद्र

### सेविकाओं से मांगा जाएगा स्पष्टीकरण : सीडीपीओ

इस संबंध में बीडीओ सह सीडीपीओ विकास कुमार ने कहा कि केंद्र बंद रहने की सूचना प्राप्त हुई है।दोनो केंद्रों की सेविकाओं से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। इसके बाद दुबारा केंद्र बंद होने की सूचना मिलने पर दोनों सेविकाओ पर करवाई करते हुए नए सेविकाओं का चयन प्रक्रिया आरम्भ किया जाएगा।



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी प्रखंड में 35 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुलते हैं। अगर खुलते भी हैं बच्चे उपस्थित नही होते। सिर्फ सेविका व सहायिका उपस्थित मिलेंगे। बाकी केंद्रों में बच्चों की संख्या सामान्य से भी कम मिलती है। केंद्र खुले या न खुले, सभी केंद्रों का भाऊचर प्रत्येक महीने बाल विकास परियोजना के कार्यालय में अवश्य पहुच जाता है। केंद्र महीने में कितने दिन खुलता है या फिर बंद रहता इसका लेखा जोखा किसी के पास नही है। बाल विकास परियोजना की प्रवेक्षिकाओ को कार्यालय में ही इतना कार्य होता है कि उनको फुरसत ही नहीं कि वे केंद्र की जांच कर सकें। एसी क्रम में कोइन्दी ग्राम स्थित पिछड़ा टोला आंगनबॉडी केंद्र सुबह 10ः53 बजे केंद्र बंद मिला।सेविका सुधा देवी तथा सहायिका कमला देवी दोनो में से कोई भी केंद्र पर उपस्थित नही था।बच्चो की तो बात ही अलग थी।जब इस संबंध में उसी गावँ की निवासी सहायिका कमला देवी से उसके घर पहुच कर वजह जानने की कोशिश किया गया तो सहायिका ने बताया कि पिछले शनिवार को ही चावल समाप्त हो गया था।इसकी सूचना सेविका को दिया गया था।उसने बताया कि सेविका नही आई और केंद्र में चावल नही था इसी लिए केंद्र खोला ही नही गया। जबकि 11ः10 बजे पइनटोला कोलझिकि स्थित आंगनबाड़ी केंद्र भी पूरी तरह बंद मिला।सेविका का कोई अता-पता नही था। सहायिका मौजूद थी। पर बच्चे नदारद थे।सेविका आभा रवानी केंद्र पर उपस्थित नही थी। जानकारी मिली कि वे प्रतिदिन सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के रेनुकूट से आती जाती है।इस संबंध में पूछने पर सेविका आभा रवानी ने उल्टा रिपोर्टर पर दोष मढ़ते हुए कहा कि आपलोगो को कोई और काम नही है क्या केवल आंगनबाड़ी ही दिखता है।

## लालगाड़ा पंचायत में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती और नक्सल इलाके मे 26 दिसंबर 2023 आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लालगाड़ा पंचायत के ओपी परिसर में विराट शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायतधीन? हजारों की संख्या में उपस्थित होकर विभिन्न लाभकारी योजना के लिए अपना पंजीकरण करवाए.इस शिविर मे बेकाबू भीड़ उमड़ी थी ,पर ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण तरीका से पंक्तिबद्ध कतार मे योजनाओं के लिए ऑनलाइन करवाये रहे थे।कल्याण मंच की परंपरा भी भव्य तरीका से निभाई गई।मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रजावलित एवं फीता काटकर कार्यक्रम को आगाज दिया गया। पंचायत के मुखिया श्रीमती किरांती देवी व समाज सेवी सह मुखिया प्रतिनिधि लाल बिहारी यादव ने मुख्य अतिथि और मंचासीन अथितियों और अधिकारियों व कर्मी की स्मृति चिन्हन और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मंचासीन अथितियों और अधिकारियों ने संयुक्त रूप से परिसम्पतियों का लाभुकों के बीच वितरण किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, नोडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी बिनोद कुमार , एमओ प्रमोद कुमार सिंह, बीपीओ दीपक कुमार, बीस सूत्रीय अध्यक्ष उदय पासवान, पंचायत के मुखिया किरांती देवी, बीस सूत्रीय सदस्य परवेज आलम, स्वास्थ कर्मी राजन कुमार , मुखिया पति लाल विहारी यादव,राजेंद्र यादव,शिक्षक कामेश्वर सिंह, सुदामा पासवान समेत सभी कर्मी मौजूद रहे।

## सभी गांव को मिलेगा ग्राम गाड़ी योजना का लाभ : विधायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत सुदूरवर्ती गांव को प्रखंड व जिला मुख्यालय से जोड़ने व सुलभ आगमन हेतु बस चलाने का प्रस्ताव जिला परिवहन पदाधिकारी पलामू को दिया है। दिए गए प्रस्ताव में हुसैनाबाद प्रखंड के पंचायत महुदण्ड व डंडिला, पथरा, दंगवार, देवरी खुर्द, पोलडीह, जमुआ, झरगड़ा, हैदरनगर के सिघना, बारेवा, सड़या, परता, कुकही, लपेया,मोहमदगंज प्रखंड के कादल, पंसा, गाजी बिहारा, भाली,बटौआ, हरिहरगंज प्रखंड के ढकचा, सरसोट, कुलहिया, तुरी लंगुराही, पिपरा प्रखंड के सरैया, पिपरा शामिल है। विधायक ने प्रखंड व जिला मुख्यालय का बस रूट का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत बस चलाने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रखंड को जिला और गांव को प्रखंड से जुड़ जाने से आम ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा है कि ग्राम गाड़ी योजना का लाभ सुदूरवर्ती गांव के ग्रामीणों को सुलभ आवा गमन की व्यवस्था करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में सीआईएसएफ जवान ने सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या

**रांची :** रांची के खलारी थाना क्षेत्र के एनके एरिया स्थित सीआईएसएफ कैंप में बुधवार को एक जवान ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद आनन-फानन में उसके साथी उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी फरीद आलम ने बताया कि एक जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। जवान का नाम वीएन वर्मा है। वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। मामले में जांच चल रही है। जवान ने किस वजह से खुद को गोली मारकर खुदकुशी की है। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

### राज्य सरकार ने ग्राम पंचायतों के चयन के लिए सांसदों को लिखा पत्र

**रांची :** राज्य सरकार ने सांसद आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत सांसदों से ग्राम पंचायतों का चयन करने की अपील की है। इस संबंध में मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग ने सभी सांसदों को पत्र लिखकर इस संबंध में अनुरोध किया है। सांसद आदर्श ग्राम से अभी अधिकांश जिलों में ग्राम पंचायतों का चयन नहीं हो सका है। विभाग ने पाकुड़ व जामताड़ा जिला को छोड़कर अन्य जिलों के उपायुक्तों को भी पत्र लिखा है और सांसदों से समन्वय करते हुए ग्राम पंचायत का चयन कराने का अनुरोध किया है। साथ ही जल्द से जल्द लंबित कार्य को पूरा करने को कहा गया है।

# बीते तीन वर्षों में राज्य में तैनात अर्धसैनिक बलों के 18 जवानों ने की आत्महत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की आत्महत्या करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बीते तीन वर्षों में राज्य के विभिन्न इलाकों में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक बल के कुल 18 जवानों ने खुद को गोली मारकर या फंदे से लटक कर जान दे दी है। जवानों की आत्महत्या के पीछे घरेलू समस्या, बीमारी, वित्तीय समस्या और मानसिक तनाव की बातें सामने आई हैं। अब तक की प्रमुख घटनाएं- 27 दिसंबर को रांची के खलारी थाना क्षेत्र के एनके एरिया स्थित सीआईएसएफ कैंप में एक जवान बीएन वर्मा ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

-26 दिसंबर को बोकारो जिले के रहावन कैंप में सीआरपीएफ 26 बटालियन के एक जवान ने सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।



-27 नवंबर को गुमला के सिलम में 218 सीआरपीएफ बटालियन कैंप में तैनात सीआरपीएफ के हवलदार संजय कुमार ने एके 47 से खुद को गोली मारकर जान दे दी थी।

-07 अक्टूबर को पलामू जिले में सीआरपीएफ के जवान प्रांजल नाथ ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।

-19 अगस्त को लोहरदगा जिले में सीआरपीएफ 158 बटालियन के जवान ने खुदकुशी कर ली है। घटना लोहरदगा जिले के सुदूरवर्ती पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग सीआरपीएफ कैंप में हुई थी।

-10 जुलाई को पलामू के चियांकी 112 बटालियन में तैनात सीआरपीएफ के एक जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।

-06 जनवरी को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के गोईलकेरा में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की थी।

-08 अक्टूबर, 2022 को लातेहार में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मार ली थी, जिसमें उसकी जान चली गई।

-19 सितंबर, 2022 को धनबाद में सीआरपीएफ जवान ने छत से कूदकर जान दे दी थी।-27 अगस्त, 2022 को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के चक्रधरपुर में सीआरपीएफ के जवान अजीत पाठक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।

-26 मई, 2022 को गिरिडीह पंचायत चुनाव की ड्यूटी में बगोदर आये एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) के जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।

-08 फरवरी, 2022 को धनबाद के चासनाला निवासी सीआईएसएफ के जवान सारथी नंदन झा ने खुदकुशी की थी।

-31 दिसंबर, 2021 को लोहरदगा के चैनपुर पिकेट में तैनात सीआरपीएफ के जवान दिलीप कुमार ने खुद को गोली मारकर जान दे दी थी।

# 4 फरवरी की एकता महारैली में होगी आदिवासी मुद्दों की बात : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि 4 फरवरी 2024 को राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित आदिवासी एकता महारैली में केवल और केवल आदिवासी मुद्दों की बात होगी और उनसे जुड़े ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए स्पष्ट रास्ता तैयार किया जायेगा। तिर्की ने कहा कि तीन-चार महीने के बाद लोकसभा चुनाव है और उसके बाद 2024 में ही विधानसभा चुनाव है और इसे देखते हुए भारतीय जनता पार्टी और उसके मुखौटे संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, वनवासी कल्याण केन्द्र, जनजाति सुरक्षा मंच जैसे संगठन सामने आ गये हैं. उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले आयोजित डीलिस्टिंग रैली केवल चुनाव के मद्देनजर आदिवासियों के ध्रुवीकरण का प्रयास है।वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है और वे विस्थापन, शोषण और पलायन का शिकार हो रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है जबकि उन्हीं आदिवासियों के नाम पर झारखण्ड का गठन किया गया था। तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की शैक्षणिक और रोजगार की स्थिति पर भी डीलिस्टिंग रैली में खामोशी रही और उन नेताओं ने यह भी नहीं बताया कि अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद द्वारा संचालित 72 विद्यालयों का अनुदान भाजपा सरकार ने क्यों बन्द किया? तिर्की ने



कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल पाकुड़ और जामताड़ा की डेमोग्राफी में बदलाव की चर्चा करने की बजाय व्यापक परिप्रेक्ष्य में पूरे राज्य की बात करे. उन्होंने कहा कि डीलिस्टिंग की माँग करनेवाले लोगों को यह भी बताना चाहिए कि राजधानी रांची में ही चडरी, करमटोली, हातमा, हेहल, बनहोरा, पूरनकी रांची, हेसल, कमड़े जैसे क्षेत्रों में भी आदिवासियों की जमीन व्यापक पैमाने पर कैसे और किनके द्वारा लूटी जा रही है और वैसे लोगों के विरुद्ध रैली में एक शब्द भी क्यों नहीं बोला गया। तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की डेमोग्राफी में नकारात्मक बदलाव पर भी रैली में कुछ नहीं कहना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डीलिस्टिंग की मांग करनेवाले वैसे ही लोग हैं जिनकी विचारधारा जमीन लूटने वालों से मिलती-जुलती है और इसका सबसे बड़ा प्रमाण यही है की वैसे जमीन दलालों के विषय में एक शब्द भी नहीं कहा गया।

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गुलाम अहमद मीर को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर से एआईसीसी में उनके कार्यलय में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ एम तौसीफ, सचिव सह प्रवक्ता शांतनु मिश्रा आदि ने मुलाकात कर गुलदस्ता देकर उन्हें बधाई दिया। झारखंड के राजनीतिक हालात और संगठन के उपर चर्चाएं हुई।

# राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों पर गिरी गाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अफसरों पर गाज गिरी है। नीमडीह के तत्कालीन डेविड बलिहार पर मनरेगा में मानव दिवस जन की धीमी प्रगति, खर्च के प्रतिशत में कमी के साथ एमआईएस एंट्री व जॉब कार्डधारियों को रोजगार उपलब्ध कराने में भी कमी का आरोप है।

इन आरोपों के कारण डेविड बलिहार को निंदन की सजा दी गई। जांच में यह बात सामने आयी कि लक्ष्य के विरुद्ध सिर्फ 31.31 प्रतिशत योजनाओं को पूर्ण किया गया है। इनके अलावा गोला के




तत्कालीन बीडीओ पवन कुमार महतो पर सोलर लाइट, एलईडी स्ट्रीट लाइट व पानी टैंकर की खरीदारी में अनियमितता बरतने का आरोप है। इस पर रामगढ़ डीसी ने कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इसके बाद सरकार ने पवन कुमार महतो के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। जांच संचालन पदाधिकारी रिटायर आईएएस अरविंद कुमार को बनाया गया है।

# वोकेशनल शिक्षक की सभी जायज मांग पूरा करे विश्वविद्यालय : अभिषेक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** छात्र आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि वोकेशनल शिक्षकों की जितनी भी जायज मांगे हैं उन्हें गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय उन पर जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की कृपा करें, अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय एवम राज्य के जितने भी विश्वविद्यालय ।

हैं उनमें जितने भी वोकेशनल कोर्स के शिक्षक हैं उनका राजभवन के पदाधिकारी एवं राज्य के विश्वविद्यालय द्वारा मनोबल तोड़ने का काम किया जा रहा है, उन्हें उनकी सेवा के बदले उचित वेतनमान नहीं दिया जाता है। वोकेशनल कोर्स में जितने भी अतिथि शिक्षक है उन्हें यूजीसी की मापदंड के अनुसार प्रति कक्षा 1500 देने का प्रावधान है लेकिन विश्वविद्यालय अपनी मनमानी करके यूजी शिक्षकों को प्रति कक्षा 400 एवं पीजी शिक्षकों को प्रति कक्षा 500 दे रही है। वही जितने भी शिक्षक कॉन्ट्रैक्ट पर है उन्हें यूजीसी के मापदंड के अनुसार 57500 प्रति माह भुगतान करना है लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा मात्र अतिथि शिक्षक को 24,000 प्रतिमाह एवं कांट्रेक्चुअल शिक्षकों को 28000 प्रतिमाह दिया जा रहा है।यह यूजीसी के नियमों का साफ-साफ उल्लंघन है।

# एस चंद्रशेखर होंगे झारखंड हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के उपरांत हाई कोर्ट के सीनियर जस्टिस एस. चंद्रशेखर को चीफ जस्टिस के कार्यालय का दायित्व सौंपा गया है। यह दायित्व 29 दिसंबर से प्रभावित होगा। इससे संबंधित नोटिफिकेशन मिनिस्ट्री आफ लॉ एंड जस्टिस, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के डिप्टी सेक्रेटरी नारायण प्रसाद की ओर से बुधवार को जारी किया गया है। जारी



नोटिफिकेशन में कहा गया है कि राष्ट्रपति की ओर से झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस कार्यालय की ड्यूटी के निर्वहन के लिए नियुक्त किया गया है, जो 29

**इससे संबंधित नोटिफिकेशन मिनिस्ट्री आफ लॉ एंड जस्टिस, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के डिप्टी सेक्रेटरी नारायण प्रसाद की ओर से बुधवार को जारी किया गया है।**

दिसंबर से प्रभावी होगा। उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा 28 दिसंबर को सेवानिवृत हो रहे हैं।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने जारी किए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए हर वर्ष की भांति आगामी जनवरी या फरवरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सातवां संस्करण राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम के टाउनहॉल में आयोजित होगा। इसे देखते हुए झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारियों एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारियों को इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम को देखते हुए सभी स्तरों पर तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार या जिला स्तर पर एक्शन प्लान तैयार करने के साथ कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

क्या है परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम?

इस कार्यक्रम में छात्रों के मन से परीक्षा का तनाव कम करने के लिए प्रधानमंत्री छात्रों के साथ सीधा संवाद कर रहे है। प्रधानमंत्री छात्रों के प्रश्न सुनते हैं और उसका सरलतापूर्वक जवाब देते हैं, जिससे छात्र के मन में उपजे परीक्षा के तनाव को कम किया जा सके। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन विगत 6 वर्षो से करवाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों का पंजीकरण 12 जनवरी, 2024 तक https:nnovateindia.mygov.in/ppc-2024/ पर किया जा सकता है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाले छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक भाग ले सकते हैं।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को सबसे पहले माईगॉव इनोवेट प्लेटफार्म (https:nnovateindia.mygov.in/ppc-2024/) पर होस्ट की गई परीक्षा पे चर्चा प्रतियोगिता में हिस्सा लेना होगा। इसमें कक्षा 6 से 12 तक के स्कूली बच्चे ही शामिल हो सकते है।

# क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी की माता जी के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 26दिसंबर की रात 12.30बजे भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी की माता गणेशा देवी का निधन उनके गांव बेलौली पोस्ट मेहलावल जिला संत कबीर नगर में हो गया। वे 94 वर्ष की थीं।

सरयू तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय,प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, नीलकंठ सिंह मुंडा, अपर्णा सेन गुप्ता,राज पालीवार,विनोद शर्मा,प्रणव वर्मा,सुनील सिंह,जेपी पटेल,मंत्री सुबोध सिंह गुड्डु,मुनेश्वर साहू,नवीन जायसवाल,विवेक भवानी सिंह,शर्मिला रजक, काजल प्रधान,रीता मिश्रा, मिस्त्री सोरेन,कोषाध्यक्ष दीपक बंका ,कार्यालय मंत्री हेमंत दास,सह मंत्री सूरज चौरसिया,प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ,पंकज सिन्हा,सुमन कुमार,राजश्री जयंती,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रेम मित्तल,योगेंद्र प्रताप सिंह,रमेश पुष्कर,राजीव तिवारी,अशोक बड़ाइक, रंजीत चंद्रवंशी ,तारिक इमरान,प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, प्रतुल शाह देव,सरोज सिंह,अविनेश कुमार सिंह,मिस्फिका हसन,अमित कुमार, कुणाल षाडंगी,आरती कुजूर,किसलय तिवारी,शिवशंकर उरांव,अमरदीप यादव,पवन कुमार साहू ,अनवर हयात ,राहुल अवस्थी, रवि भट्ट सहित अन्य ने शोक प्रकट किया है।मरांडी ने आत्मा की शांति केलिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि प्रभु आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।तथा दुख की घड़ी में परिजनों को धैर्य एवं साहस प्रदान करें।

### राज्य के विभागीय सचिवों को 30 दिसंबर तक मुख्यालय ना छोड़ने के आदेश

**रांची :** राज्य के मुख्य सचिव एल खयांग्ते ने बुधवार को सभी विभागों के सचिवों को 30 दिसंबर तक मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया है। क्योंकि, 29 दिसंबर को झारखंड सरकार का स्थापना दिवस है। इसके मद्देनजर मुख्य सचिव ने यह आदेश दिया है। दूसरी तरफ 27 से 29 दिसंबर तक दिल्ली में मुख्य सचिवों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन होने वाला है, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस सम्मेलन में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि, मुख्य सचिव और सभी राज्यों के 200 से ज्यादा अधिकारी शामिल होंगे।

# मरांडी ने स्कूली बच्चों के पोशाक खरीद में घोटाले की जताई आशंका, मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जांच की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते को बुधवार को पत्र लिखा है। पत्र में बाबूलाल ने हजारीबाग में सरकारी स्कूली बच्चों के पोशाक खरीद में घोटाले की आशंका जाहिर की है। साथ ही इसकी जांच कराने एवं दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को राज्य के मुख्य सचिव को लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने जिले के सरकारी स्कूलों में घटिया पोशाक वितरण में गड़बड़ी का मसला उठाया था। राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड (शिक्षा विभाग) ने बच्चों के पोशाक वितरण से संबंधित दिशा निर्देश सभी जिलों के संबंधित अधिकारियों को आठ अगस्त को जारी किया था। तय मापदंड के बाहर जाकर हजारीबाग के जिला शिक्षा अधीक्षक ने बगैर टेंडर और इसे स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किए बिना दूसरे जिले के एनजीओ को पोशाक आपूर्ति का आदेश दे दिया। यह नियम विरुद्ध है। साथ ही इसकी क्वालिटी इतनी खराब निकली कि सप्ताह भर में ही स्वेटर और पोशाक फटने शुरू हो गए। बाबूलाल ने लिखा है कि राज्य परियोजना निदेशक की ओर से जारी दिशा निर्देश में कहा था कि यदि जिले में संचालित एसएचजी स्वेटर, पोशाक के कार्य को निर्धारित समय में कर सकते हैं तो उनके माध्यम से इस कार्य को कराना है अन्यथा डीबीटी के जरिये बच्चों को उनके बैंक खाते में राशि उपलब्ध करायी जानी है लेकिन कमीशनखोरी के लिए हजारीबाग डीएसई द्वारा नियम कानून को किनारे कर दिया गया। चहेते एसएचजी को पोशाक आपूर्ति का



आदेश देकर 12 करोड़ रुपये की निकासी कर ली गयी।

# रांची के जिला स्कूल मैदान में राष्ट्रीय पुस्तक मेला 29 से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण ने कहा कि रांची के जिला स्कूल मैदान में करीब 10 वर्षों के बाद राष्ट्रीय पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला 29 दिसम्बर से सात जनवरी तक चलेगा। पुस्तक मेले में एक ही छत के नीचे हर आयु वर्ग के पाठकों के लिए हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी की नई और पुरानी पुस्तक उपलब्ध रहेंगी। पुस्तक मेले की मुख्य थीम 'सोशल मीडिया के दौर में पुस्तकें' होगी। भूषण बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले का विधिवत शुभारंभ 29 दिसम्बर को 11:30 बजे मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार महुआ माजी करेंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध कवयित्री वीना श्रीवास्तव, झारखंड स्टेट के ग्रामीण बैंक की निदेशक और भाजपा नेता राजश्री और जेबी पांडेय उपस्थित होंगे। भूषण ने कहा कि इस पुस्तक मेले में भागीदारी को लेकर प्रकाशक एवं पुस्तक विक्रेताओं के बीच खासा



उत्साह है और वे अपने साथ नई-पुरानी पुस्तकों की सौगात ला रहे हैं। पुस्तकें बोलेंगी, बातें करेंगी और ऐसी दुनिया में ले जाएंगी, जहां आप थोड़ा और संवेदनशील और मानवीय होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्देश्य समाज में पुस्तकों के प्रति पनप रही उदासीनता की भावना को खत्म करना और किताबों के करीब पुस्तक प्रेमियों को लाना है। पुस्तक मेले में साहित्य मण्डल, उपकार प्रकाशन, ओसवाल प्रिन्टर्स एंड पब्लिशर्स, गुडवर्ड बुक्स, राजपाल एंड सन्स, आर्यन बुक सेलर्स, श्रीकबीर ज्ञान प्रकाशन केन्द्र, योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया, झारखंड झरोखा, पिनव्हिल पब्लिकेशन्स, यश प्रकाशन, समय प्रकाशन की पुस्तक रहेंगी। मेले के दौरान स्कूली बच्चों के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे।

# पतरातू में केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी सुप्रीमों श्री सुदेश कुमार महतो के अध्यक्षता में 6 जनवरी 2024 को अपश्र 12.30 बजे से पतरातु, रामगढ़ में केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित की गई है।

बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख एवं उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे।

साथ ही सभी अनुसंगी इकाई (अखिल झारखण्ड महिला संघ, अखिल झारखण्ड छात्र संघ, आजसू बुद्धिजीवी मंच, अखिल झारखण्ड श्रमिक संघ, अखिल झारखण्ड किसान संघ, अखिल झारखण्ड अधिवक्ता संघ, अखिल झारखण्ड उद्योग एवं व्यापार संघ, अखिल झारखण्ड पिछड़ा वर्ग महासभा, अखिल झारखण्ड अल्पसंख्यक महासभा, अखिल झारखण्ड अनुसूचित जनजाति महासभा, अखिल झारखण्ड अनुसूचित जाति महासभा एवं आजसू पार्टी कला-संस्कृति प्रकोष्ठ) के केंद्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित रहेंगे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## सीआईएसएफ जवान ने की आत्महत्या

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल के एनके एरिया अंतर्गत सीआईएसएफ हेडक्वार्टर डकरा में सीआईएसएफ का एक जवान विवेक सिंह वर्मा (35)ने बुधवार को अपने साथी हवलदार के ईंसास राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली.जवान ने ब्रस्ट फायर की थी और राइफल से निकली तीन गोलियां उसके माथे का चिथरे उड़ा दिए और मौके पर ही उसकी मौत हो गई.गोली की आवाज सुनते ही कैंप में अफरातफरी मच गया और सभी भागते हुए फायरिंग स्थल पर पहुंचे.घटना सुबह साढ़े 11 बजे की है.जानकारी अनुसार जवान दो दिन पहले ही छुट्टी से लौटा था और तबीयत खराब होने की बात कहकर फिर से छुट्टी ले लिया था.जानकारी अनुसार जवान बैरक में था और पास में ही मोर्चा नंबर तीन पर हवलदार संजय कुमार सिंह ड्यूटी पर तैनात था.हवलदार मोर्चा छोड़कर शौच के लिए जब निचे उतरा उसी समय विवेक मोर्चा पर चढ़ गया और भीतर से दरवाजा बंद कर खुद को गोली मार ली.जवान उत्तरप्रदेश के फतेहगढ़-फरुर्खाबाद का रहने वाला है.उसकी पत्नी कुमारी मनोरमा को जब घटना की जानकारी दी गई तो उन्होंने कहा कि उनकी जब बात हुई थी तो वे बिल्कुल ठीक थे.साथ रहने वाले जवानों को भी उसके तनाव में या परेशान रहने जैसा भनक नहीं लगा था एसे में उन्होंने एसा क्यों किया इसके बारे में सीआईएसएफ का कोई भी पदाधिकारी कुछ बात करने के लिए तैयार नहीं है.मृतक का एक दो साल का बेटा भी है और घर में मां-पिता,भाई-बहन सभी हैं.इसी साल 21 मई को वो बोकारो से स्थानांतरित होकर डकरा आया था और 2013 से नौकरी में था.जानकारी मिलने पर डीआईजी डीपी परिहार, कमांडेंट संदीप कुमार उप कमांडेंट मृत्युंजय सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली.

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत बुधवार को मांडर प्रखंड के लोयो स्कूल भवन में कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजन के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए राज्य सभा सासंद श्री अदित्या साहु ने कहा केंद्र सरकार समाज के दुर्गम क्षेत्रों में भी योजनाओं को पहुंचा रही है। केंद्र सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते हुए योजनाओं को बनाती है। उन योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार हो सके और वंचितों को उन योजनाओं से जोड़ा जा सके, उसके लिए पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक निर्णय लिये गये जिससे देश विकसित होने की राह पर है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई है। इस दौरान उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज़्यादा विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया। साथ ही ग्रामीणों का मनोबल बढ़ाया और सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर मौके पर मांडर की पूर्व विधायक श्रीमती गंगोत्री कूजूर ,भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो,भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के कार्यसमिति के सदस्य अनिल टाइगर, भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण के महामंत्री नरेन्द्र जी,लोयो पंचायत के मुखिया मंगरा उरांव पूर्व मुखिया शुकरा उरांव, टांगरबसली के मंडल अध्यक्ष अशोक साह,पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष मांडर प्रखंड के रामबालक ठाकुर,ग्राम प्रधान पेडाया पहान,अभिजीत तिवारी,मांडर के बीडीओ मनोरंजन कुमार,मांडर सीओ विजय हेमराज खलखो,तथा अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस आज

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान मे आज सिल्ली प्रखंड के प्रेम वाटिका लॉज सिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने गौरवशाली इतिहास का 138 वर्ष पूरे करने जा रही है, और 28 दिसम्बर 2023 को 139 वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है ,सिल्ली में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस धूम धाम से मानाया जायेगा! इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, सिल्ली विधानसभा प्रभारी परितोष सिंह, सिल्ली प्रखंड प्रभारी महताब आलम, जिला उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, साथ ही सिल्ली प्रखंड, सोनाहातु प्रखंड एवं राहे प्रखंड के कांग्रेस पदाधिकारीगण एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहेगें। उक्त जानकारी सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने दी है।

## बुढ़मू रोड मांडर में सड़क दुर्घटना से युवक घायल, रिम्स रेफर

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़मू रोड चटवल मोड़ में सड़क दुर्घटना में टाँगर बिजुपाड़ा निवासी 24 वर्षीय विजय उरांव पिता भोला उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि बुधवार शाम 6 बजे मांडर करगे से मांडर की ओर जाने के क्रम में स्कूटी तेज गति होने से अनियंत्रित होकर चटवल मोड़ में बने दीवाल को जा मारा। जिससे स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं सड़क में गुजर रहे जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने प्राथमिक उपचार के लिए मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ ने रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया।

## महावीर महतो ने बीडीओ को दिया आवेदन

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजसू छात्र संघ के उपाध्यक्ष महावीर महतो ने लुपुंग स्टेडियम परिसर में लगे 11हजार वोल्ट तार एवं खंबा को हटाने के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को एक आवेदन दिया। आवेदन देकर बताया कि प्रखण्ड स्तरीय लूपुंग स्टेडियम का निर्माण विगत कई वर्षों पहले लूपुंग पंचायत अंतर्गत कराई गई थी। उसके बाद कई बार हटाने के लिए आवेदन दिया गया है। लेकिन अभी तक स्टेडियम परिसर मैदान के बीचो-बीच लगे 11हजार वोल्ट तार एवं खंभा को हटाया नहीं गया है। जो की एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर इस आवेदन पर कार्रवाई करते हुए मैदान के बीचो-बीच तार एवं खंभा को नहीं हटाया गया तो हम सभी प्रखंड मुख्यालय के सामने अनिश्चितकाल के लिए धरना पर बैठने को बाध्य होंगे। मौके पर मुख्य रूप से आजसू मिडिया प्रभारी संजय महतो नरेश महतो इजाज अंसारी सुनील लोहरा उपस्थित थे।

## तमाड़ भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को तमाड़ भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष विष्णुपद महतो की अध्यक्षता में किया गया। वंदे मातरम गीत के साथ बैठक का प्रारंभ किया गया। बैठक में विषय प्रवेश के साथ स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने पहले कार्यकर्ताओं की उपस्थिति लिया एवं कार्यकर्ताओं को कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का कार्यकर्ता होने पर हमें गर्व होना चाहिए और उसी अनुरूप हमें सांगठनिक मजबूती हेतु कार्य करना चाहिए। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने अपने बुथ को सशक्त करने पर जोर देकर कार्य करना चाहिए। पन्ना प्रमुख,बुथ समिति, शक्ति केन्द्र सहित पूरे मंडल के टीम को मजबूत करने हेतु प्रत्येक कार्यकर्ता को काम करना चाहिए। बैठक में अपनी बांतों को रखते हुए अंड़की सांसद प्रतिनिधि अनुप साहु ने कहा कि केंद्र की योजनाएं जन-जन और अंतिम पंक्ति में बैठे गरीब लोगों के पास पहुंच रहा है परन्तु विपक्ष और राज्य की हेमंत सरकार द्वारा उसी योजना का श्रेय अपने नाम पर ले रहा है साथ ही राज्य की सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है बावजूद हम भाजपा के कार्यकर्ता मौन रहते हैं। हमें चुप्पी तोड़ भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने चाहिए और जनहित में कार्य करना चाहिए। बैठक में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सदस्य सह प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विधानसभा सदस्य रंजित लाहेरी ने कार्यकर्ताओं को क्षेत्र के परंपरागत कार्य से जुड़े लोगों को विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने हेतु जनसामान्य को जानकारी देने तथा उसे उसका लाभ दिलाने को कहा। बैठक को जिप सदस्य दिलीप सेठ, सुधिर मिश्र, राधामोहन महतो आदि ने भी संबोधित किया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में आज जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विशेष रूप से पुलिस अधिक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, एस. डी. पी.ओ, पुलिस उपाधीक्षक, जिले के वरीय पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी व अन्य उपस्थित थे। इसमें पूर्व में अवैद्य खनन के रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा किये कार्रवाई की समीक्षा की गई। मौके पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को जिले में अवैद्य खनन के स्थलों को चिन्हित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिला टॉस्क फोर्स को निर्देश दिया कि सुनियोजित रूप से अवैद्य तरीके से खनिज पदार्थों का खनन, परिवहन एवं पेड़ कटाई पर रोक लगाने की दिशा में आवश्यक पहल की जाए। बैठक में जिले में अवैद्य खनन, पेड़ कटाई, भंडरारण एवं परिवहन को रोकने हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने वन प्रमंडल, जिला खनन पदाधिकारी, प्रखंडों के अंचलाधिकरियों व थानेदारों को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित कर औचक छापेमारी की जाए ताकि अवैध खनन करने वाले लोगों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में अबतक कुल 121 मामलों में कार्रवाई की गई है जिसमें कुल 144 वाहनों को जप्त किया गया है जिसमें कुल 92 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, 45 वाहनों को राजसात हेतु प्रेषित किया गया है एवं 44 वाहनों से नियमानुसार दण्ड की राशि वसूल की गई है।

इस वित्तीय वर्ष में अबतक बालू के 71 प्राथमिकी में 47 अभियुक्तों एवं 80 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है तथा 41 वाहनों को राजसात हेतु प्रेषित किया गया है। साथ ही 22 वाहनों से नियमानुसार दण्ड की राशि वसूल की गई है। पत्थर के 8 प्राथमिकी में 17 अभियुक्तों एंव 11 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है तथा 4 वाहनों को राजसात हेतु प्रेषित किया गया है। साथ ही 22 वाहनों से नियमानुसार दण्ड की राशि वसूल की गई है। कोयला के 1 प्राथमिकी में 1 अभियुक्त एवं 1 वाहन पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में अबतक अवैध खनन / परिवहन के विरुद्ध कुल 92 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज की गई एवं कुल 71 लाख, 80 हजार राशि दंड शुल्क की वसूली की गई। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में अबतक खनन पट्टा /अनुज्ञप्ति (क्रशर) / ईट भट्ठा जांच में कुल 53 लाख 24 हजार राशि वसूल की गई।

## पिपरवार के बचरा दक्षिणी पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में टंडवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के विभिन्न विभागों के द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया।कार्यक्रम में टंडवा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवलाल उंराव, मुखिया रीना देवी,विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता और पूर्व मुखिया मीना कुमारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर शिविर का उदघाटन किया।शिविर मे जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,वृद्वा पेंशन, विधवा पेंशन,अबुआ आवास योजना,जॉब कार्ड,गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, राशन कार्ड में संशोधन, सावित्रीबाई फुले योजना, जाति प्रमाण पत्र,आय प्रमाण पत्र,बिरसा सिंचाई कूप योजना,लगान रसीद, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, हरा राशन कार्ड का फार्म, आयुष्मान कार्ड,आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड सहित अन्य सरकारी योजना से संबंधित लोगों ने अपना आवेदन जमा किया।मुखिया रीना देवी ने बताया कि शिविर मे बचरा दक्षिणी पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय बिशुझापा, अम्बेदकर नगर,डोम धोड़ा स्कुल के कुल 83 बच्चों को स्कुल ड्रेस,जुता,मोजा,स्वेटर दिया गया।वही 27 लाभुको के बीच कंबल का वितरण किया गया।जबकि 9 लोगो के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया।बीडीओ देवलाल उरांव ने बताया कि शिविर के माध्यम से पंचायत के ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है।

राज्य के सभी जिलों प्रखंडों और पंचायत में सरकार गांव पहुंचकर लोगों की समस्या का मौके पर समाधान कर रही है।इस मौके बीडीओ देवलाल उंराव,मुखिया रीना देवी, पूर्व मुखिया मीना कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता,बक्शी सिंह,मोहम्मद जमाल,अनिल सोनी,संतोष यादव,बंसत गुप्ता,जहांगीर मंसूरी,चन्दन शर्मा,धीरेन्द्र शर्मा,सरयु प्रसाद,गिरजा प्रसाद,उमेश यादव,सुभाष साव,चन्दन शर्मा सहित आंगनबाड़ी सेविका सहायिका सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## वंचितों और गरीबों को मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ : संजय सेठ




**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के लोटा पंचायत एवं लोवादाग पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।यात्रा में सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए एवं योजनाओं की जानकारी दी गई एवं वंचित लाभुकों से आवेदन भरा कर जमा कराया जा रहा है।यात्रा के दौरान सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री मोदी का एल?ईडी के माध्यम से लाईव प्रसारण देखा उसके बाद संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई। इस दौरान सांसद सेठ ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में वंचितों और गरीबों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई है, जिसमें सभी वंचित व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।प्रधानमंत्री के दूरदर्शी सोच का नतीजा है कि आज गांवों में समूह के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर जरूरतमंद को लाभ दिलाना है।अब ड्रोन के माध्यम से खेती पर दवाई छिड़काव का कार्य होगा। वहीं भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इस दौरान भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज,प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक, मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, बीडीओ रेणुबाला मुखिया लाल सिंह मुंडा,मुखिया नीलमणि देवी, रघुवीर महतो , विश्वनाथ महतो,हरेराम लोहरा, पंकज कुमार महतो समेत प्रखंड के अधिकारी, कर्मचारी ग्रामीण उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीण इलाकों में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामित्व, जन धन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना आदि की जानकारी देकर लाभ भी दिया गया।

## दो योजनाओं का शिलान्यास खिजरी विधायक ने किया



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खिजरी विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप ने नामकुम प्रखण्ड में दो महत्वपूर्ण योजना मार्शली पहाड़ स्थित मरियम अम्बा चौक से घघारी होते हुए पीसीसी पथ कुल लागत उनचालिस लाख चौरानब्बे हजार एवं ग्राम बलिकट में जिरकी टोली जाने वाले रास्ते में नाला पर पुल का निर्माण कुल लागत एक करोड़ चौसठ लाख रुपए की लागत कार्य का शिलान्यास किया। उक्त योजना खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर बनाई जा रही है। दोनों योजनाओं की मांग ग्रामीणों की वर्षो से मांग थी। घघारी पथ बन जाने से पर्यटन स्थल मार्शली पहाड़ आने-जाने में पर्यटकों को सहुलियत होगी। मौके पर जिला परिषद सदस्य रीता होरो, ग्राम प्रधान संदीप सांडिल, पूर्व कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विजय टोप्पो, उमाकांत राय, कल्याण लिण्डा, संतोष तिग्गा, सुशील रुण्डा, किरण लकड़ा, फ्रांसिस सांगा, जोवाकिम कच्छप, सुकरा लकड़ा, मंगल मुण्डा, डेलका मुण्डा, बाले ताम्बा, तेयफिल सांगा, नकुल बैठा, सिलवानुस रुण्डा, सुनाम देवी, बाहामनी कुजूर, रेशमा लकड़ा, संगीता हेमरोम, अनीता लकड़ा, खुदिया कच्छप, विनोद लोहरा, समीर टोप्पो, सहायक अभियंता अरुनाध्या कुमार, कनीय अभियंता सतीश चन्द्र सिंह, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।


## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा।

### मनरेगा अन्तर्गत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति संबंधित आवश्यक आम सूचना

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा के विज्ञापन ज्ञापांक 1112 (ii)/जि0ग्रा0, दिनांक 25.10.2023 द्वारा मनरेगा अन्तर्गत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर पूर्णतया संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में दावा–आपत्ति प्राप्ति के उपरांत स्वीकृत आवेदनों के आलोक में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) एवं लेखा सहायक के अभ्यर्थियों का लिखित दक्षता परीक्षा तथा ग्राम रोजगार सेवक के अभ्यर्थियों का मेधा सूची के आधार पर पदवार रिक्त पदों के विरूद्ध कोटिवार मूल प्रमाण पत्र संलग्न हेतु अभ्यर्थियों की सूची तैयार किया गया है। सफल अभ्यर्थियों की सूची जिले के वेबसाईट www.simdega.nic.in पर अपलोड किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों का मूल प्रमाण पत्रों का तत्काल सत्यापन किया जाना है, जिसकी तिथि निम्नवत् है :–

| क्र0 | पद का नाम | मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन तिथि | Reporting Time | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी | 28.12.2023 | प्रातः 10.30 बजे | जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा |
| 2 | तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) | | | |
| 3 | लेखा सहायक | | | |
| 4 | ग्राम रोजगार सेवक | | | |

नोट :– 1. सभी चयनित अभ्यर्थी अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता, आवासीय, जाति, जन्म तिथि प्रमाण–पत्र (मैट्रिक), शपथ पत्र का मूल प्रति ऑनलाईन आवेदन प्रति एवं सभी प्रमाण पत्रों की स्व0–अभिप्रमाणित छायाप्रति एक सेट के साथ उपरोक्त निर्धारित स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

2. सभी चयनित अभ्यर्थियों को अपने साथ एक अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो एवं आई0डी0 कार्ड (आधार कार्ड, पैन कार्ड यथा अन्य पहचान पत्र) लाना अनिवार्य होगा।

3. किसी चयनित अभ्यर्थियों द्वारा मूल प्रमाण–पत्र के साथ उपस्थित नहीं होने पर उनकी उम्मीदवारी स्वतः समाप्त समझी जायेगी।

4. सभी चयनित अभ्यर्थियों का उनके मूल प्रमाण पत्रों से मिलान एवं सत्यापन किया जायेगा। सत्यापन के क्रम में त्रुटि पाये जाने की स्थिति में उनके अभ्यर्थितता/मेधा सूची/वरीय क्रम पर आवश्यक निर्णय नियुक्ति समिति द्वारा ली जायेगी, जो अंतिम एवं सर्वमान्य होगी।

5. चयनित अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन के क्रम में त्रुटि पाये जाने की स्थिति में उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची में अंकित अभ्यर्थियों को अवसर दिया जायेगा, जिसकी सूचना प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को बाद में अलग से दी जायेगी।

6. वैसे अभ्यर्थियों जिनके आवेदन के साथ संलग्न शैक्षिणिक अंक पत्र में प्राप्तांक प्रतिशत के स्थान पर CGPA, DGPA, SGPA, AGPA आदि अंकित है, वे अपने CGPA, DGPA, SGPA, AGPA आदि को प्राप्तांक प्रतिशत में परिवर्तन करने के लिए अपने शैक्षिणिक संस्थान का Marks Conversion Certificate समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

7. वैसे अभ्यर्थियों जिनके द्वारा पी0जी0डी0सी0ए0 प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है, वे संबंधित संस्थान का मान्यता (AICTE/NIELIT/UGC etc.) संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त
–सह– जिला कार्यक्रम समन्वयक,
सिमडेगा।

PR 314491 Simdega(23-24)D



## कार्यालय, नगर निगम हजारीबाग

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर निगम हजारीबाग क्षेत्रान्तर्गत Jharkhad Local Bodies Advertisement Regulation, 2017 (JLBAR–2017) में वर्णित विज्ञापन/प्रदर्शनी प्रकार के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्धारित विभिन्न Outdoor Media Device (OMD) के लिए अनुज्ञप्ति शुल्क एवं विज्ञापन शुल्क की सूची निम्नवत् है। यह दिनांक 01.01.2024 से दिनांक 31.12.2024 के लिए मान्य होगा।

| Sl. No. | Typology | Typology Description | License Fee (In Rs.) For Every Year: Zone-A | Zone-Bm (60% of Zone-A) | Zone-C (30% of Zone-A) | Advertisement Tax (Per Sq. ft per year) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Typology A: OMD's on public transport services/Street Furniture | | | | | | |
| 1 | A1 | Bus and intermediate public transport (IPT) shelters | 15000 | 9000 | 4500 | Rs. 74 per sq ft per year |
| 2 | A2 | Bus IPT Route markers | 500 | 300 | 150 | Rs. 25 per sq ft per year |
| 3 | A3 | Foot Over Bridge, Toilet Blocks and urinals | 1000 | 600 | 300 | Rs. 25 per sq ft per year |
| 4 | A4 | Cycle Station | 1000 | 600 | 300 | Rs. 25 per sq ft per year |
| 5 | A5 | Police Booth, parking Booth, Telephone Booth, Pre paid taxi booth, Bus/Rail Booking information booth, drinking water facility, vending kiosks, kiosks outside colonies to facilitate direction/payments of bills etc. | 500 per kiosk | 500 per kiosk | 500 per kiosk | Rs. 25 per sq ft per year |
| 6 | A6 | Sitting Bench, Garbage Bins | 500 per kiosk | 500 per kiosk | 500 per kiosk | Rs. 25 per sq ft per year |
| Typology B: OMDs on Public transport system | | | | | | |
| 7 | B1 | Metro/MRTS | NA | NA | NA | NA |
| 8 | B2 | Transport Barricading | 500 (per kiosk) | 500 (per kiosk) | 500 (per kiosk) | Rs. 75 per sq ft per week |
| 9 | B3 | Public Transport Vehicle (E Rickshaw, City Bus etc) | 500 per vehicle | 500 per vehicle | 500 per vehicle | Rs. 97.50 per sq ft per week |
| Typology C: OMD's on commercial advertising structure's on public land | | | | | | |
| 10 | C1 | Billboards/Hoarding on public lands | 2000 (per spot) | 1200 (per spot) | 600 (per spot) | Rs. 81 per sq ft per year |
| 11 | C2 | Unipole/Monopole, Overhead arches on public lands | 5000(per spot) | 3000(per spot) | 1500(per spot) | Rs. 180 per sq ft per year |
| 12 | C3 | Pole Kiosk, Lollipop on public lands/building | 200(per spot) | 120(per spot) | 60(per spot) | Rs. 81 per sq ft per year |
| Typology D: OMD's commercial advertising structure's on private land | | | | | | |
| 13 | D1 | Billboards/Building boards, wall wraps onon private lands/Building | 2000(per spot) | 1200(per spot) | 600(per spot) | Rs. 36 per sq ft per year |
| 14 | D2 | Unipole/Monopole, Overhead arches on private land/ Building | 2000(per spot) | 1200(per spot) | 600(per spot) | Rs. 75 per sq ft per year |
| 15 | D3 | Pole Kiosk, Lollipop on private lands/building | 2000(per spot) | 1200(per spot) | 600(per spot) | Rs. 36 per sq ft per year |
| Typology E: Events | | | | | | |
| 16 | E1 | Temporary events | 2500 (per event) | 2500(per event) | 2500(per event) | Rs. 15 per sq ft per week |
| Typology F: Land Scape Advertising | | | | | | |
| 17 | F1 | Landscape advertising/Tree guards | 500 (per Tree) | 300(per Tree) | 150(per Tree) | Rs. 10 per sq ft per year |
| Typology G: Shop Signage | | | | | | |
| 18 | G1 | Self Advertising | - | - | - | Rs. 180 per sq ft per year |
| TypologyH: Innovative Advertising (Illustrative list in H1 but not limited to this list as it is not exhaustive list) | | | | | | |
| 19 | H1 | Innovative advertising including trailer advertising, Bicycle, auto rickshaw, Handcart or any vehicle including LCD, LED, Blinds, Ballons, (Including Mobile Display), Bunting | 500 (per spot) | 500 (per spot) | 500 (per spot) | Rs. 97.50 per sq ft per year |
| Typology I: Cinema advertising | | | | | | |
| 20 | I1 | In cinema on screen advertising including slides advertisement and advertisement films (Moving Advertisements) | 6000 per screen | 6000 per screen | 6000 per screen | 75 per sq.ft per year |
| TypologyJ: Inside Commercial Building & Public Buildings | | | | | | |
| 21 | J1 | Inside commercial Building and Public Building | - | - | - | Rs. 180 per sq ft per year |
| 22 | Wall Painting | | | | On Govt. lands Rs. 97.50 per sq. ft. | On private lands Rs. 97.50 per sq. ft. |

| क्रमांक | विज्ञापन/प्रदर्शनी का प्रकार | Advertisement Fees |
|---|---|---|
| 1 | तौरण द्वार | Rs 2250 per for 3 days |
| 2 | दुकानदार व्यवसायियों द्वारा लगाए गए प्रतिष्ठान दुकान के बाहरी हिस्से में विज्ञापन | Rs 180 per sq.ft per year |
| 3 | ट्रैफिक पुलिस पोस्ट | Rs 3900 per sq.ft per year |
| 4 | पुलिस पोस्ट | Rs 3900 per sq.ft per year |

दण्ड प्रावधान

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | यदि कोई यक्ति/ संस्था हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत में बिना अनुमति के किसी प्रकार के पोस्टर, होर्डिंग, फेम, पोस्ट, कियोस्क रचना, वाहन पर विज्ञापन, नियोन साईन या स्काई साईन आदि का प्रदर्शन करता है। | झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम–2011 की धारा 600, | चलान/रसीद के माध्यम से रू० 25000/– तक एवं रू०100/–प्रतिदिन के अलावा के लिए |
| 2 | यदि किसी व्यक्ति द्वारा हजारीबाग नगरनिगम क्षेत्रान्तर्गत में विज्ञापन कर (ADVERTISEMENT) दिए बिना किसी तरह का विज्ञापन लगाया/रखा/प्रदर्शित किया जाता है, तब विज्ञापन दर के 5 गुणातक का दण्ड जा सकता है। | झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम–2011 की धारा 602, | विधिपूर्वक देय टैक्स का कम से कम 2 गुणा या अधिनियम 5 गुणा तक चलान/रसीद के माध्यम से। |

नियमावली का कंडिका 3 के तहत सभी विज्ञापन कर्त्ता, एजेन्सी अथवा संस्थान को नगर निकाय अन्तर्गत विज्ञापन प्रदर्शनी हेतु पंजीकृत कराना अनिवार्य है। पंजीकरण/नवीकरण प्रति वर्ष कराना होगा तथा निबंधन की अवधि एक वर्ष की होगी, निबंधन हेतु प्रतिवर्श 25000/– (पच्चीस हजार) की दर से बैंक ड्राफ्ट **MUNICIPAL COMMISSIONER, HAZARIBAGH MUNICIPAL CORPORATION** के नाम से जमा करना अनिवार्य होगा। पंजीकरण/नवीकरण के उपरान्त ही सभी विज्ञापनकर्त्ता, एजेन्सी अथवा संस्थान को नए स्थलों पर विज्ञापन पट्ट अधिश्ठापन की स्वीकृति दी जाएगी।

प्रशासक–सह–नगर आयुक्त
नगर निगम हजारीबाग

PR 314459 (Urban Development and Housing)23-24*D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## यूपी के प्रभारी पद से प्रियंका को मुक्त होने के बाद तरह-तरह की चर्चा

अभी हाल में कांग्रेस ने बड़ा सांगठनिक फेरबदल किया. इस फेरबदल में प्रियंका गांधी को यूपी के प्रभारी पद से छुट्टी कर दी गई. इसे लेकर तरह-तरह की चर्चा है.लोग यह जानना चाह रहे हैं कि आखिर यूपी के प्रभारी पद से प्रियंका गांधी क्यों मुक्त हुई कोई कह रहा है कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनावों में बड़ी जिम्मेदारी मिलने वाली है. कुछ लोग कह रहे हैं कि प्रियंका को कांग्रेस में महत्वहीन बनाए रखने की साजिश चल रही है. कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि उनको हटाया नहीं गया है, उन्होंने खुद ही पूरे देश के लिए काम करने की इच्छा जताई है. इसमें दो राय नहीं हो सकती है कि प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए केवल यूपी में काम करने के बजाय पूरे देश में काम करना ज्यादा सम्मान की बात है और वो उसके उपयुक्त भी हैं. इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने काफी समय से यूपी में आना जाना भी कम कर दिया था जिससे ये संकेत मिलने लगे थे कि वो यूपी के प्रभार से मुक्त होना चाहती हैं. पर कांग्रेस में आज भी यूपी को मजबूत करने के लिए उनके जितना बड़े कद का कोई और नहीं है. अविनाश पांडे पुराने कांग्रेसी हो सकते हैं पर यूपी में आज भी कांग्रेस से बाहर उन्हें कोई नहीं जानता है. पिछले महीने जब प्रदेश कार्यसमिति का गठन किया गया तो भी प्रियंका गांधी के करीबी लोगों की छुट्टी कर दी गई. तो क्या पार्टी के अंदर उनके लिए सब ठीक नहीं चल रहा है. क्या राहुल गांधी और उनके बीच कुछ तनाव है या पार्टी पर वर्चस्व की जंग चल रही है. यूपी में प्रियंका के लाख प्रयासों के बावजूद कांग्रेस क्यों नहीं उठ पाई इस बारे में कहा जा रहा है कि प्रियंका गांधी के निजी सचिव संदीप सिंह के व्यवहार से पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता तंग आ चुके थे. प्रियंका के मुलाकातियों की लिस्ट संदीप से ही होकर गुजरती थी. जिसे वह नहीं चाहते, उसका नाम आगे नहीं जाता था. संदीप और विवादों का नाता चोली-दामन सरीखा है. वह कांग्रेस में अपनी पैठ बनाने के लिए राहुल गांधी की टीम में शामिल हो गए. जब प्रियंका यूपी आई तो संदीप उनके निजी सचिव होकर आए. यूपी में तो विवाद उनका पीछा ही नहीं छोड़ रहे थे. सोनभद्र में पत्रकार को धमकाने और सरकारी ड्राइवर से मारपीट का आरोप लगा. लॉकडाउन में बस विवाद, चुनाव प्रबंधन, टिकट बंटवारे और इससे जुड़े तमाम आरोप उनके ऊपर लगते रहे. एक महिला कांग्रेसी और बिग बॉस पार्टिसिपेंट ने भी संदीप सिंह पर गंभीर आरोप लगाए थे. संदीप की लगातार शिकायतें ऊपर तक पहुंच रही थीं. जो भी हो, यूपी में कांग्रेसी कार्यकर्ता बहुत खुश हैं कि इसी बहाने संदीप सिंह से छुटकारा मिला. यहां प्रियंका की जगह अविनाश पांडे को प्रभारी बनाया गया है. यूपी में जाति की राजनीति अहम है. वहां ब्राह्मण समुदाय के पांडे की नियुक्ति को पार्टी की राजनीतिक गणित के तौर पर देखा जा रहा है. दरअसल पार्टी यूपी में बीजेपी से ब्राह्णों को खींचने की तैयारी में है. यूपी में ब्राह्ण कांग्रेस के परंपरागत वोटर रहे हैं.अविनाश पांडे को प्रभारी बनाकर प्रभारी यह संदेश देना चाहती है कि ब्राह्मणों का भविष्य कांग्रेस राज में उज्ज्वल है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्वी यूपी से आते हैं और पार्टी का भूमिहार चेहरा हैं. पांडे को यूथ कांग्रेस के दिनों से ही उनके संगठनात्मक कौशल के लिए जाना जाता है और पार्टी के अंदरखाने के लोगों का कहना है कि शीर्ष नेतृत्व को ऐसा लगता है कि पांडे राज्य में फिर से संगठन खड़ा करने में मदद कर सकते हैं.प्रियंका गांधी पर चूंकि पूरे देश की जिम्मेदारी थी इसलिए वे यूपी में ग्राउंड लेवल पर काम नहीं कर पा रही थी. कांग्रेस को उम्मीद है कि अविनाश पांडे अपने 65 साल के राजनीतिक अनुभव का इस्तेमाल यूपी में कांग्रेस को मजबूत करने में करेंगे.पांडे ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत 1970 के दशक में कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई से किया था. इसके बाद वह धीरे-धीरे पार्टी में बड़े पदों तक पहुंचते रहे. बीच-बीच में इस तरह की खबरें आती रहती हैं कि राहुल गाधी और प्रियंका वाड्रा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है. अविनाश पांडे राहुल गांधी की टीम के माने जाते रहे हैं. इसलिए यह भी कहा जा रहा है कि राहुल अब पूरी पार्टी पर अपना नियंत्रण कायम करना चाहते हैं. खरगे ने जो टीम बनाई है उस पर राहुल गांधी की छाप नजर आ रही है.सचिन पायलट समेत कई ऐसे लोग हैं जो राहुल गांधी के नजदीकी हैं जिन्हें इस बार कार्यसमिति में महत्व मिला है. सोनिया गांधी भी पूरी तरह राहुल के साथ हैं. इंडिया गठबंधन की मीटिंग से प्रियंका हमेशा ग़ायब रही. बीजेपी ने प्रियंका गांधी के इंडिया गठबंधन के कार्यक्रमों से प्रियंका के न रहने पर भी सवाल उठाया था. यह सवाल आम भारतीयों के मन में भी बार-बार उठता है कि आखिर क्या कारण है कि कांग्रेस में राहुल गांधी के मुकाबले प्रियंका को कम जिम्मेदारी मिलती है, जबकि प्रियंका किसी भी मामले में कहीं से भी राहुल गांधी से कमतर नहीं है. और ये भी सब जानते हैं कि कांग्रेस में राहुल और प्रियंका दो अलग-अलग गुट हैं.इसलिए जब तक प्रियंका को कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं मिलती है तब तक तो यह सवाल उछलता ही रहेगा कि क्या गांधी फैमिली में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है? साल 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रियंका गांधी ने शुरुआत की और 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की कमान तो पूरे तौर पर संभाल ली.इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि प्रियंका के आने से यूपी में कांग्रेस के पक्ष में बाजी क्रिएट हो गया था।

### 'डिया गठबंधन विपक्षी दलों के साथ चौथी बार फिर से दिल्ली में एक छत के नीचे आया

## इंडिया गठबंधन सिर्फ बैठकें ही करता रहेगा या इन बैठकों का कुछ परिणाम भी निकलेगा

ललित गर्ग

लोकतंत्र की मजबूती के लिये सशक्त विपक्ष बहुत जरूरी है, लेकिन विपक्षी दलों की संकीर्ण सोच, सिद्धान्तविहीन राजनीति एवं सत्ता लालसा ने विपक्ष की राजनीति को नकारा कर दिया है। सोचा गया था कि इंडिया गठबंधन विपक्ष से जुड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी की लौ को फिर से प्रज्ज्वलित कर सकेगा और ऐसी सोच एवं राजनीतिक प्रणाली का निर्माण करेगा जो वास्तव में लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए हो। लेकिन ऐसा न होना इंडिया गठबंधन की बड़ी असफलता है और आने वाले वर्ष 2024 के लोकसभा में उसकी भूमिका टांय-टांय फिस ही होती हुई नजर आ रही है।

**संसदीय** अवरोध, विपक्षी दलों के 143 सांसदों के निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने की घटनाओं से आक्रामक हुए राजनैतिक माहौल के बीच 28 पार्टियों का इंडिया गठबंधन विपक्षी दलों के साथ चौथी बार फिर से दिल्ली में एक छत के नीचे आया। बैठक का उद्देश्य था कि विपक्षी दलों के बीच सीट शेयरिंग एवं संयोजक के नाम पर सहमति सहित कई मुद्दों पर एक राय कायम करना। लेकिन इंडिया गठबंधन की इस बैठक में दल भले ही आपस में मिले, लेकिन दिल नहीं मिल पाये। लोकतंत्र की मजबूती के लिये सशक्त विपक्ष बहुत जरूरी है, लेकिन विपक्षी दलों की संकीर्ण सोच, सिद्धान्तविहीन राजनीति एवं सत्ता लालसा ने विपक्ष की राजनीति को नकारा कर दिया है। सोचा गया था कि इंडिया गठबंधन विपक्ष से जुड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी की लौ को फिर से प्रज्ज्वलित कर सकेगा और ऐसी सोच एवं राजनीतिक प्रणाली का निर्माण करेगा जो वास्तव में लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए हो। लेकिन ऐसा न होना इंडिया गठबंधन की बड़ी असफलता है और आने वाले वर्ष 2024 के लोकसभा में उसकी भूमिका टांय-टांय फिस ही होती हुई नजर आ रही है। क्योंकि चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन में एकजुटता की बातें हवा हो रही हैं। न संयोजक और न ही प्रधानमंत्री और न ही नरेन्द्र मोदी के सामने कौन चुनाव लड़े, के नाम पर सहमति बन पायी है। आज दुनियाभर में लोकतंत्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। भारत में विपक्ष की नकारात्मक स्थितियों के कारण यह संकट ज्यादा बढ़ा है। इसका कारण है विपक्ष से जुड़े संस्थानों, राजनीतिक हस्तियों और लोकतांत्रिक निर्णयों का आधार बनने वाली प्रणालियों पर धीरे-धीरे कम हो रहा भरोसा। विश्वास का यह संकट तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। आज हमें विपक्षी राजनीतिक तंत्र पर मौलिक विचार मंथन के बाद पुनर्मूल्यांकन कर इन्हें पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि बदलती हुई सामाजिक एवं राष्ट्रीय जरूरतों के साथ सामंजस्य स्थापित किया जा सके और सरकार एवं शासन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकें जिसमें राजनीतिक प्रक्रियाओं का नहीं बल्कि नागरिकों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का महत्त्व हो। इंडिया गठबंधन की प्रथम अपेक्षा है कि इससे जुड़े सभी दलों में आपसी सहमति एवं एकजुटता बने। लेकिन चौथी बैठक में ऐसा होता हुई नहीं दिखा। सबसे खास बिहार के मुख्यमंत्री और इंडिया गठबंधन की नींव रखने वाले नीतीश कुमार ने जल्द से जल्द सीट शेयरिंग के मुद्दे पर आम सहमति बनाने की अपील की, लेकिन जिस बात का डर शुरू से था वही हुआ। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ऐसा प्रस्ताव रख दिया, जिससे विपक्षी एकजुटता में सेंध लगी और राजनीतिक माहौल गरमा गया। ममता दीदी ने चाल




चलते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री/संयोजक पद के लिए रख दिया जबकि इस नाम के लिए नीतीश प्रारंभ से लामबंदी कर रहे थे। खड़गे का नाम सुनते ही ना सिर्फ नीतीश बल्कि नीतीश के नाम के पीछे अपने बेटे तेजस्वी का भविष्य तलाशने वाले लालू यादव भी नाराज हो गए। नाराजगी ऐसी कि दोनों दिग्गज लालू और नीतीश कुमार गठबंधन की बैठक के बीच से ही निकल गए और साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी शामिल नहीं हुए। ऐसे में ये भी सवाल उठता है कि क्या गठबंधन में सिर्फ बैठकें होंगी या फिर कुछ निष्कर्ष भी निकलेगा। क्या गठबंधन लोकसभा चुनाव की कोई प्रभावी एवं सार्थक चुनावी प्रक्रिया तय कर पायेगा? क्योंकि लोकसभा चुनाव में अब 6 महीने से भी कम का समय बचा है। मोदी के रथ पर सवार बीजेपी को हराने के लिए इंडिया गठबंधन ऐड़ी चोटी का जोड़ तो लगा रही है, लेकिन सभी दल एक मुद्दे पर सहमत नहीं हो पा रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन कोरा सत्ता के लिए प्रयत्नशील हैं लेकिन लोकतांत्रिक आदर्श के लिए नहीं। ऐसा माना जाता है कि सत्ता समझौतों पर टिकी होती है और आदर्श सिद्धांतों पर। दोनों में संतुलन और सामंजस्य की स्थितियां दुर्लभ होती जा रही हैं। विपक्षी दल चाहे कितनी ही समस्याएं पैदा करते हों, लेकिन अगर वे अलग-अलग मुद्दों से ज्यादा नीतिगत प्रश्नों पर ध्यान दें तो उन्हीं के जरिए लोगों को आकर्षित कर सकते हैं। कोई भी दल सत्ता में आने के लिए गठबंधन तब करता है जब अकेले सरकार बनाने या जीतने की स्थिति में नहीं होता। लेकिन आदर्शवादी राजनीतिक सोच इसे सत्तामोह और समझौतावाद कहते हैं। इसका अर्थ यह है कि सिद्धांतवादी दलों को किसी से गठजोड़ नहीं करना चाहिए, भले उसका परिणाम राजनीतिक असफलता ही क्यों न हो। लेकिन राजनीति में गठबंधन एक विवशता बनती जा रही है, क्योंकि किसी भी विपक्षी दल में सिद्धान्त एवं मूल्यों की राजनीति करने का माद्दा नहीं उभर पा रहा है। इंडिया गठबंधन लोकतंत्र की ताकत बनना चाहिए क्योंकि इसने एकदलीय सत्ता का युग खत्म होने के बाद राजनीतिक अस्थिरता और खर्चीले चुनावों के खतरे के प्रति सचेत होकर गठबंधन की सीख बहुत जल्दी ले ली। लेकिन गठबंधन की बुनियादी सोच को विकसित किये बिना ऐसा करना जल्दबाजी एवं सत्ता मोह का निर्णय ही अधिक प्रतीत हो रहा है जिसका कोई सार्थक परिणाम आता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। भले ही विपक्षी दल सिद्धांत और विचारधारा के बदले आर्थिक विकास और व्यापार-रोजगार जैसे नारों से लोगों को लुभा लें। लेकिन ऐसा करते हुए वे अवसरवाद की पुष्टि और विचारधारा के अवमूल्यन के लिए उदाहरण ही प्रस्तुत करते हैं। ऐसे दलों के नेताओं का चरित्र एवं साख भी कोई प्रभावी रंग नहीं दिखा पाती। वे एक दल से दूसरे दल में बेहिचक आते-जाते हैं, पितृदल छोड़ कर नए-नए दल बनाते हैं। यह सब राजनीतिक विचारधारा के अंत का सूचक है। यह देश का दुर्भाग्य है कि राजनीति में सिद्धांतों और मूल्यों की बातें मजाक होकर रह गई हैं। बड़ी सोच एवं बड़ी दृष्टि इन विपक्षी दलों में पनप ही नहीं पा रही है। इंडिया गठबंधन में कुछ संभावना बनी थी, लेकिन उसमें भी न तो बड़ी दृष्टि है न देश की सही समझ और न ही बड़ी लड़ाई लड़ने का दम और जीवट दिखाई पड़ता है। अगर वाकई देश को राजनीतिक विनाश के रास्ते से हटा कर सही एवं सकारात्मक रास्ते पर लाना है तो जीवट नेतृत्व की अपेक्षा है। ऐसा विपक्षी नेतृत्व उभरे जिसमें समझ और तप दोनों का समावेश हो। राष्ट्र एवं समाज को विनम्र करने का हथियार मुद्दे या लॉबी नहीं, पद या शोभा नहीं, ईमानदारी है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार, समाज, संस्था व संविधान ईमानदारी से चलते हैं, न कि झूठे दिखावे, आश्वासन एवं वायदों से। दायित्व और उसकी ईमानदारी से निर्वाह करने की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। मनुष्य हर स्थिति में मनुष्य रहे। अच्छी स्थिति में मनुष्य मनुष्य रहे और बुरी स्थिति में वह मनुष्य नहीं रहे, यह मनुष्यता नहीं, परिस्थिति की गुलामी है। हमारा विपक्षी नेतृत्व अपने पद की श्रेष्ठता और दायित्व की ईमानदारी को व्यक्तिगत अहम् से ऊपर समझने की प्रवृत्ति को विकसित कर मर्यादित व्यवहार करना सीखें अन्यथा शतरंज की इस बिसात में यदि प्यादा वज़ीर को पीट ले तो आश्चर्य नहीं। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? लोगों के दिलों को जीतने की राजनीति ही सार्थक परिणाम लाती है, विपक्षी दल यह बात भूल कर कब तक अंधेरे में तीर चलाते रहेंगे। विपक्षी दलों को लोगों के विश्वास का उपभोक्ता नहीं अपितु संरक्षक बनना होगा। भारत न केवल अपने आकार के कारण, बल्कि तेजी से बदलती दुनिया में अनुकूलन और पनपने की अपनी क्षमता के कारण दुनिया की एक महाशक्ति बन रहा है।

दृष्टि कोण

## 21वीं शताब्दी में दुनिया झेल रही है समुद्री लुटेरों का आतंक

**गैलेक्सी** पर फिल्मी अंदाज में किया गया हमला और इसके बाद इजरायल को धमकियां देना, इस बात का सबूत है कि आज के जमाने के समुद्री लुटेरे सिर्प धन ही नहीं लूटते बल्कि दुनिया की सुरक्षा का खतरा बनने के लिए राजनीति भी करते हैं। यह 19 नवंबर 2023 का एक सामान्य दिन था। तरुकिये से एक कागरे जहाज भारत आ रहा था। अचानक इस मालवाहक जहाज 'गैलेक्सी लीडर' पर एक हेलिकॉप्टर उतरता है और उसके अंदर से वुछ हथियारबंद लोग निकलते हैं। जहाज का 'व्रू' वुछ समझ पाता, इसके पहले ही चालक दल के 25 सदस्यों को हथियारबंद लोग अगुवा कर लेते हैं और मालवाहक जहाज को अपने इशारे पर यमन के बंदरगाह ले जाते हैं। आपको भले लग रहा हो कि यह हॉलीवुड की किसी फिल्म की पटकथा है, जिसमें समुद्र में सफर कर रहे जहाज पर हमला होता है। जी नहीं, यह कोई फिल्मी पटकथा नहीं बल्कि गुजरे महीने घटी एक ऐसी जहाज अपहरण की घटना है, जो हाल के दिनों में काफी आम हो गईं है। सुनने में भले अजीब लगे, लेकिन समुद्री डवैतियां



अभी भी हकीकत हैं। इन दिनों समुद्री डवैतों के जिस एक गिरोह ने पूरी दुनिया को चिता में डाल रखा है, वह यमन के हूती विद्रोहियों का गुट है, जिसे ईंरान का समर्थन हासिल है। समुद्री जहाजों का अपहरणकर्ता यह इतना ताकतवर गुट है कि लाल सागर से गुजर रहे जहाजों पर ड्रोन से हमला करता है, हेलिकॉप्टर से उड़ान भरकर बीच समुद्र में उनका अपहरण कर लेता है और हद तो यह है कि इसके पास हाईरेंज गन भी मौजूद हैं, जिनसे यह सुरक्षा के वास्ते आ रहे हेलिकॉप्टरों और लड़ावू जहाजों पर हमला भी बोल देता है। साल 2014 से गृहयुद्ध में उलझे यमन का यह एक ऐसा विद्रोही गुट है, जिसने 21वीं सदी में समुद्री व्यापार को न सिर्प असुरक्षित कर दिया है बल्कि अपनी हरकतों से बाजार में असुरक्षा का माहौल बना दिया है। इसकी इन आपराधिक वारदातों के कारण दुनिया में महंगाई बढ़ जाने का खतरा पैदा हो गया है और अंतर्राष्ट्रीय कारोबार में बाधा खड़ी होने की स्थितियां हो गईं हैं। यही वजह है कि अब अमेरिका और भारत के नेतृत्व में कईं सारे देश मिलकर लाल सागर की सुरक्षा को गंभीरता से ले रहे हैं। गुजरे 26 सितंबर 2023 को नईं दिल्ली में आयोजित 13वें हिंद प्रशांत सेना प्रमुखों के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ शब्दों में इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि भारत प्रशांत क्षेत्र की जटिलताओं से निपटने के लिए तैयार है। राजनाथ सिंह ने समुद्री डवैतियों और अपहरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि हिंद प्रशांत अब केवल समुद्र निर्माण नहीं है बल्कि यह एक भू-रणनीतिक रचना है, इसलिए इस क्षेत्र के सभी समुद्री सीमा विवादों और समुद्री डवैती सहित सुरक्षा चुनौतियों जैसी जटिलताओं से निपटना होगा। इस क्षेत्र के लिए बने सिद्धांत 'सर्वल ऑफ वंशर्न' के चलते ही इसी 16 दिसंबर 2023 को अमरीकी नेवी ने हूती विद्रोहियों पर करारा हमला करते हुए, उसके 12 से ज्यादा ड्रोन को मार गिराया है। अमरीकी न्यूज चैनल सीएनएन ने इसकी रिपरेटिंग करते हुए कहा है कि हूती विद्रोहियों के लगातार सिरदर्द के बाद अमेरिकी वॉरशिप लाल सागर में पूरे एक्शन में आ गया है। गौरतलब है कि अमरीकी नेवी के इस एक्शन के बाद अमरीकी डिपेंस मिनिस्टर लॉयल ऑस्टिन ने कहा है कि लाल सागर में सिर्प इजरायल या अमरीका को ही नहीं, हर उस देश को खतरा है, जो आज की तारीख में वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ है। दरअसल पिछले नवंबर महीने में हूती विद्रोहियों ने तरुकिये से भारत आ रहे गैलेक्सी लीडर मालवाहक जहाज का इसलिए अपहरण कर लिया था, क्योंकि उसे लग रहा था कि यह इजरायल का जहाज है। लेकिन यह जहाज इजरायल का नहीं था और न ही इसमें कोईं इजरायली स्टाफ था। जहाज में बहुत मामूली सा शेयर भले एक इजरायली के पास भी है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## रोजगार के सवाल पर लोगो को लगातार छला जा रहा : समसूद खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** लोकल सेल सिरका में कांग्रेस पार्टी के भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर बुधवार को कांग्रेस जिला महासचिव समसूद खान के नेतृत्व में सीसीएल अरगड्डा क्षेत्रीय प्रबंधन को एक मांग पत्र सौपा गया हैं। जिसे प्रबंधन की ओर से एसओपी फैयाजुल हक, अंबष्ठा साहब ने लिया। पत्र में कहा गया है कि बरसों से कांग्रेस सिरका लोकल सेल में अपनी भागीदारी, क्षेत्र में रोजगार व बरसों से मांग के सवाल को लेकर आंदोलनरत हैं। कहा गया कि इसे लेकर कांग्रेस के कई कार्यकर्ता जेल भी जा चुंके हैं। लेकिन हमें लगातार छला गया हैं। बीते साढ़े चार वर्षों से सिरका लोकल सेल बंद था। अब सीटीओ आने के बाद फिर से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। जिस प्रकार झारखंड मुक्ति मोर्चा, रैयत विस्थापित मोर्चा और आजसू को रोड सेल



सिरका में भागीदारी मिलती हैं। इसी प्रकार कांग्रेस को भी भागीदारी देनी होगी। प्रबंधन की अनदेखी लापरवाही के कारण बीते 1992 के दशक में रेलीगढ़ा में मासस के आंदोलन में 30 से 40 लोगों की जान चली गई थी। कांग्रेस ने मांग किया कि लोकल सेल सिरका में समिति के पास मजदूरों का एक करोड़ बकाया हैं, जिसे मजदूरों को वापस किया जाए, सेल लोडिंग चार्ज बढ़ाया जाए, सिरका सेल दंगलों की भौतिक जांच की जाए। यदि 10 दिनों के अंदर मांग पूरी नहीं होती है तो बृहद आंदोलन चक्का जाम में हजारों की संख्या में लोग मैदान में उतरेंगे। जिसमें किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर प्रबंधन जिम्मेवार होगा। प्रतिलिपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक रामगढ़, जिलाध्यक्ष रामगढ़, डीसी, एसपी, एसडीओ, एसडीपीओ, थाना प्रभारी रामगढ़, थाना प्रभारी गिददी, पीओ सिरका को दी है। मौके पर अमर मुंडा, सोमीर डे, राहुल सिंह, कृष्णा पासवान, असगर अंसारी, सिकंदर मुंडा, पिंटू अंसारी, हसन अंसारी, तबारक अंसारी, अकबर अंसारी, दीपक राम, सुरेश साव, पप्पू घटवार, पन्नू भुईयां, पन्नू राम, अमित सिंह, विजय सिंह, मुकेश सिंह, मंगल सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने सिरका रोड सेल में सौ प्रतिशत भागीदारी देने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** साधु मोड़ जीएम ऑफिस सिरका में बुधवार को रैयत विस्थापित मोर्चा की एक अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीण रैयतो ने खुल रहे सिरका लोकल सेल में रोजी रोजगार के सवालों पर अपने विचार रखें। साथ ही सेल में रैयतो को 100त्न भागीदारी देने की बातें कहीं। ग्रामीणों ने कहां कि हम लोगों को सिरका लोकल सेल में पूरा हक, अधिकार नहीं मिल पाता हैं। जिस कारण रैयतो के कई परिवार सदस्य बेरोजगार बैठे हैं। बैठक की अध्यक्षता भागीरथ महतो व संचालन काशीनाथ बेदिया ने किया। अवसर पर रमेश बेदिया, जलेश्वर महतो, संतोष प्रजापति, अजय करमाली, गोपी प्रजापति, लालमोहन बेदिया, कुंवर महतो, अरुण बेदिया, सूरज करमाली, शिबू बेदिया, संतोष महतो, जोगन बेदिया, गौरी शंकर बेदिया, बालेश्वर महतो, गोविंद प्रजापति, काली प्रजापति, संदीप प्रजापति, जीतराम महतो, शिवा महतो, कर्मचंद उरांव, महेंद्र उरांव, आकाश उरांव, शंभू उरांव, दीपक प्रजापति, रंजीत बेदिया, महेश बेदिया, बालदेव बेदिया, अजय बेदिया सहित कई रैयत मौजूद थे।

## विकसित व संकल्प भारत यात्रा का दुलमी प्रखंड में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ के तहत ग्राम पंचायत दुलमी प्रखण्ड के दुलमी व होन्हे पंचायत में संकल्प भारत व विकसित भारत के वाहन के आगमन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री योजना के लाभुको के द्वारा लाभान्वित होने की खुशी में चर्चा की गई, साथ ही हमारे देश के प्रधानमंत्री को धन्यवाद व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी जन गण एक साथ विकसित भारत व आत्मनिर्भर भारत 2047 तक बनाने के लिए शपथ ग्रहण किया गया । कार्यक्रम में बैंक व पोस्ट ऑफिस से आये अधिकारीगण योजनाओ की जानकारी विस्तृत रूप से दिए। वही कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी द्वारा जैविक कृषि का लाभ बताया गया, आधुनिक खेती के बारे में भी बताएं, प्रदर्शनी के दौरान इलेक्ट्रोनिक ड्रोन के द्वारा खेतो में नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया कार्यक्रम ग्रामीण के लिए यह आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस मौके पर भाजपा के रणजय कुमार उर्फ कुण्टू बाबू,दुलमी प्रभारी, चन्द्रशेखर चौधरी - होन्हे प्रभारी, जिला मंत्री - दिलीप सिंह,सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव साव, प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो , पूर्व मंडल अध्यक्ष मछेन्द्र महतो, मंडल महामंत्री नरेश साव, मीडिया प्रभारी कुन्दन कुमार, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पटेल, आदि सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावे पंचायती राज्य के अधिकारी व दुलमी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुनील प्रजापति उपस्थित आदि थे।

## बैंक ऑफ इंडिया मगनपुर शाखा के द्वारा स्थाई लोक अदालत लगाकर एनपीए खाताधारकों का किया गया समझौता

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत सचिवालय में बुधवार को बैंक ऑफ इंडिया मगनपुर शाखा के द्वारा ऋण शिविर स्थाई लोक अदालत का आयोजना किया गया। इस दौरान शिविर में पंहूचे कई एनपीए खाताधारकों का समझौता किया गया। इस प्रकार बैंक शाखा के द्वारा हमेशा शाखा अदालत लगाकर ऋणधारकों को आकर्षक शर्तो पर एक मुश्त समाधान करने का अवसर दिया जाता है। इस दौरान शाखा अदालत में पंहुचे आधिकारियों के द्वारा बैंक ऑफ इंडिया से जुड़े सभी पंचायतों के बीसी को मन लगाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया।शिविर के माध्यम से कुल एक मुश्त देय राशि दो लाख बीस हजार रूपए प्राप्त हुआ। शिविर में मुख्य रूप से शाखा अदालत रामगढ़ के चेयरमैन प्रदीप कुमार चौरसिया, सदस्य देवठान बैठा, अरुण कुमार गुप्ता, एलडीएम संजीव कुमार, शाखा के संतोष कुमार, इन्द्रनाथ महतो, हितेश कुमार के अलावा सभी पंचायतों के बैंक मित्र मौजूद थे।

## केंद्रीय अस्पताल नई सराय में युसीडब्लुयु संगठन की ओर से मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ में युसीडब्लुयु संगठन की ओर से मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के महामंत्री सह एआईटीयुसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जेबीसीसीआई के सदस्य रमेंद्र कुमार उपस्थित हुए । इस कार्यक्रम का संचालन रवि शंकर ने किया। इस बैठक में रमेंद्र कुमार ने मजदूरों के समस्याओं और संगठन विस्तार पर अभिभाषण दिया। युसीडब्लु नईसराय टीम को आशीर्वचन दिया । इस कार्यक्रम में उपस्थित नईसराय हास्पिटल के कर्मचारी ने रमेंद्र कुमार के समक्षअपनी समस्याओं को रखा । जिसमें मुख्य रूप से 20 वर्षो से कैंटगरी 1 (जनरल मजदूर) के पद पर कार्यरत मजदूरो का अभी तक प्रमोशन नहीं हुआ, न्यूनतम वेतन भुगतान सेंट्रल हॉस्पिटल में लागू नहीं है, मेनपावर बजट का अवलोकन नहीं हो पा रहा है , सभी समस्याओं पर रविंद्र कुमार ने कहा कि यह सब मांगे रांची सीएमडी के पास रखा जाएगा और आपकी समस्याओं का पूर्ण रूप से समाधान किया जाएगा। इस मौके पर रमेंद्र कुमार ने कहा भारत सरकार ने जिस कानून को बनाया है।अपने को मजबूत करो।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित इस मौके पर विंध्यांचल बेदिया, नरेश मंडल, अशोक यादव, विकास कुमार, ललित नारायण राय, लव मिश्रा, ओमप्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।



## सतीश सिन्हा को आजसू पार्टी का केन्द्रीय सचिव बनाए जाने पर एजेकेएसएस ने खुशी जताई

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी ने सयाल निवासी सह एजेकेएसएस के केन्द्रीय महासचिव सतीश सिन्हा पर विश्वास जताते व एक बार पुनः उनके कुशल नेतृत्व को देखते हुए आजसू पार्टी का केन्द्रीय सचिव मनोनीत किया है। केन्द्रीय सचिव मनोनीत होने पर महाप्रबंधक कार्यालय व जीएम युनिट एवं एजेकेएसएस के सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है।वहीं सभी सदस्यों ने सतीश सिन्हा को माला पहनाकर कर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं केन्द्रीय सचिव मनोनीत होने पर सतीश सिन्हा ने पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी, आजसू पार्टी के बड़कागांव प्रभारी रौशन लाल चौधरी व बरकासयाल महाप्रबंधक, जीएम युनिट के सदस्यो एवं एजेकेएसएस के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। केन्द्रीय सचिव मनोनयन होने पर उन्हें एजेकेएसएस के क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, वेलफेयर बोर्ड सदस्य कमलेश कुमार,ब्रांच अध्यक्ष शिवनंदन दास,ब्रांच सचिव कमल सिंह, सुरेश प्रसाद खरवार, सुरेन्द्र कुमार, साहिल कुमार,कुश कुमार, राजीव रंजन,चंदरदीप चौधरी, अमित कुमार,मनीष कुमार,महालाल बेसरा,बिजय टुडू,गोराचांद साव,तिवरी बेसरा, अजीत मरांडी, सुनील उरांव,पुर्नीमा सिन्हा, अनीता कुमारी,अंजू देवी,सेल कुमारी,संता देवी, उर्मिला कुमारी,प्रमिला कुमारी, जितनी देवी, बाबूलाल आदि लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा के लखन साहू ने नए एसडीओ को पेन डायरी देकर किया स्वागत



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के निडर एवं कर्मठ नेता लखन साहू ने नए अनुमण्डल पदाधिकारी सन्नी राज को पदभार लेने पर डायरी और पेन देकर स्वागत किया। लखन साहू ने कहा कि नए एसडीओ सन्नी राज के नवनिर्मित अनुमण्डल कार्यालय में अपना पदभार लेने से अनुमण्डल क्षेत्र के लोगों को न्याय की भरोसा ज्यादा जगा है। चुकी सन्नी राज 2021 बैच के आईएएस रैंक के पदाधिकारी हैं अपने सूझबूझ से अनुमण्डल क्षेत्र को आगे की ओर विकसित करेंगे। वहीं फर्जी भूमाफियाओं पर लगाम लगाएंगे। जिससे गरीब का पैतृक जमीन सुरक्षित रहे। चुकी यहां कुछ भूमाफियाओं का अड्डा बना हुआ है और रुपये के बल तथा फर्जी दस्तावेज बना कर सरकारी भूमि को हड़प रहें हैं। मैं अनुमण्डल पदाधिकारी से आग्रह करूँगा की सरकारी भूमि को चिन्हित कर भूमाफियाओं के कब्जे से हटाने का प्रयास करें। जिससे यहां के लोग चैन की सांस ले। मौके पर उप प्रमुख दामोदर गोप के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

### अबुआ आवास को लेकर प्रखंड में दिख रहा बिचौलियागिरी गरीब रह सकते हैं वंचित

**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम राज्य में पूरी तरह से संपन्न हो चुका है ऐसे में अब देखना यह है कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लोगों को कितना लाभ मिल पाता है।सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की समापन के बाद अब हर तरफ अबुआ आवास को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा हो रहा है। गौरतलब हो कि चौक चौराहों पर अब यह बात कहा जाने लगा है कि अबुआ आवास में खूब चलेगा बिचौलियागिरी, दबी जुबान से लोग यह कह रहे हैं कि जिनके पास रुपया होगा वही अबुआ आवास योजना का लाभ ले पाएंगे। इन बातों में कितनी सच्चाई है आनेवाले समय में तो पता चल ही जाएगा लेकिन एक बात में बता दूं कि बगैर चिंगारी की धुआं नहीं उठता है। सच्चाई यह है कि आज भी प्रखंडकर्मी अपने मन मुताबिक ही काम करते हैं। इसकी बानगी तब देखने को मिलता है जब प्रखंड में कोई जाति आवासीय, जाति, आय प्रमाण पत्र के लिए प्रज्ञा केंद्र जाकर ऑनलाइन लोग कराते हैं तो उन्हें कर्मचारी लॉगिन से छुड़ाने के लिए काफी पापड़ बेलने पड़ते हैं। इतना ही नहीं संबंधित कर्मी अपना फोन अक्सर स्विच ऑफ भी रखते हैं।

## एसडीओ सुधीर कुमार दास को अनुमण्डल कर्मियों ने दी विदाई



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास को अनुमण्डल कर्मियों ने भाव भिंनी बिदाई दिया। कर्मियों ने अंगवस्त्र एवं जरूरी सामान एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित कर भाव भिंनि बिदाई दिया। साथ हीं इनके स्वस्थ जीवन तथा दीर्घायु होने की कामना की। अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास सिमरिया अनुमण्डल कार्यालय में 9 सितंबर 2020 को अपना योगदान दिया था। इनका कार्यकाल सराहनीय रहा। ए मृदुल भाषी एवं सभी के साथ मिलजुल कर अनुमण्डल क्षेत्र को चला रहे थे। सभी का बात सुनना इनका एक अपना विचारणीय दायित्व में शामिल था। इनका कार्यकाल बेमिसाल रहा। हालांकि नवनिर्मित अनुमण्डल कार्यालय की देखरेख में इनका काफी योगदान रहा। किन्तु समय का खेल के कारण उक्त नवनिर्मित कार्यालय में कार्य करने का मौका नहीं मिल पाया।इनके लिए यह बहुत बड़ा मलाल रहा। फिर भी जाते जाते अनुमण्डल क्षेत्र वासियों को नए वर्ष के आगमन पर बधाई दिया है। मौके पर एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे,एक्स मजिस्ट्रेट विनय कुमार, बडाबाबू कृष्णदेव कुमार, मिथलेश कुमार,अजय बाड़ा, अंकित कुमार, आफताब आलम, जनार्दन प्रसाद, आकाश कुमार, प्रमोद कुमार, संदीप कुमार, सिकंदर कुमार, कौशल कुमार, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, रंजू देवी के अलावे अन्य कर्मी शामिल थे।

## टेकठा गांव के सरकारी व वन भूमि पर मिट्टी की अवैध खनन की जांच को टीम गठित



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिवपुरी कठौतिया रेलवे निर्माण में मिट्टी भराई के कार्य में टंडवा मिस्त्रोल के टेकठा गांव के सरकारी व वन भूमि पर राजा कंस्ट्रक्शन द्वारा बगड़ जिला प्रशासन की अनुमति व लीज बंदोबस्त के मिट्टी के अवैध खनन की शिकायत मिलने पर चतरा जिले के अधिकारियों ने अवैध खनन की जांच के लिए टीम गठित किया है। जिसमें वन भूमि पर अवैध खनन और पेड़ पौधे को नष्ट करने के मामला में चतरा दक्षिणी डीएफओ के निर्देश पर टंडवा वन प्रक्षेत्र के अधिकारी के साथ फॉरेस्टर व वनरक्षक वनरक्षि को शामिल किया गया है। जांच में कई विन्दुओं पर सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा जांच कर आख्या प्रस्तुत करने को कहा गया है। राजा कंस्ट्रक्शन द्वारा वन भूमि पर अवैध मिट्टी खनन के साथ पेड़ पौधों को अस्तित्व मिटाने की शिकायत मिलने पर गंभीरता से लिया है। अवैध खनन के रकबे व स्थल पर कंपनी द्वारा किए गए खनन की मात्रा का भी परीक्षण कराने व दी गयी शर्तों का पालन हो रहा है अथवा नहीं की जांच करने का निर्देश दिया गया हैं। बताया गया खनन कार्य में लगे श्रमिकों को कार्य के दौरान किसी भी प्रकार का खतरा तो नहीं है उसकी जांच करने के साथ सुरक्षा मानकों का किसी प्रकार से उल्लंघन मामले में भी जांच का मांग उठने लगा है।

# तेतरियाखांड कोलियरी में नया रास्ता बनाकर हाइवा चलाने का प्रयास, ट्रक मालिको ने जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के पिंडारकोम ग्राम स्तिथ रामघाट नदी का धारा मोड़कर एवं वन भूमि में कई पेंडो को काटकर तेतरियाखांड कोलियरी में नया ट्रांसपोटिंग सड़क बनाया जा रहा है ।जिसको लेकर तेतरियाखांड कोलियरी में चलने वाले बालूमाथ एवं बसिया के सैकड़ो ट्रक मालिको ने बुधवार को रामघाट नदी पहुंचकर विरोध जताते हुए सीसीएल प्रबंधन हाय-हाय, पीएनएम कंपनी तेरी मनमानी नही चलेगी, प्रकृति के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, जल-जंगल जमीन हमारा है समेत कई नारे लगाए। मौके पर ट्रक मालिको ने जानकारी देते हुए कहा कि मंगलवार देर रात सीसीएल प्रबंधन के गार्ड एवं सिविल इंजीनियर द्वारा रामघाट नदी की ओर से वन भूमि पर कई पेड़ो को काटकर जेसीबी की मदद से तेतरियाखांड कोलियरी प्रवेश हेतु नया रास्ता का निर्माण कराया जा रहा था। जिसे देख कुछ ट्रक मालिको ने विरोध जताया तो मामला फंसता देख सीसीएल कर्मी मौके पर से भाग निकले। आगे उन्होंने कहा तेतरियाखाँड में ओबी एवम् रेजिंग का कार्य कर रहे पीएनएम कंपनी और सीसीएल की मंशा है की नए रास्ते के सहारे हाइवा का प्रवेश कराया जाए। अभी तेतरियाखाड कोलियरी में 650 से अधिक ट्रक चलते है। जिनसे सैकड़ो डिओ होल्डर, लिफ़्टर, होटल मालिक, ड्राइवर, ख़लासी समेत सैकड़ो लोगो को रोजगार मिलता है ।सीसीएल हम लोगों का रोजगार छिनना चाहती है।हमलोग ऐसा किसी भी क़ीमत पर होने नही देंगे इसको लेकर चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। वही बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा की रात के अंधेरे में नदी की धारा के साथ छेड़छाड़ करते हुए वन भूमि पर बिना एनओसी लिए कई पेड़ों को काट दिया गया है। आम नागरिक अगर जलावन के लिए लकड़ी लाता है तो उसके ऊपर एफआईआर हो जाता हैं ।लेकिन अब देखना है कि इसपर क्या कारवाई होती है ।क्योंकि इसमें कई बड़ी कंपनियों का नाम सामने आ रहा है ।कारवाई होगी तब लगेगा कि वन विभाग के अधिकारी स्वतंत्र रूप से और निष्ठा पूर्वक काम करते हैं। वही विस्थापित नेता गंगेश्वर यादव, रौशन यादव, काली यादव ने कहा कि राज्य की सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन का नारा है जल जंगल जमीन पर अधिकार यहां के लोगों का होना चाहिए। लेकिन यहां ना नदी न जमीन बच रहा है।

## निर्वाचन से संबंधित किया गया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** विभागीय निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में योग्यता और अयोग्यता, नामांकन, नामांकन की जांच और उम्मीदवारी की वापसी और प्रतीकों का आवंटन विषय पर कौशल विकास-सह-प्रशिक्षण केन्द्र, चतरा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री रामनारायण खलखो द्वारा जिला स्तर पर गठित निर्वाची पदाधिकारी कोषांग, चतरा के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी को प्रशिक्षण दिया गया। अन्त में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चतरा अबु इमरान द्वारा प्रशिक्षण में मौजुद सभी पदाधिकारी/ कर्मी से उक्त प्रशिक्षण के संबंध में प्रश्नोत्तर किया गया एवं उक्त विषय पर अन्य जानकारियाँ भी दी गई। मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, निदेशक, डी0आर0डी0-सह-उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव उपस्थित थे।

## निशुल्क नेत्र जांच में मोतियाबिंद के 19 ओपीडी के 41 मरीज ने कराया जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत सचिवालय सभागार में बुधवार को नेत्र जांच को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जहां लोकनायक जयप्रकाश आंख अस्पताल के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच तथा मोतियाबिंद जांच डॉक्टर सुधीर कुमार के द्वारा किया गया ।जिसमें मोतियाबिंद 19 एवं ओपीडी 41 लोगों को बताया गया। बताते चलें की मोतियाबिंद के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बेहरा आश्रम जाने की व्यवस्था को लेकर शाम 4:00 बजे बस के द्वारा भेजा गया। जहां बेहतर इलाज किया जाएगा। मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती समाजसेवी रामाशीष यादव विकास कुमार बिक्कू यदुनंदन यादव सुनील कुमार पांडेय उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग ने किया पीएलए की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत झिरमतकोमा, कुशमाहा, बेसरा व गोनिया पंचायत के बारा, विश्रामपुर गांव में सहिया साथी गौरी देवी के अध्यक्षता में झिरमतकोमा, कुशमाहा, विश्रामपुर, बारा सहित अन्य जगहों में पीएलए बैठक किया गया। पीएलए बैठक में सुनीता देवी, रीता देवी, बसंती देवी, राजमणि देवी, कुंती देवी, हलीमा खातून उपस्थित थे। बैठक के पश्चात् कई ग्रामीण महिलाओं ने अपने अपने टोले मुहल्ले में जागरूकता रैली निकली। बैठक में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को मुख्य रूप से स्वास्थ्य से संबंधी जानकारी दी गई। उपस्थित कई सहिया व ग्रामीण महिलाओं ने अपने-अपने हाथों में तख्तीयां लेकर रंग-बिरंगा सब्जियां खाएंगे स्वस्थ जीवन अपनाएंगे, भोजन में विविधता बने रहे मां बच्चों के चेहरे पर खुशी रहे, मां स्वयं के लिए तीन बार बच्चों के लिए एक बार बच्चे का स्वस्थ भविष्य बनाना है तो धात्री मां को दो बार अतिरिक्त भोजन खिलाना है, हरे पत्तेदार सब्जियां खाएंगे शरीर में खून बढ़ाएंगे, माँ आयरन गोली खाएगी एनीमिया दूर भगाएगी, बीमारी से बचाना है तो गहरे रंग की फल एवं सब्जियां खाना है सहित कई नारा लगाते हुए आसपास के लोगों को जागरूक किया गया। इधर बारा ग्राम में एएनएम अर्चना हस्सा व सहिया कलामनी देवी द्वारा मासिक टिकाकरण किया गया। जहाँ खसरा, बुस्टर, टीटी, पेंटा, डीपीटी, बिसीजी सहित कई रोगों से बचाव के लिए जीरो से पांच वर्ष के बच्चे व गर्वती महिलाओ को मासिक टिका दिया गया। मौके पर कई महिला व शिशु मौजूद थे।

## हंटरगंज के केदलीकलां और गोसाईडीह पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के केदलीकलां और गोसाईडीह पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, प्रखण्ड प्रमुख ममता कुमारी, समाज सेवी सह पुर्व मुखिया प्रेम सिंह,मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव सीओ अरुण कुमार मुंडा बीडीओ निखिल गौरव कामन कच्छप एमओ अर्जुन कुमार,सुपरवाइजर शांति देवी मुखिया अशोक कुमार यादव पंचायत समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष वकील खां के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।उक्त पंचायतों के शिविर में सबसे अधिक आवेदन 2160 अबुआ आवास के लिए और सबसे कम उधोग विभाग के 03 आवेदन प्राप्त हुए हुए। मनरेगा के 54, ई श्रम/आयुष मान कार्ड के 08, सामाजिक सुरक्षा के 210, आपूर्ति विभाग के 116, सामाजिक सुरक्षा सर्वजन पेंशन के 52, पशु पालन के24, बाल विकास परियोजना के11, शिक्षा विभाग के10, किसान क्रेडिट कार्ड के13, वन विभाग के 96, बिजली विभाग के19, स्वास्थ विभाग के146, आपूर्ति के11, राजस्व के 07, जेएसएलपीएस के 53, उधोग विभाग के 3 इस तरह से कुल 2993 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 699 का ऑन द स्पॉट निस्पादन किया गया। 2294 मामले लंबित हैं जिस का बहुत जल्द निस्पादन कर लिया जायेगा।

## सरकारी कर्मचारी संघ ने किया विदाई सम्मान समारोह का आयोजन शिक्षक को दी गई विदाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत सलगा गांव में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में सरकारी कर्मचारी संघ गिद्धौर के द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सह उएमएस सलगा विद्यालय प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दांगी ने किया। एवं संचालन शिक्षक अनिल कुमार दांगी ने किया।संघ के सदस्यों ने पाण्डेयबागी निवासी रामकृष्ण मोची को संघ के सदस्यता से विदाई दी गयी। रामकृष्ण मोची विगत 30 नवंबर को प्रभारी प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। संघ के नियम के अनुसार सरकारी पद से सेवानिवृत्त होते ही संघ की सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती है। इस उपलक्ष्य पर संघ की ओर से सम्मान स्वरूप रामकृष्ण मोची और उनकी पत्नी चिंता देवी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही संघ की ओर से उन्हें उपहार भी दिया गया। इस कार्यक्रम के साथ गांव में विभिन्न परीक्षाओं में सफल तीन बच्चों और उनके अभिभावक को भी सम्मानित किया गया। इनमें शशि कुमार पिता स्वर्गीय बिनोद दांगी और सपना रानी पिता महेन्द्र राम ने जेइइ मेंस परीक्षा पास कर बीआइटी सिंदरी में प्रवेश लिया है। वहीं शक्तिकांत ने बिहार में बीपीएससी द्वारा आयोजित 6 टू 8 और 9 टू 10 की परीक्षा पास की है।अन्त में सभा में धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक महेन्द्र प्र. दांगी ने किया।

## सरकारी कर्मचारी संघ ने किया विदाई सम्मान समारोह का आयोजन शिक्षक को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत सलगा गांव में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में सरकारी कर्मचारी संघ गिद्धौर के द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सह उएमएस सलगा विद्यालय प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दांगी ने किया। एवं संचालन शिक्षक अनिल कुमार दांगी ने किया।संघ के सदस्यों ने पाण्डेयबागी निवासी रामकृष्ण मोची को संघ के सदस्यता से विदाई दी गयी। रामकृष्ण मोची विगत 30 नवंबर को प्रभारी प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।संघ के नियम के अनुसार सरकारी पद से सेवानिवृत्त होते ही संघ की सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती है। इस उपलक्ष्य पर संघ की ओर से सम्मान स्वरूप रामकृष्ण मोची और उनकी पत्नी चिंता देवी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही संघ की ओर से उन्हें उपहार भी दिया गया। इस कार्यक्रम के साथ गांव में विभिन्न परीक्षाओं में सफल तीन बच्चों और उनके अभिभावक को भी सम्मानित किया गया। इनमें शशि कुमार पिता स्वर्गीय बिनोद दांगी और सपना रानी पिता महेन्द्र राम ने जेइइ मेंस परीक्षा पास कर बीआइटी सिंदरी में प्रवेश लिया है। वहीं शक्तिकांत ने बिहार में बीपीएससी द्वारा आयोजित 6 टू 8 और 9 टू 10 की परीक्षा पास की है।अन्त में सभा में धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक महेन्द्र प्र. दांगी ने किया। इस कार्यक्रम में अशोक कुमार दांगी अरविंद कुमार दांगी युगेश्वर राम दांगी युगेश्वर दांगी ऋषि कपूर वर्मा कमलेश दास नरेश पासवान धर्मेन्द्र कुमार अजय कुमार दांगी अजय कुमार सुमन कुमार निलेश कुमार मनोज कुमार पोखन राम रामपवन कुमार श्याम सुंदर दांगी ऋषि कपूर अर्जुन राम दांगी रविन्द्र कुमार आदर्श कुमार अनिल कुमार महेन्द्र प्र.दांगी महेन्द्र राम दिलीप कुमार कविता देवी, सपना रानी कांती देवी उपेन्द्रनाथ दांगी शीला देवी एवं अन्य उपस्थित थे।

## 40 जोड़े का हुआ सामूहिक शादी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड संत जोसेफ चर्च सहित संत जेवियर चर्च गोठगांव, पकरी पाठ, चेतमा एवम तुन्दटोली सहित प्रखंड के विभिन्न चर्चो मे बुधवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे पल्ली पुरोहितों द्वारा इसाई धर्म विधि से विवाह संस्कार में समाज के नियम के अनुसार जीवन यापन के लिए विवाह सूत्र में बांधा गया एवं सामाजिक व धार्मिक अधिकार दिये गये इस दौरान प्रखंड में कुल 40 जोड़ो की सामुहिक शादी कराई गई।चर्च में सभी जोड़ों की पवित्र विवाह संस्कार की आशिष हुई एवं महाप्रसाद ग्रहण कर पति पत्नी के रूप में एक दुसरे को जीवन साथी चुना, विवाह मे आये सैकड़ो लोगों ने जोड़ो को बधाई दी। गौरतलब है कि मसीही परिवार की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए इससे पूर्व चर्च परिसर में मिस्सा पूजन का आयोजन किया गया। पूजा एवं विवाह कार्य संपन्न होने के बाद संक्षिप्त रूप से चर्च परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही इस मौके पर वर वधू पक्ष समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे जिन्होंने नए जोड़ो को अपना आशीर्वाद दिया।

## अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत को लेकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया नगर भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ में बुधवार को अयोध्या श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व वहां से आए हुए पुनीत अच्छत को लेकर बालूमाथ में एक भव्य शोभा यात्रा निकालकर नगर भ्रमणकिया। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने बैंड बाजा के साथ पुनीत अच्छत को लेकर शोभायात्रा दुर्गा मंडप से प्रारंभ की। जो थाना चौक, मुरपा मोड, प्रखंड कार्यालय ढ़लवाही, टमटम टोला होते हुए महावीर मंदिर में जाकर समापन किया गया। शोभायात्रा में शामिल सैकड़ो श्रद्धालु ने जय श्री राम के नारा लगाते हुए बैंड बाजा के धुन पर थिरकते नजर रहे। बजरंग दल के उपेंद्र कुमार साहू ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर का निर्माण प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। इसी को लेकर पुनीत अक्षत के साथ नगर भ्रमण किया गया है। उस दिन जो लोग अयोध्या नहीं जा पाएंगे वह अपने-अपने नजदीक के मंदिर में जाकर मंदिर को सजाए एवं वहीं पर पूजा अर्चना कीर्तन भजन, पूजा अर्चना करते हुए अपना खुशीया मनाए।

# अबुआ आवास के लिए बनी जांच कमिटी पर लगा मनमानी का आरोप

➲सिंदुआरी कला और खूर्द के ग्रामीणों ने कार्यालय का किया घेराव सही निरीक्षण करने का लोगों ने किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मंझगावा पंचायत के सिंदवारी कला और खुर्द के ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना का क?ई खामियों से जूझ रहे ग्रामीणों ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया। एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी गठित कमेटी के द्वारा की गई गड़बड़ी को सुधार करने की मांग किया गया है। बताते चलें कि पंजिकरण की समस्या पंजिकरण के बावजूद जांच में आवेदक का नाम न होना इत्यादि। इसी बीच पड़ताल कमीटी की लापरवाहीयो की खबर मिल रही है।अबुआ आवास का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचे। इस लिए आवेदकों की स्थिति की जांच पड़ताल के लिए घर-घर पड़ताल कमीटी बनाई गई थी। जिसका काम आवेदकों के घर जाकर जांच करना था। इसी जांच पड़ताल को लेकर बीते गुरुवार को मंझगावां पंचायत के सिंदुआरी कला और खूर्द में अबुआ आवास के लिए बनी कमीटी ने दस्तक दिया। गांव के लोग इंतजार में बैठे थे। की कमीटी उनके घरों का निरीक्षण भी करेगी। अभी भी 80 फीसदी से अधिक ग्रामीण का इंतजार अब तक खत्म नहीं हो पाया है। कमीटी उनके घर तक पहुंची हीं नहीं ।लोग बता रहे हैं की कमीटी ने कुछ लोगों के इशारे पर फैसला कर लिया है। बिना जांच पड़ताल के ही कमीटी इशारे के हां या नहीं के विकल्प पर निशान लगाकर अपने कार्य से मुक्त हो रहें हैं।जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण भी रिकॉर्डिंग के रूप में ग्रामीणों के पास मौजूद है। इन सभी कइ मुद्दे को लेकर प्रखंड कार्यालय का घेराव किया।

# अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु जन जन को आमंत्रण देने को लेकर हुई प्रखंड स्तरीय बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां भगवती मंदिर प्रांगण में 27 दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में संघ के विभिन्न संगठन के साथ समन्वय बैठक संपन्न हुआ। बैठक के अध्यक्षता विहिप प्रखंड अध्यक्ष कैलाश दांगी व संचालन प्रखंड मंत्री मृत्युंजय कुमार ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि विहिप चतरा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर साव एवं विशिष्ट अतिथि विहिप जिला मंत्री सुधीर कुमार व बजरंग दल जिला संयोजक अंकित पांडे उपस्थित थे। 22 जनवरी 2024 में प्रभु श्री राम के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चर्चा हुई। मौके पर उपस्थित जिला मंत्री सुधीर कुमार ने बताया कि 1 जनवरी से 15 जनवरी तक पत्थलगड़ा के सभी सनातनी परिवार के घरों तक निमंत्रण के रूप में पूजित अक्षत, आमंत्रण पत्र एवं श्री राम मंदिर का चित्र कार्यकर्ताओं द्वारा पहुंचा जाएगा। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद पत्थलगड़ा प्रखंड मंत्री मृत्युंजय कुमार को कार्यक्रम प्रमुख एवं मुकेश दांगी को उप प्रमुख बनाया गया है। साथ ही साथ मार्गदर्शक की टीम भी गठन की गई जिसमें विहिप संरक्षक संदीप कुमार सुमन, प्रमोद कुमार कुशवाहा, रुद्रनाथ दांगी, आछेवटदयाल शर्मा,रविंद्र ठाकुर, चुरामन प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद दांगी, लेखराज टाइगर, रविंद्र राणा, संजय ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, कैलाश दांगी, मातृशक्ति प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी को मनोनीत किया गया एवं पंचायत टोली का भी गठन किया गया सिंघानी पंचायत से विजय राम, मंजू देवी, रूपाली देवी, बरवाडीह पंचायत से छोटेलाल कुमार, मनीष कुमार प्रजापति, हेमंती देवी, नावाडीह पंचायत से भाजपा युवा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश दांगी, राजेश दांगी, एकल अभियान से आरती देवी, सीमा देवी नोनगांव पंचायत से मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, कपिल कुमार, मीना देवी, विनीता देवी, मनीषा कुमारी,मेराल पंचायत से एक अभियान संच प्रमुख रविंद्र ठाकुर,सुरेंद्र साव, गणेश यादव, योगेंद्र गुप्ता, नीतू कुमारी को चैन किया गया। एवं इस दौरान अयोध्या से आए पूजित अक्षत को लेकर नगर भ्रमण किया गया। मौके पर पत्थलगडा प्रखंड मंत्री मृत्युंजय कुमार ने समस्त सनातनी परिवारों से अपील किया 22 जनवरी को अपने घरों में दीपाउत्सव दीपावली जरूर मनाई साथ ही साद प्रखंड मुख्यालय गांधी चौक में संगठन के द्वारा अयोध्या में हो रहे प्रमुख श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लाइव प्रसारण एवं हरि कीर्तन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आप सादर आमंत्रित है। बैठक के दौरान सैकड़ो कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आयोध्या श्री राम मंदिर पूजित अक्षत कलश का वितरण



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मर्यादापुरुषोत्तम श्री राम की पावन धरती आयोध्या श्री राम मंदिर से पूजित अक्षत कलश को लेकर आज विष्णुगढ़ प्रखंड के भेलवारा पंचायत में विहिप व बजरंग दल की बैठक प्रखंड संयोजक वैभव प्रकाश राणा की अध्यक्षता मे की गई। इस बैठक मे मुख्य रूप से झारखंड प्रांत से बजरंग दल संयोजक दीपक ठाकुर उपस्थित रहे।साथ ही जिला कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार एवं जिला सह संयोजक वरुण कुमार उपस्थित रहे । बैठक मे विहिप व बजरंग दल एवं मातृशक्ति,दुर्गावाहिनी का किया गया गठन।श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह जो दिनांक 22 जनवरी 2024 को होने जा रहा है। जिसका निमंत्रण विष्णुगढ़ प्रखंड के प्रत्येक हिंदू के घर तक अक्षत निमंत्रण सुचारु रूप से पहुंचे।इसी निमित्त आज बजरंग दल झारखंड प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर,जिला कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार,जिला सह संयोजक वरुण कुमार,बजरंग दल प्रखंड संयोजक वैभव प्रकाश राणा निमंत्रण अक्षत कलश को लेकर भेलवारा पंचायत पहुंचे । बजरंगदल झारखंड प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर ने सनातन धर्म प्रेमियों से आग्रह करते हुए कहा कि 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम 500 वर्षों बाद पुन- अपने महल में विराजेंगे,समस्त सनातनी भाई हरसोल्लास के साथ हर घर ,हर मंदिरों में दीप जलाएं,हर मंदिर में पूजन,भजन कीर्तन, रामचरित मानस एवं भागवत गीता का पाठ करें। निमंत्रण अक्षत कलश को गठित विहिप अध्यक्ष- प्रेमचंद मंडल,मंत्री- पिंकी देवी,बजरंग दल संयोजक राहुल कुमार,मातृशक्ति प्रमुख मीना देवी,,दुर्गावाहिनी संयोजिका श्रुति कुमारी,सत्संग प्रमुख मन्नू पाण्डेय,राजेश मंडल,सूरज प्रसाद,सुखदेव प्रसाद,विक्रम मंडल,राजेश पाण्डेय को सौंपा गया।इस मौके पर सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित हुए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज,हजारीबाग के तत्वाधान में संचालित ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज के द्वारा वार्षिक खेल-कूद सह सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, खेल प्रशिक्षक सह समाजसेवी तापस चक्रवर्ती, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ भोला प्रसाद, जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक विनय कुमार, प्राचार्य शंभू कुमार, परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी उमेश ठाकुर,नीलिमा कुजूर,रत्नेश कुमार, कटकमसांडी +2 उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिखा खाखा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगिण विकास होना है, महाविद्यालय सभी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुउद्देशीय परियोजनाओं को समय-समय पर संचालित करती रहती है, इस बार भी महाविद्यालय ने 6 दिन का कार्यक्रम रखकर खेलकूद प्रतियोगिता के साथ-साथ रंगोली,मेंहदी, फोटोग्राफी,समूह नृत्य, कवि सम्मेलन,भाषण प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता सभी विधाओं में विद्यार्थियों ने चढ-बढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।बालक दौड़ 100 मीटर में प्रथम स्थान में निर्मल कुमार,द्वितीय स्थान छोटेलाल कुमार,तृतीय स्थान पिंटू कुमार। बालक दौड़ 400 मीटर में प्रथम स्थान में छोटेलाल कुमार,द्वितीय स्थान दिलीप सोरेन,तृतीय स्थान दिनेश कुमार भोक्ता। बालक दौड़ 1500 मीटर में प्रथम स्थान में विक्रम कुमार,द्वितीय स्थान विशाल कुमार,तृतीय स्थान दिलीप कुमार, बालिका दौड़ 100 मीटर में प्रथम श्रेणी में अंजली कुमारी,द्वितीय स्थान गुड़िया कुमारी,तृतीय नीतू कुमारी,बालिका दौड़ 400 मीटर में प्रथम स्थान में अंजली कुमारी,द्वितीय स्थान सपना कुमारी,तृतीय स्थान नीतू कुमारी,बालिका दौड़ 1500 मीटर में प्रथम स्थान में अंजली कुमारी,द्वितीय स्थान नंदनी कुमारी,तृतीय स्थान ज्योति कुमारी,फुटबॉल प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं विजेता और कक्षा 11वीं उप विजेता,क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता इचाक कॉलेज और उप विजेता हजारीबाग कॉलेज रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता बीए सेमेस्टर -3 और उप विजेता कक्षा 12वीं, कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमित रंजन कुमार,द्वितीय स्थान कोमल कुमारी,तृतीय स्थान रितिक मिश्रा,रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनी ग्रुप,द्वितीय स्थान जोसफ ग्रुप,तृतीय स्थान नंदनी ग्रुप, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल कुमारी,द्वितीय स्थान शिवशंकर यादव,तृतीय स्थान नेहा कुमारी,एकल नृत्य में प्रथम स्थान रीना कच्छप,द्वितीय स्थान राहुल पासवान,तृतीय स्थान शिवशंकर यादव,चमच रेस प्रथम स्थान मनीषा कुमारी,द्वितीय स्थान कोमल कुमारी,तृतीय स्थान आरती कुमारी,बालक बैडमेंटन में प्रथम स्थान सचिन कुमार शर्मा,द्वितीय स्थान समीर ,तृतीय स्थान सहजीब सर्वर,बालिका बैडमेंटन में प्रथम स्थान मनीषा सिंह,द्वितीय स्थान भूमि कुमारी ,तृतीय स्थान सपना कुमारी, चेस में प्रथम स्थान समीर,द्वितीय सचिन कुमार शर्मा, तृतीय स्थान सहजेब,कैरम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवशंकर सिंह,द्वितीय स्थान हिमांशु कुमार,तृतीय स्थान शिवशंकर यादव, फोटो ग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मो सलमान,द्वितीय स्थान इशू अंश,तृतीय स्थान शुभम कुमार,क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ऋतिक कुमार मिश्रा,द्वितीय स्थान अनिल कुमार यादव,तृतीय स्थान अमित रंजन कुमार ने बाजी मारी। मंच संचालन दीपेंद्र कुमार और काजल कुमारी ने किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

### गैड़ा पंचायत में दर्जनों की सँख्या में मातृशक्ति ने थामा जदयू का दामन



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: विष्णुगढ़ प्रखंड के गैड़ा पंचायत में जदयू मांडू विधानसभा प्रभारी के निर्देशानुसार प्रखण्ड विभिन्न के पंचायतों में जदयू पंचायत कमिटी का गठन किया जा रहा है। उसी निमित मंगलवार को जदयू प्रखंड अध्यक्ष राहुल गुप्ता तथा सचिव बैजनाथ महतो के नेतृत्व में गैड़ा पंचायत में पार्टी के मजबूती के लिए पंचायत कमिटी का गठन किया गया।जिसमे अध्यक्ष तरन्नुम खातून, सचिव सुमन देवी, उपाध्यक्ष आशिया खातून, कोषाध्यक्ष कुंती देवी को सर्वसम्मति से चुना गया। 21 जनवरी को जोहार नीतीश कार्यक्रम में विष्णुगढ़ के हजारों कार्यकर्ता भाग लेकर नीतीश कुमार के विचारो को जन जन तक पहुंचने का संकल्प लिया।इस मौके पर रफीला खातून,सुमन देवी,मरियम खातून,ब्रजेश कुमार,कजरी बीबी,मीना देवी,कुंती देवी,समीना खातून,नगमा खातून,गुलशन खातून,आशिया खातून,पिंकी देवी,जैबून खातून,रोशन खातून, सगीरा खातून समेत कई अन्य ग्रामीण लोग मौजूद थे।

### डिवाइन स्कूल ने जरूरतमंदों के बीच किया कम्बल वितरण

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: गंगपाचो स्थित प्लस 2 तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल मे प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी गरीब व निसहायों के बीच कम्बल का वितरण किया।वहीं विद्यालय निदेशक आई पी भारती,प्रधानाचार्य स्वाती ने कम्बल वितरण कर उन सबका आशिर्वाद लिया । उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा से गरीबों के सेवा हेतु प्रयासरत है । कम्बल लेने के उपरांत सभी वृद्ध व गरीब लोग खुश नजर आये साथ ही निर्देशक महोदय ने अभिभावकों व शिक्षको से भी अपील किया कि वे लोग आपने क्षेत्र में कम से कम एक गरीब व्यक्ति को मदद अवश्य करे । कहा कि समाज के बुद्धिजीवियों को इस कार्य के लिए आगे आने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमलेश कुमार, कामेश्वर प्रसाद ,अर्जुन प्रसाद,संगीता कुमारी,अनिल कुमार,बिमल किसोर,राणा तेजस्वी,पूनम कुमारी व विद्यालय प्रबन्धन समिति का योगदान सराहनीय रहा।

## सदर विधायक ने कुसुम्भा में ग्रामीणों व एनटीपीसी अधिकारियों संग की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित ग्राम कुसुम्भा में बीते कुछ दिनों से इस क्षेत्र के लोग एनटीपीसी द्वारा बनादाग साइडिंग में अंडरब्रिज निर्माण के योजना को लेकर आंदोलनरत रहें हैं। इस क्षेत्र के ग्रामीणों का मांग है की अंडरब्रिज ना होकर यहां ओभरब्रिज बनाया जाना चाहिए। इसी मामले को लेकर बुधवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल कुसुम्भा पहुंचे जहां उनके उपस्थिति में ग्रामीणों और एनटीपीसी अधिकारियों के बीच इस मामले को लेकर वार्ता हुई। विधायक मनीष जायसवाल ने एनटीपीसी के अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा की कुसुम्भा, चीची, कुबा सहित आसपास के कई गांवों के लोगों का यह मुख्य मार्ग है और अंडरब्रिज बनाए जाने से असामाजिक घटना और असामाजिक कृत्य की आशंका भविष्य में रहेगी ऐसे में ग्रामीणों की यह जायज मांग है की यह ओभरब्रिज बनाया जाय और जब तक ग्रामीणों की सहमति नहीं मिलेगी तबतक एनटीपीसी यहां अपने प्रस्तावित अंडरब्रिज के कार्य को शुरू ना करें अन्यथा ग्रामीणों के साथ हम भी उनके आंदोलन में शरीक होंगे और आपके कार्य का विरोध जताएंगे ।

## पिछले तीन माह से खराब पड़ा है, धोबघट गांव का ट्रांसफार्मर, लोगों को हो रही है परेशानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत रानीचुआं के पहाड़ों पर बसा धोबघट गांव में लगा 25 केवी ट्रांसफर्मर खराब हो गया, जिसका सुध अभी तक नहीं लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय धोबगट के पास लगा ट्रांसफर्मर पिछले तीन महीनो से खराब है, जिसके कारण हम जैसे पहाड़ी क्षेत्र के लोगों को कई परेशानी हो रही है। इस दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में बिजली पहली बार बहाल हुई और यहां लोग खुशी से अति उत्साहित हुए थे। लेकिन विडंबना है कि ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद ना विभाग और ना ही जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहें हैं। ग्रामीणों ने यथाशीघ्र ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग किया है। मौके पर मुखिया पति सह समाजसेवी रामचंद्र टुडू, ग्रामीणों में तुलेश्वर सिंह, टेकलाल सिंह, नारायण सिंह, महेश्वर सोरेन, लालू सिंह, चरकू सिंह, छोटी सिंह, वीरेंद्र सिंह, वैजयंती देवी, रसोईया संजू देवी, परवा देवी, योगेश्वरी देवी, दुलारी देवी, सीता देवी, चिंता देवी समेत दर्जनों महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

## ओबीसी का अलग से मंत्रालय बनाया जाए जो ओबीसी के हितों के लिए कार्य करें : यमुना यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के द्वारा बरही विधानसभा स्तरीय सम्मेलन सह वन भोज कार्यक्रम में शामिल हुए बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिलाष साहू का चौपारण आगमन पर बरही विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पगर्मजोशी के साथ स्वागत किया।ज्ञात हो की कि कांग्रेस ओबीसी मोर्चा द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चौपारण प्रखंड के सिंघरांवां पंचायत अंतर्गत सेवई फॉर्म ओबरा में कांग्रेस ओबीसी सम्मेलन सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश से लेकर जिला स्तर के कई पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए।प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत करने वालों में विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव बरही प्रखंड कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष जमुना यादव, बरही प्रखंड कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष शरीफुल हक, मंजीत यादव के साथ कई कांग्रेसी शामिल रहे।

## शहरी आजीविका मिशन, 40 प्रशिक्षणार्थियों को मिला नियुक्ति पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दीनदयाल अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत हजारीबाग नगर निगम के मेधावी फाउंडेशन कौशल प्रशिक्षण प्रदाता के प्रशिक्षणार्थियों को नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल एवं सहायक नगर आयुक्त के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। प्रशिक्षणार्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों के माध्यम से रोजगार मेला का आयोजन कर किया गया है।

जिसमें उन्हें वेब कनेक्ट ,मेधावी फाउंडेशन ,इंस्टा कार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, नींबुस बीपीओ इग्नाइट ट्रेडर्स , केक पॉइंट एंड मार्ट समेत विभिन्न कंपनियों के माध्यम से उनका चयन किया गया है। विदित हो कि दीनदयाल अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत हजारीबाग नगर निगम स्थित मेधावी फाउंडेशन के द्वारा सीसीटीवी, डाटा एंट्री ऑपरेटर इन्वेंटरी क्लर्क, और ब्राइडल फैशन एंड फोटोग्राफी आर्टिस्ट के विभिन्न जॉब रोल में प्रशिक्षण कराया गया है7 चयनित विद्यार्थियों को बुधवार को नगर निगम स्थित सूचना भवन सभागार में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया7 नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सहायक नगर आयुक्त नगर विपिन कुमार, अनिल कुमार पांडेय, मिशन प्रबंधक मधु कुमारी,सामुदायिक संगठनकर्ता बिक्रम कुमार, नैयर वसीम तथा सेंटर मैनेजर उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर से 24 अकबर रोड नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान योगेंद्र साव ने प्रभारी को बधाई दिया साथ ही झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात पर विस्तृत चर्चा करते हुए संगठन की मजबूती पर भी वार्ता कीया। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने की भी बात की गई। योगेंद्र साव द्वारा बड़कागांव विधानसभा की समस्याओं पर भी प्रकाश डाला गया जिसमें विस्थापन आयोग का गठन करना, स्थानीय नीति, एवं आंदोलन के दौरान हुए मुकदमो का निष्पक्ष जांच करने से संबंधित बातचीत हुई। दोनों के बीच हुई मुलाकात के दौरान पार्टी को मजबूती प्रदान करने के संबंध में आवश्यक कदम उठाने का भी विचार विमर्श हुआ। इस दौरान पूर्व मंत्री ने प्रभारी को गुलदस्ता भेंट कर जल्द झारखंड आने का न्योता दिया।

## बड़कागांव मुस्लिम मोहल्ला के खुर्शीद सदर व मोहम्मद शफीक सेक्रेटरी चुने गए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मुस्लिम मोहल्ला, बड़कागांव स्थित मस्जिद में सदर व सेक्रेटरी का चुनाव किया गया। लोकतांत्रिक तरीके बैलट पेपर से लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सदर के लिए दो उम्मीदवारों के बीच टक्कर हुई जिसमें खुर्शीद आलम को 120 वोट मजहर मलिक को 89 वोट प्राप्त हुआ। खुर्शीद आलम 31 वोट से चुनाव जीतकर नए सदर बने। वही सेक्रेटरी पद के लिए मोहम्मद सफीक को 114 वोट और शहजाद को 82 वोट प्राप्त हुआ। इस प्रकार मोहम्मद सफीक 32 वोट से चुनाव में जीत हासिल किए। चुने गए दोनों सदर सेक्रेटरी को हुसैनिया कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद सब्बू खान व समाज के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा बुके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। चुने गए दोनों पदाधिकारीओं को लोगों ने बधाई देते हुए समाज हित में बेहतर कार्य करने के लिए सुझाव दिया। मौके पर पूर्व सदर अख्तर हुसैन, मोहम्मद मुस्लिम, मुखिया तकरीमुल्लाह खान, फिरोज़ आलम, मो शाहिद, सोनू इराकी, मो साबिर, मो रोहित सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नेशनल पब्लिक स्कूल हजारीबाग ने धूम धाम से मनाया वार्षिक उत्सव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नेशनल पब्लिक स्कूल में भव्य तरीके से विद्यालय का वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव विशिष्ट अतिथि डॉक्टर एहशानुल हक,सीबीएसई नगर संयोजक सह प्राचार्य ओएसिस स्कूल हजारीबाग,सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी परिमल कुमार एवं नेशनल पब्लिक स्कूल के निर्देशक विश्वा मित्र, अध्यक्ष प्रोफेसर शिव दयाल सिंह ,प्राचार्य धीरेन्द्र कुमार सिंह , उपप्राचार्य कुमारी सोनी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित के साथ विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय बिनोद कुमार सिंह एवं स्वर्गीय कौशल्या देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर के किया गया। विद्यालय के वार्षिक महोत्सव को संबोधित करते हुए विद्यालय के निर्देश विश्वामित्र ने कहा विद्यालय का स्थापना 1977 में स्वर्गीय विनोद कुमार सिंह एवं गायत्री देवी के द्वारा स्थापना की गई थी शुरुआत के दौर में पांच बच्चों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में अलखजगाने की शुरुआत की गई थी जो 47 वर्ष से आज तक चल रहा है मुख्य अतिथि पंचानन उरांव ने कहा की आज के माहौल में विद्यार्थियों का सर्वागीण विकास किताबों तक ही सीमित नहीं है इसलिए जरूरी है कि स्कूलों में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के अलावा हर प्रकार की शिक्षा दी जाए। नेशनल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को ऐसी ही शिक्षा दी जाती है।

सभी स्कूलों को इस प्रकार की शैली का अनुसरण करना चाहिए। सम्मानित अतिथि डॉक्टर एहशानुल हक ने कहा की अगर हमें अपना सुनहरा कल बचाना है तो पर्यावरण की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा, इसके लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है।

सभी को पर्यावरण की सुरक्षा अपना कर्तव्य मानना चाहिए और जिसकी शिक्षा स्कूलों से ही मिलनी चाहिए। बच्चों में चरित्र निर्माण स्कूलों से ही होना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत में जहां बच्चो के स्वागत गीत ने अतिथियों का मन मोहा वही स्वागत नृत्य गणेश वंदना से सभी को अचंभित किया। छोटे छोटे बच्चो के साथ लड़कियों ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रस्तुति से समाज को एक विशेष संदेह देने का प्रयास किया।नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा के माध्यम से जहा बच्चो ने बताया कि एक मूर्ख राजा किसी राज्य के लिए कितना नुकसान दायक है वही जैसी करनी वैसी भरनी से अपने बुजुर्ग माता पिता का सम्मान हमे हमेशा करना चाहिए ऐसे संदेश देने का प्रयास किया। भारतीय एवं झारखंडी वेश भूषा में बच्चो ने अपने रैम्प वॉक से पूरा समा ही बदल दिया वही कार्यक्रम के अंतिम पायदान में प्रस्तुत नाटक ÷भरत मिलाप÷ ने दर्शकों को सीधा सतयुग की याद दिलाते हुए अयोध्या में राम दरबार के दर्शन करा दिए। मंच संचालन निधि सिंह एवं अमीरा जबीन ने किया ।वार्षिक उत्सव के इस मौके सभी अतिथियों, पत्रकारों के साथ स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

## सॉफ्टेक के विद्यार्थियों ने वनभोज का उठाया लुत्फ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** 26वें वार्षिकोत्सव के समाप्ति के पश्चात सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन की ओर से वनभोज का आयोजन किया गया।इसके तहत केंद्र प्रबंधन अपने केंद्र के दर्जनों विद्यार्थियों के साथ बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर पंचायत स्थित चुनाखान पहुंचा। जहां विद्यार्थियों ने शाकाहारी व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इसके साथ ही चुनाखान के नैसर्गिक और रमणीय स्थल पर बहते झरने का भरपूर आनंद उठाया। पिकनिक स्थल पर ही केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा के 9 वर्षीय पुत्र शिवेश दीप का जन्म दिन भी मनाया गया। जिसका उपस्थित लोगो ने भरपूर आनंद उठाया।स्थानीय लोगो ने बताया कि प्रकृति की गोद में बसा यह गुमनाम स्थल पिकनिक के लिए अत्यंत ही मनोहारी है। जिसे बहुत कम लोग ही जानते है और काफी कम संख्या ने वनभोज के लिए आते है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह और जनवरी का पहला सप्ताह पिकनिक के लिए गुलजार रहते है. यह स्थल जीटी रोड गोरहर से करीब सात किमी दूर पहाड़ी स्थल पर अवस्थित है. केंद्र निदेशक ने बताया कि यह एक रमणीय स्थल है. जिसे विकास कर स्थानीय पर्यटन स्थल को विकास करने की आवश्यकता है. वनभोज कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी, लैब सहायक रोहित कुमार दास, भोला कुमार, पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो, केंद्र के विद्यार्थी सोनाली, मुस्कान, साइना, साहिना, नूपुर, सोनी, मनीषा, रूपा, प्रीति, नेहा, पंकज, अमृता, साहबाज, सैफ, अमृत, धोनी, पंकज, दिलीप भुईयां, दिलीप पासवान, केंद्र निदेशक की पत्नी ज्योति वर्मा, उनकी पुत्री दीप ज्योति, पुत्र शिवेश उर्फ़ शुभ, भतीजा सोनू, आयुष, मोनू, भांजा राहुल, भांजी ज्योति सिन्हा, अग्रज चंद्रदीप कुमार सिन्हा आदि शामिल थे।

## कसियाडीह में एक दिवसीय मीना बाजार का आयोजन, दर्जनों स्टॉल लगाये गए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखण्ड के चरही पंचायत अंतर्गत कसियाडीह में झारखंड आदिवासी दलित मंच के तत्वाधान में एक दिवसीय मीना बाजार का आयोजन किया गया . जिसके मुख्य अतिथि चरही मुखिया संझली देवी व विशिस्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ,समाज सेवी आनंद सोरेन ,शिक्षक मनोज हंसदा ने फीता काटकर शुभारंभ किये . मौके पर बाल सांसद के बच्चे - बच्चियों द्वारा दर्जनों स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें मुख्य रूप से समोसा चाट, पकौड़ी , जिलेबी , ब्रेड चोप , अंडा चोप , आलू चोप ,बालूशाही ,रसगुल्ला, चना ,झाल मुड़ी सहित अन्य मिठाइयों का स्टॉल लगे थे वंही खेल मनोरंजन के भी दर्जनों स्टॉल लगे थे गांव सहित आसपास गांवों से आये ग्रामीणों ने मीना बाजार का जमकर लुत्त उठाये .मौके पर बच्चे - बच्चियों ने संताली व नागपुरी नृत्य संगीत प्रस्तुत किये। पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चे - बच्चियों को अपना प्रतिभा निखारने का अच्छा अवसर मिलता है समाजसेवी आनंद सोरेन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र गांवों में इस तरह का आयोजन एक सराहनीय कदम है चरही मुखिया संझली मुर्मू ने कहा कि गांव में प्रत्येक वर्ष आयोजन से गांव वालों को एक दूसरे के साथ मिलने व अपना अपना विचार साझा करने का मौका मिलता है इस अवसर पर सिस्टर बीना, पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, महालाल हँसदा , कलिस्ता सोरेन, प्रकाश टुडु ,चुनुलाल हंसदा, फिलेन होरो , लिली मरांडी , दर्शन सोरेन, ब्रजेश सोरेन,आलोक सोरेन, रवि ,विजय हँसदा , मनोहर सोरेन, अमन पहाड़ी ,आरती सोरेन, सीतामुनि मुर्मू ,बादल हँसदा ,संतोष कुमार, सुनील सोरेन, आशा ,चम्पा ,अजय सोरेन, वीवेक टुडु ,सुषमा सोरेन,अरविंद ,संदीप मुर्मू,आकाश ,हेमलाल सोरेनसहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## भाजपा ने गुरुद्वारे में मनाया बाबा वीर बाल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादो बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह को 26 दिसंबर 1704 को इस्लाम धर्म कबूल ना करने पर सरहिंद के नवाब ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया था एवं दादी गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया था। उन्हीं के याद में, साहिबजादो के शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के कार्यकर्ताओं द्वारा गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा में बोते 26 दिसंबर को मनाया गया ।यह निर्णय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस एवं शहीदी सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था ।यह राष्ट्र के लिए एक नई शुरुआत है।यह शहीदी सप्ताह और वीर बाल दिवस भावों से भरा जरूर है लेकिन यह अनंत प्रेरणा का स्रोत भी है। सिख गुरुओं के महान योगदान और सिख परंपरा के बलिदान को स्मरण कराता है। कार्यक्रम में अमृतसर से आए प्रचारक भाई बलदेव सिंह एवं भाई हरप्रीत सिंह द्वारा चारों बाबा वीर बालकों की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालकर आम जनों को बताने की कोशिश की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव, केपी ओझा, गुरुद्वारा प्रबंध कमिटी के अध्यक्ष सरदार अवतार सिंह, सचिन देवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष प्रितपाल सिंह कलरा, उपाध्यक्ष दीपक पसरिया, कोषाध्यक्ष कवलजीत सिंह, महंतविजया नंददास, हरीश श्रीवास्तव, भैया अभिमन्यु प्रसाद, टुनु गोप ,विनोद भगत ,जय नारायण प्रसाद, प्रोफेसर मुकुल जी, उदय प्रताप सिंह ,डॉक्टर एपी सिंह ,डॉ राजकुमार चौबे ,शत्रुघ्न पांडे, पीके सिंहा ,अनिल सिंहा, हिमांशु सिंहा, कृष्ण सिंहा, सैयद तनवीर अहमद ,डॉक्टर महावीर प्रसाद, सुमन सिंहा, विवेक बैरियर, सुबोध सिंहा, शशिकांत सिंहा, मनमीत सिंह कालरा, देवेंद्र सिंह ,राजेंद्र पाल सिंह , राजवेंद्र सिंह ,राजीव बग्गा ,जसवीर सिंह, कुलदीप सिंह, गुणवंत सिंह ,मनिंदर सिंह ,कुलवंत सिंह, अशोक पसरिचा, तनवीर सिंह, गुरु शरण सिंह, एवं सर्वजीत सिंह उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

# पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी से की मुलाकात



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व कृषि मंत्री एवं पूर्व विधायक योगेंद्र साव ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर से 24 अकबर रोड नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रभारी से शिष्टाचार मुलाकात किया।इस दौरान योगेंद्र साव ने प्रभारी को बधाई दिया साथ ही झारखंड की वर्तमान राजनीतिक हालात पर विस्तृत चर्चा करते हुए संगठन की मजबूती पर भी वार्ता कीया तथा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने और बड़कागांव विधानसभा की समस्याओं पर भी प्रकाश डाला जिसमें विस्थापन आयोग का गठन करना,स्थानीय नीति,एवं आंदोलन के दौरान हुए मुकदमो का निष्पक्ष जांच करने से संबंधित बातचीत हुई। दोनों के बीच हुई मुलाकात के दौरान पार्टी को मजबूती प्रदान करने के संबंध में आवश्यक कदम उठाने का भी विचार विमर्श हु।

# उलादाका में फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सरगडीह पंचायत अन्तर्गत उलादाका गाँव में फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति( जेबीकेएसएस) के जिला कोर कमेटी के सदस्य पांडव कुमार महतो ने फीता काट कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ अच्छा खेलने की सलाह दी। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ीयों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर विक्रम कुमार महतो, आशीष महतो, प्रेम महतो, मोतीलाल महतो, लखीकांत महतो, पंकज महतो, करण महतो, अंकुर महतो के अलावा उलादाका फुटबॉल क्लब के सैंकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# मंझला चुम्बा में जतरा मेला का आयोजन हुआ



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंझला चुम्बा पंचायत भवन के समीत बुधवार को ग्रामीणों द्वारा जतरा मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बताया कि यह त्यौहार ग्रामीणों द्वारा किसान धान की कटाई हो जाती है तब सभी ग्रामीण मिलकर इस खुशी को त्यौहार के रूप में जिसे जतरा कहा जाता है। जिसमें सभी ग्रामीण सभी सामुदायिक के लोग एक दूसरे के साथ त्यौहार को मिल जुल कर बड़े सादगी से मानते हैं। यह जतरा मेला कई वर्षों से मनाया जा रहा है। मेला में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। दुकानों में जमकर बिक्री हुई। बच्चों व बड़ों में झूलों का लुत्फ उठाया। इस मौके पर सैकड़ो ग्रामीण लोग शामिल थे।

# 6वां श्री महाकाल महोत्सव को सफल बनाने के लिए बैठक सम्पन्न



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (आरबीएसएस) द्वारा 8 जनवरी को रामगढ़ शहर के सुभाष चौक स्थित माँ विघ्नहर्णेश्वरी (माता दुर्गा) मंदिर में होने वाले वाले 6वां श्री महाकाल महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। इसी कड़ी ने राँची रोड व रोबा कॉलोनी में संगठन के सदस्यों की बैठक रखी गयी। इस बैठक में रामगढ़ के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने उपास्थि लोगो को महोत्सव का निमंत्रण दिया और पूजा को भव्य रूप से मनाने की रूप-रेखा के बारे में जानकारी दी। उपस्थित लोगो ने महोत्सव को सफल व भव्य बनाने के लिए अपने अपने सुझाव भी दिए जिसे अमल में लाया गया।

# 29 को डुमरिया में होगी 50 वां सिदो कान्हू मेला

**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत डुमरिया में 29 दिसम्बर को 50 वॉ सिदो कान्हू ऐतिहासिक सांस्कृतिक मेला आयोजित होगी। इसको लेकर भव्य रूप से मेला कमिटी के द्वारा तैयारी की जा रही है। झारखण्ड के कद्दावर नेता सह झामुमो के संस्थापक सदस्य रहे दिवंगत साइमन मरांडी के द्वारा इस मेला का शुभारंभ किया गया था। जो वर्षो से अनवरत रूप से आयोजित होते आ रहा है। यह मेला विशुद्ध रूप से एक राजनैतिक मेला के रूप में विख्यात है। जिससे राजमहल लोकसभा क्षेत्र की दशा व दिशा तय होती है। मेला कमिटी के सदस्य मांझी मुर्मू , भीम मरांडी , बाबूजी मरांडी , निरंजन मण्डल , इमानुएल मरांडी आदि ने बताया कि मेले में विधायक दिनेश मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे । वही मेले में आकर्षण का केंद्र अंग्रेज बध का कार्यक्रम रहेगा। इसके अलावे शाम को प्रख्यात संथाल गायक स्टेफन टुडू व गायिका टीना हेम्ब्रम द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी। वही रात को आर्केस्ट्रा कार्यक्रम होगी। मेले में सांस्कृतिक प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। इसमे सिदो कान्हू ड्रामा , लागड़े एएनएच , दसाई दोन , लावड़िया एनएच , नटवा नाच , फेनटोंड बनाम , तासा पार्टी , पहाड़िया नाच , झूमर नाच सहित महिला पुरुष तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमे विजेताओं को 30 दिसम्बर को मेला प्रांगण में विधायक द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। मेले को लेकर सभी तैयारी पूरी कर लिया गया है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई टीबी फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी प्रोग्राम व जिला टीबी फोरम की बैठक

## टीबी मुक्त रामगढ़ संबंधित किताब का उपायुक्त द्वारा किया गया विमोचन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बुधवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान अंतर्गत टी॰ बी॰ फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी प्रोग्राम एवं जिला टी॰बी॰ फोरम की बैठक का आयोजन किया गया।मौके पर सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डां स्वराज ने टीबी मुक्त भारत के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा देश को 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें सभी की जन भागीदारी सुनिश्चित हो इस हेतु टीबी रोग व इसके उपचार के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में प्राप्त निर्देश के आलोक में टीबी फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी कार्यक्रम चलाया जाना है जिसके तहत कारखानों में कार्यरत कर्मियों को टीबी रोग व इसके उपचार के प्रति जागरूक किया जाना है। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने बैठक में उपस्थित विभिन्न कारखानों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को टीबी फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी प्रोग्राम का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने एवं कारखाने में कार्यरत कर्मियों के लिए नियमित रूप से टीबी जांच शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया वहीं टीबी रोग को जड़ से खत्म करने एवं 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने सभी से टीबी रोग के पहचान एवं इसके उपचार में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की वहीं उन्होंने बैठक के दौरान उपस्थित टीबी रोग से स्वस्थ हुए मरीजों से बातचीत कर उन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिले लाभ की जानकारी ली वहीं उन्होंने तिबिप रोग से स्वस्थ हुए मरीजों को भी अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को रोग से जुड़ी भ्रांतियां को दूर करने एवं रोग से संबंधित किसी भी प्रकार का कोई लक्षण दिखने पर त्वरित अपनी जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में कराने के प्रति जागरूक करने की अपील की। मौके पर उपयुक्त चंदन कुमार ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार सहित अन्य के द्वारा रामगढ़ जिले को टीबी मुक्त करने को लेकर मुद्रित पुस्तक का विमोचन भी किया गया । बैठक के दौरान डॉ स्वराज ने टीबी रोग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि टीबी का बैक्टीरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक हवा के माध्यम से फैलता है और यह हमारे फेफड़े को प्रभावित करता है। साथ ही शरीर के अन्य अंगों को भी संक्रमित कर सकता है। इन सबके अलावा बैठक के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए वैसे लोग जो की पूर्व में टीबी रोग से ग्रसित थे एवं नियमित इलाज के उपरांत वर्तमान में स्वस्थ हो गए हैं ।

# सांसद जयंत सिन्हा के ड्रीम प्रोजेक्ट योजना का निविदा हुआ जारी : महेंद्र महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** जिला सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि माननीय सांसद जयंत सिन्हा के मार्गदर्शन में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिले में प्रत्येक पंचायत में एक मॉडल आधुनिक सुविधा से लैस सामुदायिक भवन का निर्माण होगा। इस योजना में पिछले 1 वर्ष से बहुत ही गहन चिंतन किया गया है।तथा माननीय सांसद जयंत सिन्हा का सोच हैं कि प्रत्येक पंचायत में एक मॉडल सामुदायिक भवन होना चाहिए जहां पर महिलाओं के लिए सिलाई कढ़ाई सेंटर हो छात्र-छात्राओं के लिए कंप्यूटर सेंटर सह कौशल विकास केंद्र हो क्षेत्र में पंचायत वासियों के शादी-विवाह का सुविधा युक्त सेंटर हो शरीर को चुस्त दुरुस्त करने के लिए जींमखाना हो आधुनिक सुलभ शौचालय हो और यह सब सुविधाएँ एक छत के नीचे हो यह पूरा सामुदायिक भवन सौर ऊर्जा पर आधारित रहेगा इसकी लागत निर्माण कार्य में लगभग 1 करोड़ रूपया खर्च होगा। तथा पहला निविदा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिले के दुलमी प्रखंड के जामसिंह पंचायत के लिए जारी हुआ है।

# भारतीय तलवारबाजी महासंघ की वार्षिक आम सभा 30 को रायपुर में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** छत्तीसगढ़ तलवारबाजी संघ द्वारा 30 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में भारतीय तलवारबाजी महासंघ का वार्षिक आम सभा होगा।जहाँ झारखंड राज्य तलवारबाजी संघ के संयुक्त सचिव सह रामगढ़ जिला संघ के सचिव राकेश कुमार मिश्र को झारखंड राज्य तलवारबाजी संघ का प्रतिनिधि बनाया गया है , उक्त जानकारी देते हुए झारखण्ड तलवारबाजी संघ के महासचिव सह मुख्य अभिभावक जय कुमार सिन्हा ने कहा कि ये उनको उनके सक्रियता, समर्पण और दक्षता के कारण बनाया गया है । पूरे राज्य के फेंसिंग विशेषज्ञ इसका समर्थन करते हुए श्री मिश्रा पर विश्वास जताया। वे वहां वार्षिक आम सभा और उसके बाद के सभी प्रक्रियाओं में भाग लेंगे । एवं रामगढ़ जिला



तलवारबाजी संघ के चेयरमैन विजय मेवाड़ ने कहा कि राकेश पूरे जिले ही नहीं पूरे राज्य का युवा एवं ऊर्जावान , मेहनती खेल प्रशासक के रूप में अपने आपको साबित किया है।रामगढ़ जिला संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है , पूरे जिले में खुशी की लहर है , उन्होंने बधाई एवं सुभकामनाए दी । बधाई एवं शुभकामनाएं देनेवालों में जिला तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष मेहंदी हसन, कोषाध्यक्ष प्रसांत कुमार, सहसचिव अजय कुमार वर्मा, सहित सभी खिलाड़ी शामिल हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ मांडू प्रखण्ड से किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ के तहत मांडू प्रखण्ड के कारमा चौक के समीप में संकल्प भारत व विकसित भारत के वाहन के आगमन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री योजना के लाभुको के द्वारा लाभान्वित होने की खुशी में चर्चा की गई, साथ ही हमारे देश के प्रधानमंत्री को खुशी पूर्वक धन्यवाद व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी जन एक साथ विकसित भारत व आत्मनिर्भर भारत 2047 तक बनाने के लिए सपथ ग्रहण किया।कार्यक्रम में साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी द्वारा जैविक कृषि का लाभ बताए ,साथ ही आधुनिक खेती के बारे में बताएं, साथ ही उज्ज्वला योजना का गैस वितरण किया गया , स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया एवं ऑनलाइन आवेदन भी लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों के लिए यह आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के पूर्व मंच पर उपस्थित अतिथियों का भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष, राकेश प्रसाद भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा , मनोज गिरी रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष भाजपा,जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी जिला मंत्री राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा मुखिया प्रतिदिन शक्ति महतो प्रदीप शर्मा हरिशंकर बिहार इंद्रदेव ठाकुर मानपूरक सोनी लक्ष्मण साह जिला मंत्री संजीव कुमार बावला सांसद प्रतिनिधि जागेश्वर प्रजापति सुखदेव प्रसाद सोनी छोटन प्रजापति उपस्थित आदि थे।

# कटिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** कटिया चौक न्यू मार्केट में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम मुखिया किशोर कुमार महतो की अध्यक्षता में किया गया।जिसका संचालन पंचायत सेवक महेश्वर बेदिया सह शब्या कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अभिनेश कुमार सिंह तथा विशिष्ट जिला पार्षद राजाराम प्रजापति,कृषि वैज्ञानिक धर्मजीत खरवार,पतरातू अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे,भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता,सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा,डॉ संजय सिंह,देवेंद्र सिंह,योगेश दांगी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित विक्रम शुरू किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अभिनेश कुमार सिंह के द्वारा कहा गया कि वैसे व्यक्ति जो केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित है उसको विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलवाना है।तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से पूरे भारत के हर पंचायत में केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बतलाना और उसका समाधान निकालना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप संतोष शर्मा सरिता ठाकुर, सतीश मोहन, अनीता जैन, नंदकिशोर महतो, प्रियानाथ मुखर्जी, अमित कुमार सिंह, ललिता देवी स्वीटी कुमारी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# पतरातु अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री से निकाले गए 81 मजदूरों से भाजमो केंद्रीय महासचिव ने मुलाकात कर समस्याओं से अवगत हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के पतरातु अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में आज भाजमो केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय ने विजिट कर फैक्ट्री द्वारा काम से बैठाएं गए 81 मजदूरों की समस्याओं से अवगत हुई और इसपर पहल करने हेतु कंपनी के अधिकारियों से सकारात्मक वार्ता की गई। बताते चलें कि पुर्व में संचालित बर्नपुर सीमेंट फैक्ट्री वर्तमान में अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री को बेच दी गई है, जिसके बाद फैक्ट्री में कार्यरत 81 मजदूर जिन्हें अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री ने काम से बैठा दी गई है और थर्ड पार्टी के ऊपर टाल दिया गया है। जिस कारण इन सभी मजदूरों के ऊपर बेरोजगारी का पहाड़ टूट पड़ा है। ऐसे में आज इन सभी मजदूरों के आग्रह करने पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा केंद्रीय महासचिव सह समाजसेवी निशि पांडेय अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री पहुंची और सभी के हाल-चाल को



जाना और कंपनी के पदाधिकारी से वार्ता की गई जिसपर कंपनी के पदाधिकारी द्वारा जल्द इन समस्या पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दी गई है।वहीं केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय ने कहा पुर्व में संचालित फैक्ट्री अब अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के हैंडओवर होने पर कंपनी अपने स्तर से छंटनी कर बहुत से लोगों को नए सिरे से काम पर रखा जा रहा है तो बहुत लोगों का छंटनी भी किया जा रहा है। इसी विषय पर आज मजदूरों के हित में बात करने आए हैं कि इस तरह का कार्य नहीं किया जाए और मजदूरों के बारे में सोचा जाए ताकि इनकी रोजगार का साधन बना रहे। जिसपर पोजिटिव और सबके हित में बात हुई है। उम्मीद है कुछ दिन में इसपर समाधान किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला मत्स्य पदाधिकारी रामगढ़ ने उपायुक्त सहित समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत कुल 73 लाभुकों के लिए तीन योजनाओं का चयन किया गया है। जिनमें मोटरसाइकिल (आइस बॉक्स के साथ) के लिए 11, तीन चक्का वाहन आइस बॉक्स के साथ 10, जलाशयों में केज अधिष्ठापन हेतु 42 मत्स्य पालकों को चिन्हित किया गया है। जिसपर उपायुक्त ने समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए आगे की कार्रवाई करने संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठके के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी, निदेशक (लेखा एवं प्रशासन) जिला ग्रामीण विकास अभिकरण रामगढ़, वरीय वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र मांडू सहित अन्य उपस्थित थे।

# एक जनवरी से राज्य के डीलर जाएंगे अनिश्चित हड़ताल में, बैठक में लिया गया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले जिले भर के डीलरों ने लड्डू बाबू आम बागान में बैठक आयोजित की गई।बैठक में बतौर चीफ गेस्ट फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ओंकारनाथ झा मौजूद थे।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया के आगामी 1 जनवरी 2024 से देश भर के सभी डीलर अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल पर जाएंगे। क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार डीलरों के हित में किसी भी प्रकार की निर्णय नहीं ले रही है। जबकि देश भर के डीलर लगातार गरीब और आम जनता के लिए सेवा दे रहे हैं।श्री झा ने कहा कि हमलोग लगातार धरना,रैली,घेराव करते आ रहे हैं किंतु किसी सरकार ने हमारी समस्याओं पर ध्यान नही दिया।हम कबतक आश्वासन पर जिंदा रहें। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना को कमीशन पर क्यों चलाएं विक्रेताओं के लिए मानदेय के साथ-साथ अन्य आय के स्रोत उपलब्ध कराएं जाएं।खदानों के कमीशन में बढ़ोतरी की जाए।नेटवर्क सर्वर को बढ़ाया जाए।खदानों में शोटेज की व्यवस्था हो।उन्होंने कहा वृद्ध लाभार्थी को मैनुअल राशन देने की हर हाल में व्यवस्था की जाए।खदानों का वजन शत प्रतिशत जुट बोरे में की जाए। बकाया कमीशन का पूरा पूरा भुगतान किया जाए।एन एफ एस ए के कमीशन का प्रतिमाह अग्रिम भुगतान सुनिश्चित किया जाए।राशन की दुकानों में खदानों के अलावे दाल तेल चीनी अनुदानित दरों में प्रतिमाह सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि कोरोना काल मे देशभर के सैकड़ों डीलर अपनी जान गंवा बैठे लेकिन सरकार ने उनकी सुधि तक नही ली।सिर्फ एकमात्र राजस्थान की सरकार को छोड़ कोई भी राज्य की सरकार ने सुधि नही ली।मौके पर पाकुड जिला अध्यक्ष अब्दुस सलाम ने अपनी बातों को प्रमुखता से रखा।

**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा**

**शुद्धि-पत्र**

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के द्वारा Tender No. GNP-02/2023-24 Construction of PCC Road at Different Places and Different Ward Under Nagar Parishad Garhwa का सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसका PR 313139 (Urban Development) 23-24 (D) है। उक्त निविदा में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:-

1. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि
   – 09.01.2024 को कार्यालय अवधि तक।
2. निविदा डालने की तिथि एवं समय
   – 10.01.2024 को 02 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय
   – 11.01.2024 को 12 बजे अपराहन् से।

शेष सभी पूर्व की भांति यथावत रहेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 314409 Urban Development(23-24)#D

**उपायुक्त-सह- जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**

**आम सूचना**

**मुरहू तपकरा तोरपा पथ चौड़ीकरण** परियोजना के लिए अर्जित भूमि के मुआवजा भुगतान संबंधी मामलों का शीघ्र निष्पादन हेतु पंचाटियों/ रैयतों का भू-दस्तावेज की प्राप्ति एवं जाँच हेतु शिविर का आयोजन की तिथि निम्न प्रकार से निर्धारित की गयी है, जो इस प्रकार है-

परियोजना का नामः- **मुरहू तपकरा तोरपा पथ चौड़ीकरण**

| क्र0 | अंचल का नाम | ग्राम का नाम | स्थल | तिथि | समय | जिला भू-अर्जन कार्यालय के प्रतिनुयक्ति कर्मियों |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तोरपा | हुसीर, पैरा एवं गोपला | पंचायत भवन, हुसीर | 08.01.2024 एवं 09.01.2024 | 11.00 बजे से 5.00 बजे तक | अमीन, राजस्व उप निरीक्षक, कानूनगो, लिपिक एवं अनुसेवक |
| 2 | मुरहू | पंडरिया, सोनपुरगढ़ एवं जरीया | पंचायत भवन, मुरहू | 11.01.2024 एवं 12.01.2024 | 11.00 बजे से 5.00 बजे तक | |
| 3 | तोरपा | उबका, केन्दटोली, बालो, डुडरी, बम्हनी | सामुदायिक भवन, सोनपुरगढ़ | 13.01.2024 एवं 16.01.2024 | 11.00 बजे से 5.00 बजे तक | |
| | | | | | | |

अतः अंचल अधिकारी, तोरपा/ मुरहू को निदेशित किया जाता है कि अंचल निरीक्षक एवं सबंधित राजस्व उप निरीक्षक को शिविर की तिथि को प्रतिनियुक्त करेंगे तथा शिविर की सूचना संबंधित रैयतों एवं ग्राम प्रधान को भेंजेगे।

सभी संबंधित प्रभावित रैयतों से अनुरोध है कि अपने अपने अर्जित भूमि से संबंधित कागजात यथा खतियान/डीड, दाखिल खारिज कागज, लगान रसीद, बैंक पासबुक का छायाप्रति, आधार कार्ड, सी सी भाउचर, आवेदन, एवार्डी सत्यापन प्रतिवेदन, अंचल से सत्यापित वंशावली, पारिवारिक बंटवारानामा, क्षतिपूर्ति बन्धपत्र, फोटो-3 एवं रेभन्यु टिकट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाय, ताकि शिविर स्थल पर आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये कागजातों का सत्यापन कर मुआवजा भुगतान हेतु त्वरित कार्रवाई किया जा सके।

अनुलग्नक:- रैयतों की सूची।

ह0/-
जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, खूँटी

PR 314428 Land Reforms(23-24)#D

# लूटपाट मामले में गिरिडीह पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के कोरियाटांड़ में बीते 16 नवंबर को मो. ताहिर अंसारी नामक युवक के साथ हुए लूटपाट मामले में गिरिडीह पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों में नितेश कुमार सिंह, समसुद्दीन अंसारी, सुजीत कुमार सिंह और मो. सबा शामिल है। इन चारों अपराधियों के पास से पुलिस ने लूट की घटना में प्रयुक्त की गई अपाची मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, दो यूनियन बैंक का डेबिट कार्ड, दो प्रीपेड कार्ड, एक बैंक ऑफ इंडिया का डेबिट कार्ड और प्रीपेड कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड भी बरामद किया है। उक्त आशय की जानकारी गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि बीते 16 नवंबर को मो. ताहिर अंसारी नामक युवक अहिल्यापुर थाना क्षेत्र से अपने घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बंगाली मोड़ के पास पहुंचा तो दो बाइक सवार अपराधियों ने उसकी बाइक को रोक कर उसे 75 हजार रुपये के साथ अन्य दस्तावेज आदि लूट लिया था। जिसके बाद ताहिर अंसारी ने अहिल्यापुर थाना में आवेदन देकर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी श्री शर्मा के निर्देश पर तुरंत ही एक छापेमारी दल का गठन किया गया था, जिसमें पुलिस निरीक्षक गांडेय मो. कमाल खान, थाना प्रभारी अहिल्यापुर अमरजीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी ताराटांड़ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार महतो और ताराटांड़ और अहिल्यापुर के पुलिस जवानों को शामिल किया गया था।

# आरसी हाजरा मेमोरियल अस्पताल अग्निकांड सिविल सर्जन कार्यालय से फाइल गुम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के टेलीफोन एक्सचेंज रोड में संचालित आरसी हाज़रा मेमोरियल अस्पताल से जुड़ी एक महत्वपूर्ण फाइल सिविल सर्जन कार्यालय से गायब हो गई है। यह फाइल क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट से जुड़ी हुई है। काफी खोजबीन करने के बाद भी फाइल नहीं मिल रही है। इस संबंध में संबंधित कर्मियों से पूछताछ करने की तैयारी चल रही है। इसकी ऑनलाइन एंट्री होनी थी, जिसका भी कुछ विवरण नहीं मिल रहा है। फाइल कहां है, किसने रखी है और अगर गायब है तो किसने गायब की है, इसकी जांच पड़ताल गंभीरता से शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल के रजिस्ट्रेशन की अवधि खत्म हो गई थी। फायर एनओसी भी नहीं ली गई थी। फायर




फाइटिंग सिस्टम भी दुरुस्त नहीं था। स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल को बंद करने का आदेश दिया गया है।

**28 जनवरी 2023 की रात हुआ था अग्निकांड :-** 28 जनवरी 2023 की उस काली रात को आरसी हाज़रा मेमोरियल हॉस्पिटल में लगी आग से पांच लोगों की मौत हो गई थी। धनबाद के टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित इस आरसी हाज़रा मेमोरियल हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग ने बंद करने का आदेश दिया है। संचालक पर ?50000 का जुर्माना भी लगाया गया है। 28 जनवरी 2023 को जिनकी मौत हुई थी, उनमें डॉक्टर विकास हाजरा, उनकी पत्नी डॉक्टर प्रेमा हाजरा सहित पांच लोग शामिल थे। हादसे की जांच के बाद सामने आया था कि अस्पताल के रजिस्ट्रेशन की अवधि खत्म हो चुकी थी और फायर एनओसी भी नहीं लिया गया था। फायर फाइटिंग सिस्टम भी दुरुस्त नहीं था।

**जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है कार्रवाई :-** स्वास्थ्य विभाग ने जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की है। संचालक को कहा गया है कि आवासीय परिसर में अस्पताल या ओपीडी का काम बंद करे। 28 जनवरी 2023 को घटना हुई थी और अब जाकर स्वास्थ्य विभाग जागा है। डॉ विकास हाजरा और डॉक्टर प्रेमा हाजरा का घर और हॉस्पिटल दोनों एक ही परिसर में थे। पहले घर में आग लगी, जिसके बाद धीरे-धीरे अस्पताल तक फैल गई। इस दौरान घर में मौजूद डाक्टर दंपती सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी। आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन उसके पहले डॉक्टर विकास हाजरा सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना से पूरे शहर में सनसनी फैल गई थी।

## जंगल में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के वैदाडीह जंगल में लावारिस स्थिति में शव के मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हालांकि शव की शिनाख्त कर ली गई है बताया जाता है कि गांडेय थाना क्षेत्र के हाडमाडीह निवासी 40 वर्षीय हीरालाल मुर्मू के रूप में पहचान की गई है। इधर इस घटना की खबर मिलते ही बेंगाबाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है घटना कैसे हुई इसकी खुलासा नहीं हो पाई है हालांकि पुलिस मामले की अनुसंधान में जुटी है।

## अयोध्या से पूजित अक्षत कलश ठाकुर कुल्ही दुर्गा मंदिर पहुंचा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के धैया क्षेत्र अयोध्या में पूजित अक्षत कलश बुधवार को धैया, ठाकुर कुल्ही श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर पहुंचा। जहां पूजित अक्षत कलश का विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के कार्यकर्ताओं ने विधिवत पूजा अर्चना की। जिसको लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर गौ सेवा प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि पूजित अक्षत को नगर के सभी सनातनी घरों में वितरण किया जाएगा। इसकी शुरुआत 1 जनवरी से 15 जनवरी तक होगी। साथ ही सभी श्री राम भक्तों को प्रभु श्री राम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी के दिन पांच दीपक मंदिर में जलाने एवं अपने-अपने घरों में दीपावली मनाने की अपील की गई। श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह ने बताया कि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के दिन दुर्गा मंदिर में सुबह 11:00 बजे से 1:00 बजे तक प्लाज्मा टीवी के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा तथा अखंड राम चरित्र मानस पाठ का आयोजन 24 घंटे के लिए किया जाएगा।

## जरुरतमंद को किया रक्तदान

**बगोदर/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खून किसी नल से नहीं निकलता, और ना ही किसी फैक्ट्री में बनाया जा सकता है, जब भी किसी मरीज को खून की जरूरत पड़ती है तो किसी न किसी इंसान को अपने बदन का खून देना पड़ता है और इस काम मे अक्सर घर के ही लोग पीछे हट जाते है। कई बार परिजनों का ब्लड ग्रुप मैच नहीं करता और ब्लड बैंक में भी उस ग्रुप का खून नहीं होता तब उस मरीज की जान बचाना मुश्किल हो जाता है। ऐसी तमाम मुश्किलों को आसान करने के लिए युवाओं ने कई संगठन बना कर सेवा करता है। ये युवा पिछले कई वर्षों से रक्तदान करके अब तक कई मरीजों की जान बचा चुके हैं। ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया है जब बेको पुर्वी पंचायत के भण्डार टोला की एक बहन की प्रसव के बाद उनकी तबीयत विगड गई। डॉक्टर ने उसे तुरन्त खून चढाने को कहा तो परिजन परेशान होने लगे। इधर उधर कई लोगों से प्रयास किया गया। लेकिन व्यवस्था नही हो पाया वहीं स्थानीय पत्रकार को जब यह सूचना मिली तो अपने व्यूरो चिफ रंजन कुमार से सम्पर्क किया। उन्होने तुरन्त डुमरी अस्पताल पहुँच कर खून डॉनेट किया । इससे लेकर परिजनों में खुशी हुई । इस मौके पर अशोक कुमार यादव,अजय कुमार मौजूद थे।

## भाकपा माले की जीबी मीटिंग 7 जनवरी को

### 16 जनवरी महेंद्र सिंह शहादत दिवस में भाग लेने का निर्णय

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 16 जनवरी महेंद्र सिंह शहादत दिवस की तैयारी को लेकर आज बेंगाबाद में नेतृत्वकारी कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई, जिसमें शहादत दिवस में भाग लेने तथा इसकी तैयारी में 7 जनवरी को बेंगाबाद में एक जीबी मीटिंग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, आम लोग महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है। केंद्र सरकार के पास जन सवालों का कोई जवाब नहीं है। मौजूदा परिस्थितियों में महेंद्र सिंह के बताए रास्ते से ही जनता का भला हो सकता है। लोगों से बढ़-चढ़कर शहादत दिवस में भाग लेने की अपील की गई। कहा कि, इसी तैयारी क्रम में पार्टी सदस्यों का नवीकरण भी किया जाएगा। प्रत्येक बूथ में पार्टी ब्रांच का गठन किया जाएगा।आज की बैठक में राजेंद्र मंडल, रामलाल मुर्मू, फोदार सिंह, शंभू तुरी, महेंद्र साव, सुखदेव गोस्वामी, राजकिशोर चौधरी, दिनेश राय, मुन्ना तुरी इत्यादि मौजूद थे।

# धनबाद में चोरों का आतंक, घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद थाना क्षेत्र के बजरंग बिहार कॉलोनी, धैया में बंद पड़े घर में चोरी हो गया जहां चोरों ने लगभग 2.5 लाख के सोने के आभूषण की चोरी कर भाग गए। गृह स्वामी बैंक ऑफ़ इंडिया में कार्यरत है। घर के मालिक सत्यनारायण रजक तबादले के बाद विगत 25 दिसंबर को रांची गए थे। वहीं घर का चाबी अपने पड़ोस में रहने वाले विनय साव को देकर गए थे। 27 दिसंबर को पड़ोसी विनय साव ने सुबह देखा कि सत्यनारायण रजक के घर का ताला टूटा हुआ है जिसकी सूचना विनय साव ने गृह स्वामी के साथ-साथ धनबाद थाना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर छानबीन कर रही है। वहीं गृह स्वामी रांची से धनबाद के लिए रवाना हो गया है। विनय साव ने बताया कि बुधवार की सुबह सत्यनारायण रजक के घर के पानी का टैंक ओवरफ्लो हो कर पानी बाहर गिर रहा है जिसको बंद करने के लिए गए थे। घर के दरवाजे पर पहुंच कर देखा की सत्यनारायण रजक के घर का दरवाजा टूटा हुवा है। वही पड़ोस में रहने वाले गोविंद को लेकर घर के अंदर जा कर देखे जहा घर का सामान बिखरा हुआ था। आगे विनय ने बताया की सत्यनारायण रजक बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत है जिनका हाल ही में रांची तबादला हूआ है और विगत 25 दिसंबर को वे यहां से रांची गए थे। वही चोरी की रकम लगभग 2.5 लाख है।

# उत्पाद विभाग ने किया भारी मात्रा में नकली शराब जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शराब माफियाओं के द्वारा नए साल के मौके पर अवैध एवं नकली शराब भारी पैमाने पर खपाने की योजना को उत्पाद विभाग ने ध्वस्त कर दिया है। मैथन ओपी इलाके में पतलाबारी में एक घर मे छापेमारी कर कुल 60 पेटी अवैध नकली विदेशी शराब जब्त किया है। जिसमें ब्लैक टाइगर, मैकडॉवेल, इंपिरियल ब्लू, रॉयल स्टैग समेत कई अन्य ब्रांड की बोतलों में भरी गई नकली शराब शामिल है। साथ ही दशरथ मंडल उर्फ साव नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न, 25 पंचायत के अंतर्गत कुल आवेदन 30 हजार प्राप्त हुए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** झारखंड सरकार की एक माह से चल रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम भलकूदर पंचायत सचिवालय में संपन्न हुई। 25 पंचायत के अंतर्गत 30 हजार आवेदन प्राप्त हुए। शिविर की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया भैयालाल मुर्मू ने किया। इस मौके पर गांडेय विधायक डॉक्टर सरफराज अहमद बेंगाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी मुखिया भैया लाल मुर्मू बीस सुत्री अध्यक्ष नुनूराम किस्कु, मुजफ्फर अली समाजसेवी सुरेंद्र लाल मुखिया संघ के अध्यक्ष मो. समीम मधवाडीह मुखिया सादिक अंसारी लुपी मुखिया बारीक अंसारी ताराजोरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रमेश मुर्मू पसस मिनसर वाहिद अंसारी बीएफटी सुनील कुमार वर्मा बैजनाथ यादव सत्यनारायण यादव सुरेश सिंह उद्योग विभाग के रीना कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।शिविर में पेंशन, कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता बिजली आदि संबंधित विभागों का स्टॉल लगाया गया। इस मौके पर गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार÷ कार्यक्रम के माध्यम से हर जरूरतमंद को सरकारी योजनाओं व सुविधाओं से लाभान्वित करने का उद्देश्य है। ताकि स्थानीय ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु कहीं भटकना न पड़े। कहा की बेंगाबाद प्रखंड के 25 पंचायतों में सबसे अधिक अबुआ आवास का आवेदन प्राप्त है।

## विक्रम तर्वे के नेतृत्व में अयोध्या से आए अक्षत कलश का किया गया पूजन व आरती



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्राम पंचायत पेशम के ग्राम पेशम बजरंगबली मंदिर में भाजपा नेता सह पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विक्रम तर्वे के नेतृत्व में स्थानीय राम भक्तो के द्वारा श्री राम जन्म भूमि अयोध्या से आये पूजित कलश अक्षत का पूजन व महाआरती किया गया, जिसमे मुख्य रूप से बिजेंद्र पांडेय, छोटू सिंह, अभिषेक तर्वे, मुकेश पांडेय, बबलू विश्वकर्मा, विक्रम यादव, प्रदीप सिंह, अनिल राम, पप्पू पांडेय, ललन साव, मोहन राम, राजू वर्मा, बाबुमनी सिंह, अनुज राम, नवीन राम, अंश तर्वे, ओम तर्वे, सिमा देवी, विमला देवी, राजो सिंह, तारकेश्वर सिंह, परमेश्वर महतो, संजय सिंह, बिरजू सिंह, रंजीत सिंह, नुनुबाबू सिंह, राहुल, राजेर्शे, नरेश, उमा, इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मारवाड़ी महिला समिति ने बांटे कंबल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** मारवाड़ी महिला समिति कतरास शाखा के तत्वावधान में बुधवार को कतरास स्टेशन में जरूरतमंदों के बीच 35 कंबल, 25 टोपी, 25 ग्लव्स एवं जूता चप्पल का वितरण किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रियंका चौधरी, राखी चौधरी, दीपा, रितु, पूनम, संगीता जलान, प्रीति, शिल्पा गोयल, अंजू, वीणा, मीतू अग्रवाल आदि शामिल थी।

# मार्क्सवादी समन्वय समिति जिला कमेटी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मार्क्सवादी समन्वय समिति जिला कमेटी की एक बैठक मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने की एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष सुभाष चटर्जी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने कहा कि आज केंद्र की मोदी सरकार पूर्णतः सांप्रदायिकता के हाथों में खेल रही है। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी देश की सारी राष्ट्रीय संपदा चंद सेठों को हस्तांतरित करती जा रही है। साथ ही साथ देश की सबसे बड़ी वित्तीय पूंजी का रखवाला एसबीआई को भी दीवाला कर दिया है। ऐसी परस्थिति में सारे राष्ट्र की



समस्या इन्हीं के द्वारा सृजित की गई है। आज जरूरत है सच्चा राष्ट्रवाद मोदी हटाओ देश बचाओ। छदम राष्ट्रवाद का नारा शासक वर्ग की शासक पार्टी द्वारा पूर्णतः भ्रम फैलाने वाली है और आगामी चुनाव में हिंदू ध्रुवीकरण की आकांक्षी है। 03 जनवरी 2024 को शहीद श्यामल चक्रवर्ती की शहादत दिवस पर कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर भागीदारी करेंगे। नये वर्ष में जिला कमेटी द्वारा सभी प्रखंड एवं अंचल कमेटी के साथ बैठकर सांगठनिक समीक्षा करेगी।

मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि युवा संगठन देश और पार्टी के हित में राष्ट्रवादी और मानवीय भावनाओं को जन-जन तक फैलाएगी। इसके लिए कटिबंध है। बैठक में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, सुभाष प्रसाद सिंह, टूटन मुखर्जी, मुमताज अंसारी, हीरालाल महतो, संतोष रवानी, विजय पासवान, राणा चटराज, नरेश पासवान, मुक्तेश्वर महतो, लालमोहन महतो, फटीक चंद्र मंडल, मंटू महतो, भगत राम महतो, धर्म बाउरी, सुखलाल महतो, मनीष यादव, हरे मुरारी महतो, विश्वजीत राय, अरविंद तिवारी, शंकर प्रमाणिक, राजेश बिरुआ, वेद प्रकाश सिंह, राकेश सिंह, गुहीराम रजवार, चौधरी भुइया, टुन्नू गुप्ता, भगवान पासवान आदि शामिल थे।

# गिरिडीह : डीडीसी ने लिया प्रभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह के नए डीडीसी के रूप में दीपक कुमार दुबे ने बुधवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान समाहरणालय कक्ष परिसर में उनका स्वागत बुके देकर किया गया। झारखंड सरकार ने प्रशासनिक अधिकारी के फेरबदल में 11 आईएएस अधिकारियों का तबादला कुछ दिन पहले किया था. जिसमें कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग द्वारा 21 दिसंबर को आदेश जारी किया गया था. आदेश के मुताबिक, अनुमंडल पदाधिकारी रांची (सदर) दीपक कुमार दुबे को डीडीसी गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया गया है जो बुधवार को पदभार ग्रहण किया। गिरिडीह जिले के नए उप विकास आयुक्त के रूप में दीपक कुमार दुबे ने अपना योगदान दिया। इसके बाद उन्होंने वहां उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाया जा सके, इसके लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। जिले के बहुमुखी विकास करने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी, ताकि लोगों तक सुविधाएं पहुंच सके। साथ ही जिले में जारी विकास की सभी योजनाओं को गति प्रदान की जाएगी।

## डुमरा में कामरेड बैद्यनाथ बाउरी को दिया गया श्रद्धांजलि



**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डुमरा कमिन्यूटी प्रांगण में नकुल महतो के अध्यक्षता में दिबंगत मजदूर नेता कामरेड बैद्यनाथ बाउरी को श्रद्धांजलि दी गई। श्रधांजलि सभा को संबोधित करते हुए कामरेड जे के झा केंद्रीय सचिव ने कहा कि बैद्यनाथ बाउरी एक जमीनी नेता थे। जिनकी पूर्ति निकट भविष्य में संभव नहीं है। उन्होंने जीबन पर्यन्त शोषित पीड़ित तथा मजदूरों के सेवा में अपना सब कुछ लगाते हुए लाल झंडा को मजबूत रखा। मौके पर सीताराम कर्मकार, अनिल बाउरी, देबनानाद राजभर, धनंजय महतो, कपिलदेव पांडे, प्रताप वर्णवाल, जगमोहन महतो, आशीष रॉय, रति लाल महतो, सेब लाल महतो, संकर दास, मोहन राबिदास, दिलीप नोनिया, कुलदीप महतो, नारायण महतो के अलावे दर्जनों लोगो ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# हर बुजुर्गों को कंबल वितरण जैसे जनहित कार्यों से लाभान्वित किया जा रहा है : माना पाठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के नारो गांव में आज बुधवार को भी जनहित मोर्चा के तत्वावधान में 31वां दिन भी कंबलों का वितरण जारी रहा। विदित हो कि जनहित मोर्चा ने ठाना है बुजुर्गों को राहत पहुंचाना है। उक्त बातें आज नारो गांव में जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने कंबल वितरण करने के दौरान कहा कि मेरे द्वारा लगातार एक सालों से टुंडी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है टुंडी की दुर्दशा देखकर मन काफी दुखित होता है यह प्रखंड इतना पिछड़ा है कि एक मिनट भी इस प्रखंड को दिया जाए तब भी कम होगी। वहीं दूसरी और इनके निजी सचिव मुरारी सिंह के आवासीय कार्यालय में सभी कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया



जिसमें कई प्रस्ताव पर गहन रूप से विचार विमर्श किया गया । मौके पर आर एस एस के गणेश राय, जगतगुरु संगठन के टुंडी प्रखंड अध्यक्ष हेमलाल बेसरा,भोला रजवार, प्रकाश पाण्डेय, त्रिवेणी केवट, सतीश केवट, शिशुपाल ठाकुर, चट्टान सिंह समेत बड़ी संख्या में जनहित मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भक्सो में रूद्र महायज्ञ के साथ पूर्णाहुति तथा विदाई समारोह संपन्न

**लोहरदगा :** जिले में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का विराट आयोजन आदि देवी प्राचीन मंदिर भक्सो में कोयल नदी तट पर किया गया जिसका समापन पूर्णाहुति तथा बिदाई समारोह के साथ संपन्न कराया गया। जिसमे रुद्र महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति द्वार पूर्ण तैयारी के साथ आयोजन को सफल बनाने के लिए यथक प्रयास कर आसपास के गणमान्य एवं प्रबुद्ध लोग के सहयोग से संपन्न कराया गया,20 दिसंबर को 1101 कलशों के साथ भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का उद्घोष किया गया, यज्ञ स्थल की शोभा बढ़ाने के लिए मीना बाजार, रामझूला, ब्रेक डांस आदि का संचालन किया था, नृत्य दिन भंडारा का आयोजन किया जो रात्रि तक नियमित रूप से चलता रहा।

### मुजम्मिल अहमद ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण

**लोहरदगा :** जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरा में बढ़ते ठंढ के प्रकोप को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा कुडू प्रखंड कमेटी द्वारा क्षेत्र के गरीब असहाय वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कर राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। यहां पर बता दें कि झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के निर्देशानुसार कुडू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य शंकर उरांव के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंडरा में कंबल वितरण कर राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाया है।

# विकास कार्य में परंपरा व सामाजिक उन्नति का समावेश आवश्यक : मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुधवार को विधायक सह मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार द्वारा भंडरा प्रखंड के नवडीहा एवं कसपुर ग्राम में विधायक मद से नवनिर्मित पड़हा भवन का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि वर्तमान युग में विकास कार्य में परंपरा एवं सामाजिक उन्नति का समावेश होना आवश्यक है,हम एक तरफ समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करते हैं और परंपरा का संरक्षण भी होता है और विकास कार्य को भी बढ़ावा मिलता है। भंडरा प्रखंड में विधायक निधि से दो पड़हा भवन का निर्माण किया गया यह हमारी पहचान है यह हमारा धार्मिक,सांस्कृतिक,एवं सामाजिक एवं प्रार्थना का केंद्र है यह सभास्थल भी है,इस ग्राम के ग्रामीणों की मांग थी कि यहां इसका निर्माण किया जाए,और हमने इसे धरातल पर उतरने का काम किया और हमारा उद्देश्य भी है की हम हमारी संस्कृति, सभ्यता, परंपरा की रक्षा करें। हमने ये भी प्रयास किया की जिले में सबसे बड़े पड़हाभवन का निर्माण किया जा रहा है। जिससे सामाजिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। हमें आधुनिक युग में अपनी पुरखों की पहचान को बचाने की आवश्यकता है यह ह आदिवासियों की पहचान है मैंने लोहरदगा जिले में अब तक विधायक निधि से 144 अखड़ा का निर्माण किया गया है इसके साथ साथ पारंपरिक वाद्ययंत्रों मांदर 300 एवं नगाड़े 100 वितरण किए साथ ही वितरण कार्य कर रहे हैं ताकि इन सभी कार्यों से अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को विचार रखे एवं आगे बढ़ाएं। सामाजिक विकास के साथ-साथ हमारी सरकार एवं हमारे विधायक मत के द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं चलाया चलाई जा रही है। जिससे पूरे लोड देगा का विकास करने का काम किया जा रहा है वर्तमान समय में अबू आवास तीन कमरों का जो गरीब लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रही है राशन कार्ड से अनाज के वितरण एवं अनेक ऑन ऐसे जनकल्याणकारी योजना हमारी दिवारी चलाई जा रही है जिससे आम ग्रामीण जनता का लाभ हो सके मेरे विधायक निधि से ग्रामीण ऑन की म ांग पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यों का निर्माण किया जा रहा है। इन सभी योजनाओं के द्वारा गांव का विकास एवं ग्रामीणों का मांगो का कार्य किया जा रहा है।

# हिंडालको ने वृद्धजनों एवं जरूरतमंदों के बीच 1200 कंबल का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बढ़ते ठंड से बचाव के लिए वृद्धजनों एवं जरूरतमंदों के बीच हिंडालको सीएसआर कार्यक्रम के तहत खनन क्षेत्रों में कंबल का वितरण किया जा रहा है। बगडू में सीएसआर विभाग के वरीय अधिकारी भास्कर सिन्हा की अगुवाई में 150 कंबल वितरण किए गए। गुरुकुल शांति आश्रम में अध्ययनरत ब्रह्मचारियों को सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार एवं आचार्य शरचचन्द्र आर्य की उपस्थिति में की गई। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक खान राज सिन्हा ने कहा कि बढ़ती ठंड बचाव में कंबल सहायक होगा। इसी तरह गुरदरी में महाप्रबंधक सुरक्षा अजय पाण्डेय कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित हुए। हिंडालको सीएसआर कार्यक्रम का निर्देशन कर रहे सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने बताया कि बगडू, पाखर, सेरेंगदाग, बिमरला, चिरोडीह, कुजाम, गुरदारी, अमतीपानी आदि खनन क्षेत्र तथा टोरी व रिचुघुटा साइडिंग के समीपवर्ती ग्रामों में 1200 कंबल सीएसआर अधिकारियों के नेतृत्व में वृद्धजनों एवं अत्यंत जरूरतमंदों के बीच वितरित किए जा रहे हैं। आशा है कंबल वितरण से लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। कंबल वितरण कार्यक्रम में भास्कर सिन्हा, भास्कर दास गुप्ता, रामावतार पासवान, अभय भारती, राकेश तिवारी, मनोज चौधरी, दीपक सिंह, बिरेंद्र यादव, खुदिया कुमार व अन्य सहकर्मी आदि का सहयोग से किया जा रहा है।

# विकसित भारत संकप्ल यात्रा के वर्चुअल संवाद में शामिल हुए श्रद्धानंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बोलवा प्रखंड में वर्चुअल विकसित भारत संकल्प यात्रा लाइव लाभार्थियों का सीधा वार्तालाप प्रसारण कार्यक्रम प्रभारी सह पुर्व भाजपा सिमडेगा विधानसभा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा की उपस्थिति में बोलवा भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सह समसेरा पंचायत मुखिया सुरजन बड़ाईक के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का लाभार्थीयों से सीधा प्रसारण संवाद का कार्यक्रम देखा गया। कोलेबिरा विधानसभा के बोलवा प्रखंड में बुथ नम्बर 262 में प्रधानमंत्री जी का लाइव संवाद कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रभारी श्रध्दानंद बेसरा, बोलवा प्रखंड अध्यक्ष एवं मुखिया सुरजन बड़ाईक, सहित प्रखंड सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार जयसवाल, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य दीप नारायण दास, युवामोर्चा प्रखंड अध्यक्ष किशोर कुमार सिंह, ग्राम प्रधान एवं सरना समिति अध्यक्ष मोतीराम सेनापति, वार्ड मेम्बर 6 सदस्य हीरा बड़ाईक, गोविंद सिंह सुखदेव सिंह, सचिन लोहरा, धीरन सिंह, संजीत बड़ाईक, तनुरजय कालो, अमित बड़ाईक, रमेश बड़ाईक उपेन्द्र सिंह, ललिया सिंह राजेंद्र सिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी श्री बेसरा ने कहा कि इस टीवी लाइव संवाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने लाभार्थियों से सीधे बातचीत के जरिए केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले योजनाओं की जानकारी लिए एवं उनकी योजना के प्रति लाभार्थियों की भावनाओं से रूबरू हुए। इस कार्यक्रम के जरिए मोदी जी के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सबल मिलेगा। बोलवा अध्यक्ष सह मुखिया सुरजन बड़ाईक ने लोगों का अभिवादन एवं योजनाओं संबंधित जानकारी के पश्चात धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आभार जताया।

# गोटूल केंद्र के शिक्षकों का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ गोंडवाना वेलफेयर सोसायटी सिमडेगा के अध्यक्ष भूमका तिरुमल देवनंदन प्रधान, उपाध्यक्ष जयसिंग प्रधान,शशि प्रधान, के द्वारा छः कुली पूजा अर्चना कर और सप्त रंगी झण्डा फहरा कर किया गया। इस अवसर पर दक्षिणी छोटानागपुर गोंड आदिवासी महासभा हेठगद्दी के कला संस्कृत मंत्री एवं शिक्षक राजनाथ मांझी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी झारखंड के संस्थापक तिरुमल प्रफुल बेसरा, शिक्षक तिरुमल देवनंदन प्रधान और शिक्षक शिवनंदन प्रधान, नरेश बेसरा, अनुज बेसरा, दीपक मांझी और प्रशिक्षु शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित थे। प्रशिक्षण शिविर के आयोजकों ने बताया कि चार दिवसीय इस शिविर में विभिन्न गोटूल केंद्र के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित होंगे जिन्हे समाज के ही सफल चयनित शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए अलग -अलग विषयों के लिए प्रशिक्षण चयनित किये गए हैं। शिविर के अंतिम दिन गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी का वार्षिक सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन होगा जहाँ प्रशिक्षु शिक्षकों को सम्मानित करते हुए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया जायेगा। गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष देवनंदन प्रधान ने बताया कि इस इस शिविर का उदेश्य समाज में एक उद्देश्य को स्थापित करना हैं। प्रशिक्षुओं को इस चार दिवसीय शिविर में इस तरह से प्रशिक्षित किया जायेगा जो गाँव- समाज में एकता-बंधुत्व और शिक्षित समाज गढ़ने में अपना भूमिका निभायेंगे। सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर बालसिंह प्रधान ने गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी का उदेश्य को बताते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को बढ़ावा देना ही हमारा उद्देश्य है इसलिए हम यह कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

# कांग्रेस की स्थापना दिवस को लेकर कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद की अध्यक्षता में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद के अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाने हेतु बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से आज 28 दिसंबर को कांग्रेस की स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने हेतु चर्चा की गई एवं रूपरेखा तैयार की गई। इस निमित निर्णय ली गई कि जिले के सभी प्रखंड पंचायत एवं बुथ स्तर पर झंडोतोलन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंड अध्यक्षों पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी के कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश जारी किया गया। साथ ही सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं सभी प्रखंड प्रभारी को दिशा निर्देश जारी की गई कि अपने-अपने जिम्मेवारी के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनावे। बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोहन दुबे, सचिव कुणाल अभिषेक, महिला कांग्रेस के अध्यक्ष सीमा परवीन, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव, किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी, सेन्हा के मंडल अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय नायक, रंजीत साहू, अयूब खान, मदन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# मजलिसे अम्मा की बैठक आज सभी मेंबरों से शामिल होने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया मजलिसे अम्मा की बैठक आज दिनांक 28 दिसंबर गुरुवार को अंजुमन के सदर हाजी अफसर कुरैशी की अध्यक्षता में अंजुमन अस्पताल में सुबह 11:00 से रखी गई है। बैठक में अंजुमन इस्लामिया मजलिसे अम्मा के सभी सदस्यों से शामिल होने की अपील की गई है। बैठक की अध्यक्षता अंजुमन सदर हाजी अफसर कुरैशी और बैठक का संचालन नाजिमें आला हाजी अब्दुल जब्बार करेंगे।

# एमएल अग्रवाल एवीएम इंटर कॉलेज की छात्राओं की सरस्वती यात्रा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बुधवार को ऑर्गेनिक फार्मिंग के गुरु सीखें। कॉलेज के सरस्वती यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत 20 छात्राओं को केंचुआ खाद (वर्मी कंपोस्ट) फार्म ले जाया गया। वहां संबंधित विषय के विशेषज्ञ दिनेश चांद ने छात्राओं को ऑर्गेनिक फार्मिंग के गुर सिखाये। छात्राओं ने सीखा कि जैविक खाद से कैसे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ा सकते हैं और उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं। बालिका शिक्षा विभाग की प्रमुख ऋद्धि मिश्रा व अर्थशास्त्र की आचार्य अर्चना कुमारी के नेतृत्व में यह सरस्वती यात्रा संपन्न हुई। छात्राओं में कनक दीप, कशिश कुमारी, पलक कुमारी, कमला कुमारी, पूर्णिमा भगत, रागिनी भगत, मनीता कुमारी, रेशमी कुमारी, मानसी कुमारी, समृद्धि कुमारी, ज्योति प्रिया कुजूर, अंजली कुमारी, सलोनी कुमारी, मुनिका कुमारी, पूजा कुमारी, काजल कुमारी, रंजीता टोप्पो, अनिमा कुमारी, किरण कुमारी, अंजली कुमारी उपस्थित थी।

# कंपकपांती ठंड से जनजीवन परेशान, अंचल कार्यालय से प्राप्त अलाव से मिल रही है लोगों को राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के सभी पंचायतों मे इन दिनों कंपकपांती ठंड से लोगों का जीना जहाँ एक और दूभर हो गया है, वहीं कुहासा से सूर्य की किरणें भी सुबह 10 बजे के बाद अपनी छटा धरती पर विखेर रही है। ठंड से निजात पाने के लिये जगह-जगह पर चौंक चौराहे मे अंचल कार्यालय कैरो की और से अलाव की भी व्यवस्था की गई है। उक्त संबंध मे कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचल अधिकारी पवन कुमार महतो ने प्रेस संवाददाता को बताया कि इन दिनो प्रखंड क्षेत्र मे ठंड तो बढी जरुर है, इससे लोगों को निजात के लिये प्रखंड क्षेत्र के हनहट, नयाटोली चौंक, कैरो चौंक, और नगजुवा रेलवे स्टेशन पर अंचल कार्यालय की और से अलाव की व्यवस्था की गई है। मौके पर अलाव वयवस्था पर उपस्थित ग्रामीण रसीद खान, मोजाहिर अंसारी, दशा उराँव, अरविंद साहू, अनिल ठाकुर बृद्ध धनेश्वर साहू, राम सेवक साहू इत्यादि का कहना है कि सरकार के द्वारा प्राप्त अलाव व्यवस्था से बढ़ती ठंड से अलाव के पास रहते भर तो राहत मिलती है, परंतु घर जाने के बाद शाम होते ही बिस्तर पर दूबकना पड़ रहा है।

# चंदलासो एवं ककरगढ़ पंचायत में आयोजित हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन आज कुडू प्रखण्ड के चंदलासो एवं ककरगढ़ पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना,पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। उपस्थित जनसमूह में नववर्ष का कैलेंडर तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित बुकलेट का वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम में प्रखण्ड के कर्मी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह चरम पर है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में अयोध्या से आए पूजित कलश सह अक्षत वितरण कार्यक्रम का आयोजन सतबहनी मंदिर एवम ठाकुर बाड़ी सुकुरहुटू ग्राम में स्थानीय राम भक्तो के बीच किया गया। आगामी 1 जनवरी से 15 जनवरी तक अक्षत वितरण कार्यक्रम के साथ 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन देव स्थलो, मंदिरो में पूजा अर्चना, भजन कीर्तन, भंडारा के साथ संध्या में दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व कलश के सुकुरहुटू ग्राम पहुंचने पर स्थानीय राम भक्तो ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष विकास शाहदेव, संजय चौधरी, प्रदीप वैद्य, सुजीत वैद्य, अजय वर्मा, मोहन साहू, विजय सिंह, चंद्रशेखर सिंह, सुदर्शन पाल, बिनोद साहू, नितेश कुमार, आदि मौजूद थे।

# पहली जनवरी से पीडीएस दुकानदारों का अनिश्चितकालीन हड़ताल, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** फेयर प्राईस डीलर्स एसोसिएशन झारखण्ड प्रदेश के निर्देशानुसार कैरो प्रखण्ड के सभी पीडीएस दुकानदारो ने 27 दिसंबर बुधवार को बैठक कर यह निर्णय लिया कि पहली जनवरी 2024 से पूरे झारखण्ड में पीडीएस दुकानदार अपनी मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं इस निमित कैरो प्रखण्ड के सभी पीडीएस दुकानदार मिलकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया और 1 जनवरी से कैरो प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदार अपना-अपना दुकान बंद रखने का निर्णय किया। अपनी मांग पत्र मे सभी डीलर को 50000 हजार प्रति महीना कमीशन। सभी डीलर को 500000 लाख बीमा की गारंटी। अनुकम्पा में उम्र सीमा बाध्यता को निरस्त किए जाए। पीएमजीकेवाई का बकाया कमीशन 2021-22 का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। खाली जुट बोरा जो कोविड काल में जो लिया गया है उसका भुगतान किया जाय। राज्यखाद्य निगम के गोदाम से शुद्ध तौल के साथ जुट बोरा छोड़ शुद्ध वजन दीया जाये। दुकानदारों को प्रति क्विंटल सोकती बर्बादी सोटेज 5 प्रतिशत दीया जाय और अन्य मंगो व्रता के समय रखी जाएगी ज्ञापन सौंपने के समय निम्नलिखित पीडीएस दुकानदारो उपस्थित थे। लखन उरांव, दीपक साहू, नसीर आलम, बर्जकिशोर साहु, सुरेन्द्र साहु, मो खुर्शीद मनिदर शाह, सोमा उरांव, रामकेशवर उरांव, चम्पा महिला मंडल, चेतना महीला मंडल, जयदुर्गा महीला मंडल, अब्दुल आलम, रजनी महीला मंडल, रोशनी महीला मंडल इत्यादि सभी पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

# बालू से तेल निकालना बंद करें अधिकारी : लाल गुडडू नाथ शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि कुडु प्रखंड में बालू को लेकर अधिकारी खासकर कुडु अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह जरूर से ज्यादा ही जनता को परेशान कर रहे हैं,जबकि सरकार कहती है कि सरकारी आवास और सरकारी काम नहीं रुकने चाहिए, उसके लिए भी लोग बालू उपाय करते हैं तो जनता को परेशान किया जा रहा है और इतनी तत्परता तो अपराधियों को पकड़ने में भी नहीं दिखाई जाती है जितनी कि बालू को रोकने में दिखाई जा रही है। लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अधिकारी जो जनता को जानबूझकर परेशान कर रहे हैं उनका वहां से तबादला किया जाए और आम जनता को बालू कैसे उपलब्ध होगा उस पर एक नियम बनाते हुए बालू उपलब्ध कराया जाए और दूसरी ओर÷ बालू से तेल निकालने ÷की जहां तक बात है तो हाईवा भर भर कर रांची राजधानी बालू पहुंच रहा है उसको देखने वाले सरकार के कोई भी अधिकारी नही है और मुख्यमंत्री के नाक तले यह काम चल रहा हैं। लेकिन कोई भी उधर झांकने को तैयार नहीं हैं,लगता है कि वहां पर बालू से तेल निकल रहा हैं और यहां पर अगर बालू को बालू की तरह उपयोग किया जाता है तो उस पर तानाशाही रवैया अपनाया जाता है । अगर स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो आजसू पार्टी चरणबध्द तरीके से आंदोलन करेगी जिसकी सारी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी।

## बिजली समस्या को लेकर पूर्व मंत्री एनोस एक्का को ग्रामीणों ने बुलाया गांव

# सरकार बनने के बाद 4 साल हो गए, ग्रामीण छोटी-छोटी समस्याओं के लिए जूझ रहे : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ग्रामीणों के ट्रांसफर की समस्या को लेकर कोलेबिरा प्रखण्ड के अघरमा पंचायत के सोखाटोली गांव पहुचे पूर्व मंत्री जो सरकार जहां उन्होंने विभिन्न टोलो से आए ग्रामीणों के समस्याओं से रूबरू हुए जहां ग्रामीणों ने सड़क बिजली पानी आदि की समस्याओं से पूर्व मंत्री एनोस एक्का से अवगत कराया जहां छोटा ट्रांसफार्मर होने के कारण हमेशा विद्युत की समस्याएं बनी रहती है किसान अपने खेत में पानी नहीं पटा पाते हैं बच्चे अंधेरे में पढ़ने पर विवश हो जाते हैं। वही ग्रामीण महिला ने बताया बाजार से जब घर आते हैं तो घर अंधेरा रहता है मिट्टी तेल भी 2 लीटर मिलती है जिससे पूरा महीना नहीं चल पाता है और हम लोगों को अंधेरा में रहना पड़ता है वहीं विभिन्न गांव से आए ग्रामीणों ने बिजली की समस्या को तत्काल हल करने की गुजारिश की गई। साथ ही यह भी कहा गया कि कई बार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई पर समस्या का समाधान नहीं हुआ । इस दौरान पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने लोगों की परेशानी को गहराई से लेते हुए कहा वे जल्द इस समस्या के लिए अधिकारियों से बात करेंगे ओर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की कार्रवाई हर हाल में करेंगे। अवसर पर उन्होंने कहा जाति धर्म से ऊपर उठकर आप सभी मतदान करें राष्ट्रीय पार्टियों जाति धर्म के नाम पर वोट मांगती है और सरकार बनने के बाद आपके गांव तक नहीं पहुंच पाती जो आप देख रहे हैं। प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं है सरकार बनने के बाद 4 साल हो गए ग्रामीण छोटी-छोटी समस्याओं के लिए जूझ रहे हैं यह बहुत शर्मनाक बात है।

**चलते चलते एक नजर**

## 7 को श्री कृष्ण मंदिर के प्रांगण मे 151 जोडो का आदर्श सामुहिक विवाह होगा : प्रणामी समाज

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अगामी 7 जनवरी 2024 रविवार को संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण मंदिर के प्रांगण मे 151 जोडो का आदर्श सामुहिक विवाह करायेगा। संस्था के सदस्यो ने रजिस्ट्रेशन फार्म का विमोचन कर रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रारंभ किया आज ही संस्था के सदस्यो ने आदर्श सामुहिक विवाह हेतु 31 जोडो का सफल रजिस्ट्रेशन किया गया। फार्म विमोचन कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी,प्रमोद सारस्वत, विशाल जालान, सज्जन पाडिया ओम प्रकाश सरावगी, सुरेश कुमार चौधरी,शिव भगवान अग्रवाल, बिष्णु सोनी, पवन पोद्दार (ताउ) एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## कोल इंडिया मैराथन प्रतियोगिता 11 फरवरी मोराबादी में

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:कोल इंडिया के सीएमडी डॉक्टर बी वीरा रेड्डी ने कहा कि 11 फरवरी 2024 को मोराबादी मैदान में कोल इंडिया मैराथन का आयोजन होगा । जिसमें उम्मीद है कि 10000 से अधिक एथलीट भाग लेंगे ,उन्होंने कहा कि वेबसाइट के लांचिंग के बाद इसमें एथलीट अपना रजिस्ट्रेशन 26 जनवरी तक कर सकते हैं । इसमें फुल मैराथन 42 किलोमीटर, हाफ मैराथन 20 किलोमीटर ,10 किलोमीटर और रन फन 5 किलोमीटर का आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर खेल जगत के प्रसिद्ध लोगों को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार से पूरा सहयोग मिल रहा है ।झारखंड के लिए यह गौरव की बात है। लोगों के सर्वांगीण विकास और खेल पर हमेशा सीसीएल का फोकस रहा है। इस मैराथन से पूरे समाज को जोड़ा जा सकता है । लोगों में खेल भावना आए इसी उद्देश्य से इस तरह का आयोजन किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि प्रथम सात विजेताओं को इनाम दिया जाएगा इनाम की कुल राशि 29 लाख 70000 रुपए रखी गई है।

## पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: गोंदा थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 130 पुडिया ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने बुधवार को बताया कि युवक की गिरफ्तारी सीसीएल गांधी नगर स्थित जूनियर डीएवी स्कूल के पास से हुई। युवक का नाम प्रशांत है। वह मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद का रहने वाला है, और वर्तमान में ब्लैक डायमंड अपार्टमेंट गांधी नगर क्वार्टर नंबर-जी-1 में रहता हैं। उन्होंने बताया कि प्रशांत सिंह के पहने हुए कपड़े की तलाशी ली गई तो पैंट के दोनों पॉकेट से कुल 130 एल्युमिनियम फाइल कोटेट छोटा पुड़िया मिला। पुडिया की जांच करने पर ब्राउन शुगर मिला। विधिवत सूची तैयार कर जब्त किया गया। जब्त ब्राउन शुगर के संबंध में पूछताछ करने पर उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और कागजात प्रस्तुत नहीं किये।

### सीएम हेमंत सोरेन सरकार के 4 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में 29 दिसंबर को होगा भव्य कार्यक्रम

# राज्यस्तरीय कार्यक्रम कल, तैयारी अंतिम चरण में


*** सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे ने तमाम तैयारियों का लिया जायजा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने बुधवार को मोहराबादी मैदान में 29 दिसंबर 2023 को आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तमाम तैयारियों का जायजा लिया।
इस क्रम में उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा,अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समहर्ता केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला जन संपर्क पदाधिकारी प्रभात शंकर एवं इस आयोजन से जुड़े तमाम अधिकारी उपस्थित थे। सचिव विनय कुमार चौबे द्वारा जायजा के क्रम में कार्यक्रम को लेकर अब तक गयी तमाम तैयारियों की सारी जानकारी लेते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सम्बंधित अधिकारियों से विशेष रूप से कहा की यह आयोजन भव्य तरीके से बिना किसी परेशानी से संपन्न हो। इसको लेकर हर एक तैयारी का बारीकी से निरीक्षण करें।
ताकि यह कार्यक्रम भव्य तरीके से सम्पादित हो सकें। श्री चौबे ने कहा की यह कार्यक्रम राज्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस भव्य कार्यक्रम में भारी भीड़ होगी जिसके लिए तमाम व्यवस्था चाक-चौबंद रखने की आवश्यकता है। लोग इस भव्य कार्यक्रम के साक्षी बनेगें। उन्हें कार्यक्रम देखने में कोई असुविधा ना हो उसके लिए कार्यक्रम स्थल पर जगह-जगह कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट, के लिए अतरिक्त एलईडी की व्यवस्था रखनी होगी। जिसके लिए सम्बंधित अधिकारी को उनके द्वारा दिशा-निर्देश दिया गया। श्री चौबे ने सभी इस कार्यक्रम को लेकर सभी सम्बंधित अधिकारी व पदाधिकारियों से कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी लेते हुए सभी को निर्देश देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम भव्य तरीके से संपन्न हो।
जितने भी व्यवस्था इस कार्यक्रम को लेकर किए गए है। वह तमाम व्यवस्था सुनिश्चित रूप से पूरा हो जाए एवं कार्यक्रम भव्य तरीके से हो यह सभी सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी है।

## दिल्ली में मिला कोरोना के जेएन.1 वैरिएंट का पहला मामला



**नई दिल्ली :** दिल्ली में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन.1 का पहला मामला सामने आया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इसकी पुष्टि की है। भारद्वाज ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए तीन नमूनों में से एक में जेएन.1 और दो में ओमीक्रॉन की पुष्टि हुई है। इसी के साथ दिल्ली के अस्पतालों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। पिछले 24 घंटे में देशभर में कोरोना के जेएन.1 के 109 मामले सामने आए हैं। कोरोना से तीन मरीजों की मौत भी हुई है।

## विभागीय जांच के बाद शुरू हुआ सुलतानी का माउंटेन व्यू बार सह रेस्टोरेंट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सुल्तानी गांव के समीप माउंटेन व्यू बार सह रेस्टोरेंट बुधवार को विभागीय जांच के बाद खुल गया है। हरिहरगंज का एकमात्र बार कुछ दिन पहले विभागीय जांच के बाद सील कर दिया था। बार बंद होने के बाद बार में जाने वाले ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, दुबारा बाहर खुलने के बाद ग्राहकों की भीड़ बार में लगने लगी, बार बंद होने से राज्य सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा था । माउंटेन व्यू बार सह रेस्टोरेंट के संचालक सुधीर कुमार सिंह ने बताया की कुछ दिन पहले जांच के क्रम में बार को सील कर दिया गया था, पूरे मामले की उच्च पदाधिकारियों के जांच के बाद बार खोलने का आदेश दिया गया है उसके बाद बार चालू हो गया है। उन्होंने कहा की पलामू जिला की इतनी बड़ी आबादी में मात्र तीन बीयर बार को सरकार द्वारा लाइसेंस दिया गया है। माउंटेन व्यू बार सह रेस्टोरेंट का संचालन सरकार के नियमों के अनुसार हो रहा था। जिससे सरकार को राजस्व कि प्राप्त हो रही थी। आसपास क्षेत्र के लोगों को शादी विवाह बर्थडे सहित अन्य कार्यक्रम इस बीयर बार में सुविधा के हिसाब से करते थे। लेकिन शराब माफियाओ की नजर लग गई थी शराब माफियाओं ने बीयर बार को गलत तरीके से शील करवाने में कामयाब हो गए थे, उन्होंने कहा की मामले की जांच के बाद पदाधिकारियों ने दुबारा बार खोलने कारण आदेश जारी किया है।

# जीएन कान्वेंट स्कूल में वीर बाल दिवस आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** वीर बाल दिवस के मौके पर स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में कार्यक्रम आयोजित की गयी। आयोजित कार्यक्रम में सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन के पश्चात वीर बालकों साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित की गयी।
मौके पर निदेशक ने कहा कि यह दिन समर्पित है गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया। उन्हें मुगलिया फौज के सेनापति वजीर



खान ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया था लेकिन उनके मुँह से उफ तक नहीं निकली। इनके पिता सिखों के दसवें गुरु के साथ-साथ संत एवं दार्शनिक ही नहीं बल्कि एक कुशल योद्धा भी थे जिन्होंने बर्बर मुगल बादशाह औरंगजेब के विरुद्ध कई युद्ध लड़े। उन्होंने अपने परिवार का बलिदान दे दिया लेकिन मुगलों के सामने नहीं झुके। बच्चों के बीच देशभक्ति का भाव भरने का एक उत्तम कार्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संजीव कुमार, मुकेश भारती, अजय कुमार, नीरा शर्मा, सुषमा तिवारी, रिजवाना शाङ्किन, सरिता दूबे, निलम कुमारी, शिवानी कुमारी, संतोष, प्रसाद आदि की भूमिका रही।

# देश से गरीबी दूर करना मोदी सरकार का मुख्य लक्ष्य : वीडी राम

*** विकसित भारत संकल्प यात्रा पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत सुठा एवं लोइगा पहुंची**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विकसित भारत संकल्प यात्रा पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत सुठा एवं लोइगा पहुंची। वतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने आमजनो को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी आप सभी के पंचायतो में पहुंची है। केंद्र कि मोदी सरकार द्वारा गरीबों महिलाओं युवाओं किसानो के लिए चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहा है। जो भी लाभुक योजनाओं से वंचित रह गए हैं वे सभी समयबद्ध इसका लाभ ले सके। देश में अमृत काल चल रहा है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र बनाना। देश को समृद्ध बनाने में गांव गरीब




दलित किसान महिला युवा को आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक है। इसी को लेकर केंद्र की मोद सरकार सैकड़ो योजनाएं चला रही हैं। जो धरातल पर उतार भी रही हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति अंत्योदय तक विकास की किरण पहुंचे उनका जीवन स्तर सुवस्थित हो। इसी का प्रयास केंद्र की मोदी सरकार कर रही है। देश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है गरीबी मिटाना मोदी सरकार का लक्ष्य है। विकसित भारत बनाने के लिए कृत संकल्पित मोदी सरकार सड़क बिजली पानी सिंचाई शिक्षा स्वास्थ्य रेलवे एवं अन्य क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है जिसका लाभ हम सभी को मिल रहा है। आज यशस्वी प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों के लाभार्थियों से सीधी बात करते हुए वंचित योग्य लाभुकों तक जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का आग्रह भी किया। सब लोग आत्मनिर्भर बनेंगे तभी देश विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनेगा। यही मोदी जी का सपना है। यह हम सभी के प्रयास से ही संभव है।

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने ओबीसी आरक्षण पर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को तलब किया

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को समन जारी कर 16 जनवरी को तलब किया है। समन में मुख्य सचिव को पूर्वाह्न 11 बजे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा गया है। मंडल मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने ओबीसी आरक्षण को 17 से बड़ाकर 22 प्रतिशत करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ओबीसी आरक्षण को 17 से बड़ाकर 22 प्रतिशत करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है अतएव ओबीसी के आरक्षण को 17 से बड़ाकर 22 प्रतिशत कर दिया जाए। वहीं पश्चिम बंगाल सरकार ने आयोग को अपने लिखित उत्तर में बताया था कि राज्य सरकार ने इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है।

# अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय सेमीफाइनल में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 12वें दिन जूनियर वर्ग के क्वाटर फाइनल में जवाहर नवोदय विद्यालय ने ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल रेहला को 78 रनो से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जवाहर नवोदय विद्यालय के अभिषेक कुमार गुप्ता को चाईबासा के जज सह गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी बिनोद कुमार, चिकित्सक सह पूर्व खिलाड़ी डॉ. पंकज प्रभात के द्वारा दिया गया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में जवाहर नवोदय विद्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक के 33 ओर सुशील के दस रनो के सहयोग से 119 रनो का स्कोर खड़ा किया। ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल की और से शहनवाज ने चार खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान




निकेतन कॉन्वेंट स्कूल रेहला की टीम ने 41 रनो पर ही सिमट गई। जवाहर नवोदय विद्यालय की और से अभिषेक कुमार गुप्ता ने तीन विकेट लिया। मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जज विनोद कुमार ने कहा कि खेल के दौरान आप मैदान में कई तरह के दबाव को झेलते हैं। यही दबाव आपको भविष्य में किसी भी क्षेत्र में दबाव को झेलने में सक्षम बनाएगी। डॉक्टर पंकज ने कहा की खेलने में जो बेहतर है वह पढ़ने में और उसका जीवन भी बेहतर होगा। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, प्रवीण मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान, विशाल कुमार, आलोक, आदित्य शुक्ला, धीरज, आदित्य तिवारी, दिव्य रंजन, अमित उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

# सैम पित्रोदा के बयान को भाजपा ने बताया कांग्रेस की हताशा का परिणाम




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को लेकर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे कांग्रेस की हताशा करार दिया है। भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि सैम पित्रोदा जैसे लोगों का भारत से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने ईवीएम और राम मंदिर पर भी सवाल उठाए हैं। विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद कांग्रेस आत्मंथन के बजाय बहाने ढूंढ रही है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि सैम को भगवान राम पर विश्वास न हो।
सैम पित्रोदा जैसे लोगों को हमारी संस्कृति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि ये वे लोग हैं जिनके लिए भगवान राम केवल एक काल्पनिक चरित्र थे। सैम पित्रोदा जैसे लोग इस देश और इस देश के लोकाचार और मूल्यों से कटे हुए हैं। अगर वे जुड़े होते तो उन्हें रामराज्य की अवधारणा समझ में आती। एक के बाद चुनावों में करारी हार के बाद वो बहाने ढूंढ रही है, लेकिन हार का कारण नहीं। सैम पित्रोदा ने कहा था कि राम मंदिर के दर्शन के लिए जाना ठीक है लेकिन आप उसे मुख्य मंच नहीं बना सकते।
40 प्रतिशत लोग भाजपा को वोट देते हैं। 60 प्रतिशत लोग भाजपा को वोट नहीं देते हैं। नरेन्द्र मोदी हर किसी के प्रधानमंत्री हैं, किसी पार्टी के प्रधानमंत्री नहीं हैं और यही संदेश भारत के लोग प्रधानमंत्री से चाहते हैं।
उन्होंने कहा कि लोगों को तय करना होगा कि असली मुद्दे क्या हैं- क्या राम मंदिर असली मुद्दा है? या बेरोजगारी एक असली मुद्दा है। क्या राम मंदिर ही असली मुद्दा है या महंगाई असली मुद्दा है। क्या राम मंदिर असली मुद्दा है या दिल्ली में वायु प्रदूषण असली मुद्दा है?

## डीएसपीएमयू के असिस्टेंट प्रोफेसर नाग सस्पेंड, घूस लेकर क्लास देने का आरोप

**रांची :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अशोक नाग को सस्पेंड कर दिया गया है। राजभवन के आदेश के बाद उन्हें सस्पेंड किया गया है। एक सप्ताह पहले अशोक नाग को यूके मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के डायरेक्टर पद से हटाया गया था। डॉ. अशोक नाग पर चार शिक्षकों ने घूस लेकर क्लास देने का आरोप लगाया था। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग (राजभवन) से भी इसकी शिकायत की थी, जिसके बाद डीएसपीएमयू ने एक जांच कमेटी का गठन किया था लेकिन उस कमेटी ने जांच करने से इनकार कर दिया। इसके बाद फिर से एक कमेटी गठित की गयी, जिसने जांच के बाद रिपोर्ट जमा कर दी है। इधर, अशोक नाग पर आरोप लगाने वाले शिक्षकों को भी अब झारखंड के किसी भी विश्वविद्यालय में पढ़ाने नहीं दिया जायेगा। अशोक नाग दो बार कांके विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं।

# पहलवान दीपक पूनिया के गांव पहुंचे राहुल गांधी, अखाड़े में सीखे कुश्ती के दांव-पेच

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवान लगातार एक्शन लेने की मांग कर रही हैं. उनका कहना है कि यौन शोषण के आरोपी के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए. जब बृजभूषण के करीबी संजय सिंह बबलू को फेडरेशन का नया अध्यक्ष चुना गया तो उसके विरोध में साक्षी मलिक ने कुश्ती छोड़ने का फैसला किया, वहीं बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री पीएम आवास के सामने छोड़ दिया और विनेश फोगाट ने अपना अर्जुन अवार्ड और मेजर ध्यानचंद खेल पुरस्कार छोड़ने का ऐलान कर दिया. इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहलवानों से मिलने के लिए हरियाणा के पहलवान दीपक पूनिया के गांव पहुंच गए हैं.राहुल गांधी ने छारा गांव में पहुंचकर वीरेंद्र अखाड़े में पहलवानों से मुलाकात की. इस



दौरान कांग्रेस नेता के साथ बजरंग पूनिया भी मौजूद रहे. छारा गांव पहलवान दीपक पूनिया का गांव है, जोकि झज्जर जिले में आता है. बता दें कि दीपक और बजरंग पूनिया ने इसी वीरेंद्र अखाड़े से अपनी कुश्ती शुरू की थी. इस दौरान राहुल ने पहलवानों के अखाड़े में पहुंचकर उनकी कसरतों और उनके करियर में हो रही समस्याओं के बारे में जाना. राहुल के इस दौरे में उनके साथ बजरंग पूनिया भी दिखाई दिए, जोकि कुश्ती संघ के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन के मुख्य चेहरों में शामिल हैं. इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि राहुल के साथ पहलवानों की बात सुनी. पहलवान बजरंग पूनिया ने बताया, राहुल गांधी यहां पहलवानों का रूटीन देखने के लिए आए था कि उनका जीवन कैसा होता है. इस दौरान उन्होंने एक्सरसाइज भी की. राहुल गांधी बुधवार की सुबह करीब सवा छह बजे पहुंच गए थे. यहां उन्होंने देखा कि पहलवान एक्सरसाइज कैसे होती है. उन्होंने पहलवानों के साथ मिलकर एक्सरसाइज भी की और उनसे दांव भी सीखे और जाना कि कुश्ती में प्वाइंट कैसे लिए जाते हैं. राहुल ने सुबह-सुबह बाजरे की रोटी खाई, हरा साग खाया. बजरंग ने बताया कि उन्होंने मेरे साथ ही कुश्ती की थी.